
हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • सोमवार • 02.03.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 216 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये
RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

# मारे गये ईरान के सुप्रीम लीडर

## खामेनेई का शव मलबे के नीचे मिला, ईरान के टॉप 10 लीडर भी इजरायली हमले में ढेर

एजेंसी



**तेहरान :** अमेरिका और इजराइल के हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने का दावा किया जा रहा है। इतना ही नहीं, शनिवार को हुए घातक हमले में खामेनेई के साथ ईरान के 10 टॉप लीडर्स के भी मारे जाने की खबर है। अमेरिकी इंटेलिजेंस का अनुमान है कि ईरान के सुप्रीम लीडर के साथ 5-10 टॉप लीडर भी मारे गए हैं। हालांकि, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पूछा गया कि क्या ईरानी लीडरशिप मारी गई, तो उन्होंने कहा, हां, बहुत कुछ मारी गई है। लेकिन हम सब नहीं जानते, लेकिन बहुत कुछ मारी गई है। यह बहुत ताकतवर हमला था। सैन्य अभियान शुरू होने के बाद से खामेनेई सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए हैं. द जेरूसलम पोस्ट के मुताबिक, शनिवार शाम को सीनियर इजराइली अधिकारियों को बताया गया कि ईरान के सुप्रीम लीडर, अयातुल्ला अली खामेनेई, तेहरान पर इजराइली एयरस्ट्राइक में मारे गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि सीनियर इजराइली अधिकारियों को यह भी बताया गया कि ईरान के सुप्रीम लीडर की बॉडी एयर स्ट्राइक से बने मलबे के नीचे मिली है। रॉयटर्स ने भी एक सीनियर इजराइली अधिकारी के हवाले से बताया कि ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत हो गई है और उनकी बॉडी मिल गई है। इस बीच, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी शनिवार को कहा कि अली खामेनेई के मारे जाने के संकेत मिल रहे हैं। नेतन्याहू ने टेलीविजन पर प्रसारित संबोधन में कहा कि हमलों में खामेनेई के परिसर को निशाना बनाया गया. उन्होंने कहा, इस बात के संकेत बढ़ रहे हैं कि खामेनेई की मौत हो गई है।

### खामेनेई की मौत पर 40 दिन का राजकीय शोक सात दिन की छुट्टी घोषित


ईरान पर अमेरिका और इजराइल के हवाई हमले में इस्लामिक क्रांति के नेता अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई की मौत पर 40 दिन का राजकीय शोक और सात दिन का सरकारी अवकाश घोषित किया गया है। ईरान के सरकारी ब्रॉडकास्टर आईआरआईबी ने रविवार सुबह कहा कि इस हमले में खामेनेई की शहादत हो गई। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, इसके तुरंत बाद ईरानी मंत्रिपरिषद ने सात दिन की सार्वजनिक छुट्टी और 40 दिन के राजकीय शोक की घोषणा की। साथ ही तीन सदस्यों वाली नेतृत्व परिषद ( मार्गदर्शक मंडल) की घोषणा भी की गई है। इरना के मुताबिक यह परिषद कुछ समय तक सर्वोच्च नेता की भूमिका का निर्वाह करेगी।

### ईरान के नए सुप्रीम लीडर का एलान, अयातुल्ला अराफी फिलहाल संभालेंगे कमान



**तेहरान :** ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे घमासान में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद खबरें आ रही हैं कि उनकी जगह पर फिलहाल अयातुल्ला अराफी इस पद को संभालने जा रहे हैं। ईरान की अंतरिम नेतृत्व परिषद में फकीह यानि धर्मविद सदस्य के रूप में उन्हें शामिल किया गया है और उन्हें अस्थायी रूप से सर्वोच्च नेता की जिम्मेदारियां संभाल ली हैं। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार, वरिष्ठ धर्मगुरु अलीरेजा अराफी को देश का अस्थायी सर्वोच्च नेता बनाया गया है। अलीरेजा अराफी की नियुक्ति अली खामेनेई की मौत के बाद की गई है। रिपोर्ट के मुताबिक वे नए सर्वोच्च नेता के चुने जाने तक देश की जिम्मेदारी संभालेंगे। इससे पहले इस पद पर अयातुल्ला अली खामेनेई थे, जिन्हें इस देश में बेहद सम्मान दिया जाता था। अमेरिका उन्हें अपना कट्टर दुश्मन मानता था लेकिन ईरान के अंदर जो संवैधानिक प्रक्रिया चलती थी, उसके मुताबिक बिना खामेनेई की आज्ञा के पत्ता भी ईरान में नहीं हिलता था। अब उनकी जगह अराफी फिलहाल संभालेंगे।

### ईरान का संयुक्त अरब अमीरात के दुबई शहर पर हमला, एयरपोर्ट का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त, कतर के दोहा में धमाके



**दुबई :** इजराइल-अमेरिका के संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैय्यद अली खामेनेई और उनके परिवार के कई सदस्यों के मारे जाने के बाद इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने आज सुबह संयुक्त अरब अमीरात के शहर दुबई पर हवाई हमला किया। इस हमले में जेबेल अली इंटरनेशनल एयरपोर्ट का बड़ा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। सोशल मीडिया में वायरल वीडियो में एयरपोर्ट के अंदर धुआं नजर आ रहा है। स्टाफ बिल्डिंग खाली कर रहा है। कतर के दोहा में भी धमाके हुए हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, दुबई में सुबह लगातार शक्तिशाली विस्फोट हुए। अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एयरपोर्ट और आसपास धुआं नजर आ रहा है। अधिकारियों ने कहा कि विस्फोट के बाद दुबई के बिजनेस बे के ऊपर एक हवाई इंटरसेप्शन से निकले मलबे से शहर के बड़ी कमर्शियल पोर्ट में आग लग गई। आग बुझाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उधर, कतर के दोहा में रविवार सुबह स्थानीय समयानुसार 7:30 बजे कई जोरदार धमाके सुने गए। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के लोग खामेनेई की मौत की आधिकारिक घोषणा के बाद सड़क पर जश्न मना रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासन बदलने के आह्वान के बाद ईरान ने अभूतपूर्व हमले की चेतावनी दी है। इजराइल की नेशनल इमरजेंसी सर्विस का कहना है कि शनिवार को देशभर में हुए हमलों में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 121 अन्य घायल हो गए। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि तेल अवीव में ईरान के मिसाइल हमले में कई लोगों की मौत हो गई।

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 17 लोगों की मौत, 18 घायल, मुख्यमंत्री ने की आर्थिक मदद की घोषणा

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में रविवार सुबह विस्फोटक निर्माण फैक्ट्री 'एसबीएल एनर्जी लिमिटेड' में हुए धमाके में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 18 अन्य गंभीर रूप से घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को तत्काल नागपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, रविवार सुबह करीब 7:15 बजे फैक्ट्री की डेटोनेटर पैकिंग यूनिट में अचानक तेज धमाका हुआ। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि यूनिट में तुरंत भीषण आग लग गई और आसपास के क्षेत्रों में दहशत फैल गई। धमाके की आवाज कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई, जिससे स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गईं। इसके साथ ही राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमों को भी राहत एवं बचाव कार्य में लगाया गया है। पेट्रोलियम एवं विस्फोटक सुरक्षा संगठन तथा औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य निदेशालय के अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। प्रशासन को आशंका है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। इस बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने घटना को अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के आश्रितों को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि सभी घायलों का इलाज राज्य सरकार के खर्च पर कराया जाएगा और घटना की उच्चस्तरीय जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस हादसे के बाद विस्फोटक निर्माण इकाइयों में सुरक्षा मानकों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

## कराची के अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर झड़प सुरक्षाकर्मियों की गोली से नौ की मौत, 18 घायल

एजेंसी

**इस्लामाबाद :** ईरान पर रविवार सुबह इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हमले में वहां के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत की खबर से पाकिस्तान में अलग-अलग हिस्सों में लोग भड़क गए हैं। हजारों प्रदर्शनकारी आज कराची स्थित अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर जमा होकर नारेबाजी की। इस दौरान हुई झड़प के बाद अमेरिकी सुरक्षाकर्मियों ने गोलियां चला दीं, जिसमें 9 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। सिंध के गृह मंत्री ने पुलिस से घटना की रिपोर्ट तलब की है। जियो टीवी ने सरकारी अस्पताल के अधिकारियों के हवाले से बताया है कि कराची में आज दोपहर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर अमेरिका और इजराइली हमलों का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प के दौरान कम-से-कम 9 लोगों की मौत हो गई और 18 अन्य घायल हो गए। अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। घटना को लेकर इस्लामाबाद स्थित



यूएस दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बयान जारी कर अपने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। इसमें कहा गया है कि, हम कराची और लाहौर में अमेरिकी वाणिज्य दूतावासों के समक्ष चल रहे प्रदर्शनों की खबरों पर नजर रख रहे हैं। साथ ही इस्लामाबाद में अमेरिकी दूतावास और पेशावर में वाणिज्य दूतावास के समक्ष प्रदर्शनों के आह्वान पर भी हमारी नजर है। पाकिस्तान में रहने वाले अमेरिकी नागरिकों को स्थानीय समाचारों पर नजर रखने और व्यक्तिगत सुरक्षा के अच्छे उपाय के साथ सतर्कता, भीड़भाड़ वाली जगहों से बचने की सलाह दी जाती है।' इससे पहले उग्र प्रदर्शनकारियों ने अमेरिका और इजराइल पर मध्य पूर्व में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए बैरिकेड तोड़े दिए। भीड़ ने अमेरिकी प्रतीकों को निशाना बनाया और दूतावास परिसर के एक हिस्से में आग लगा दी। ईधी एम्बुलेंस सर्विस के मुताबिक, 06 शव और 10 घायलों को शुरू में एमटी खान रोड से सिविल अस्पताल कराची ले जाया गया था।

## प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु के मदुरै में 4,400 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन, कनेक्टिविटी पर दिया जोर

एजेंसी

**मदुरै :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के मदुरै में 4,400 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न अवसंरचना परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाला बुनियादी ढांचा केवल निर्माण कार्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों को सशक्त बनाते हुए संपर्क सुविधा को मजबूत करता है, अर्थव्यवस्था को गति देता है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करता है। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पिछले बारह वर्षों में केंद्र सरकार ने तमिलनाडु



के राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क के विकास में व्यापक निवेश किया है। वर्ष 2014 के बाद राज्य में 4,000 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया गया है, जिससे औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क संपर्क से कृषि एवं समुद्री उत्पादों के परिवहन में तेजी आएगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने बताया कि पिछले दशक में भारतीय रेलवे में ऐतिहासिक परिवर्तन हुए हैं। वर्ष 2009 से 2014 के बीच जहां औसत वार्षिक बजट आवंटन 880 करोड़ रुपये था, वहीं वर्ष 2026-27 में यह बढ़कर 7,600 करोड़ रुपये हो गया है। राज्य में 1,300 किलोमीटर से अधिक नई रेल लाइनें बिछाई गई हैं तथा 97 प्रतिशत रेल मार्गों का विद्युतीकरण पूरा किया जा चुका है। प्रधानमंत्री ने बताया कि वर्तमान में तमिलनाडु में 9 वंदे भारत और 9 अमृत भारत ट्रेनें संचालित हो रही हैं, जिनके कोच चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्टरी में निर्मित किए जा रहे हैं। इससे आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के अवसरों में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत राज्य के 77 रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिनमें से आठ पुनर्विकसित स्टेशनों का उद्घाटन किया गया। साथ ही चेन्नई बीच-चेन्नई एग्मोर के बीच चौथी रेल लाइन राष्ट्र को समर्पित की गई, जिससे हजारों दैनिक यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि सूचना एवं संचार सुविधाओं का विस्तार लोकतंत्र को मजबूत बनाता है। तमिलनाडु में बुनियादी ढांचा विकास के लिए केंद्र सरकार का निवेश पिछले दशक की तुलना में तीन गुना बढ़ा है। बेंगलुरु-चेन्नई तथा चेन्नई-हैदराबाद बुलेट ट्रेन गलियारों के प्रस्ताव से क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।

## अंधविश्वास ने ले ली तीन वर्षीय मासूम की जान, वार्ड पार्षद समेत तीन गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**गढ़वा :** गढ़वा जिले में अंधविश्वास ने एक बार फिर एक मासूम की जान ले ली। एक तीन वर्षीय बच्चे की हत्या के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए वार्ड पार्षद सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला बारडीहा थाना क्षेत्र का है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उन्हें शक था कि मृतक बच्चे के पिता ने तंत्र-मंत्र के जरिए उनकी मां को नुकसान पहुंचाया था, जिससे उनकी मौत हो गई। आरोपी की मां की कुछ वर्ष पूर्व लंबी बीमारी के कारण मृत्यु हो गई थी, लेकिन परिजनों को यह भ्रम था कि उसकी मौत जादू-टोने की वजह से हुई है। इसी संदेह और बदले की भावना में उन्होंने इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया। योजना के तहत वार्ड पार्षद ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर बच्चे का अपहरण किया और उसके खाने में सल्फास मिलाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को घर में छिपाकर रखा गया और देर रात सुनसान होने पर उसे खेत में फेंक दिया, ताकि किसी को घटना की जानकारी न हो सके। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की मांग पर जब डॉग स्क्वॉड की टीम मौके पर पहुंची तो खोजी कुत्ता सीधे आरोपी के घर तक जा पहुंचा। इसके बाद पुलिस ने बिना देरी किए एक आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ में मामले का खुलासा हुआ और उसकी निशानदेही पर दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के घर से सल्फास की बची हुई गोलियां भी बरामद की हैं। मामले की आगे की जांच जारी है।

## एक नजर

### दिल्ली में लखपति बिटिया योजना का शुभारंभ आज

**नई दिल्ली :** महिलाओं और बालिकाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में दिल्ली सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना पर आधिकारिक मुहर लगने जा रही है। सोमवार 2 मार्च को इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में एक विशेष व भव्य कार्यक्रम हासशक्त नारी समृद्ध दिल्ली आयोजित किया जाएगा। समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी ह्यदिल्ली लखपति बिटिया योजना का औपचारिक शुभारंभ करेंगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कहना है कि यह कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण के प्रति दिल्ली सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित किया जा रहा है।

### पश्चिमी सिंहभूम में आईईडी विस्फोट सहायक कमांडेंट घायल, हालत गंभीर

**पश्चिमी सिंहभूम :** झारखंड में पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान आज सुबह आईईडी विस्फोट से 209 कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट अजय मलिक गंभीर रूप से घायल हो गए। विस्फोट इतना शक्तिशाली था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनी गई। घटना की पुष्टि पश्चिमी सिंहभूम के एसपी अमित रेणु ने की है। सुरक्षा बलों को सारंडा वन क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर 209 कोबरा बटालियन और जिला पुलिस की संयुक्त टीम सर्च ऑपरेशन के लिए जंगल में निकली थी। टीम दुर्गम और घने इलाके से गुजर रही थी, तभी जमीन के नीचे प्लांट किया गया प्रेशर आईईडी अचानक फट गया। विस्फोट की चपेट में आने से सहायक कमांडेंट अजय मलिक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। बाकी जवानों ने मोर्चा संभालते हुए पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी और सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया। किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भी बुलाया गया। वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस मुख्यालय को तत्काल सूचना दी गई। घायल सहायक कमांडेंट अजय मलिक को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए रांची एयरलिफ्ट किया गया है। एसपी अमित रेणु ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है और पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।

### मणिपुर में केसीपी और यूएनएलएफ के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल :** मणिपुर पुलिस ने शनिवार को अलग-अलग अभियान में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों के तीन कैडरों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों में केसीपी (नौंग्देनखोम्बा) का एक सदस्य तथा यूएनएलएफ (कोइरेंग) के दो सक्रिय कैडर शामिल हैं। मणिपुर पुलिस मुख्यालय से आज जारी आधिकारिक सूचना में बताया गया कि पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले के सिंगजामेई थाना क्षेत्र अंतर्गत खेमपल्ली पंखा नगानापी थोंग मामांग स्थित उसके आवास से केसीपी (नौंग्देनखोम्बा) के कैडर लाइशराम मोनिश सिंह उर्फ टॉम (23) को गिरफ्तार किया। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

## एक नजर

### विक्रम बिरहोर मिस्टर संत मेरी एवं सुधा कुमारी संत मेरी चुने गए, ताज पहनाकर किया गया स्वागत



**बड़कागांव :** बड़कागांव संत मेरी स्कूल में दसवीं क्लास की विद्यार्थियों की 2025 -26 का मूल्यांकन किया गया एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संत मेरी स्कूल के 18 विद्यार्थी शामिल थे। इन सभी विद्यार्थियों की पूरे वर्ष में उनकी पढ़ाई लिखाई अनुशासन चरित्र शिक्षकों के प्रति व्यवहार, खेलकूद, संस्कार, इन सभी चीजों का बारीकी से मूल्यांकन करते हुए संत मेरी एवं मिस्टर संत मेरी का चुनाव किया गया। जिसमे मूल्यांकनकर्ताओ के द्वारा सुधा कुमारी संत मेरी चुनी गई वहीं विक्रम बिरहोर मिस्टर संत मेरी चुना गया। कार्यक्रम स्कूल के प्रबंधक राजेश टेटे की अगुवाई में की गई। स्कूल प्रबंधन के द्वारा दोनों सफल प्रतिभागियों को ताज पहनाकर बेहतर भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी गई । मौके पर राजेश टेटे ,सुषमा टोप्पो ,पिंटू कुमार ,स्तुति लकड़ा, पिंकी कुमारी, सामजिदा खातून ,गिल्बर्ट लकड़ा आदि शिक्षक मौजूद थे।

### एकल अभियान की मासिक समीक्षा बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन



**बरही :** एकल अभियान हजारीबाग अंचल समिति की ओर से मासिक समीक्षा बैठक सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचल सचिव कृष्ण प्रजापति एवं संचालन अभियान प्रमुख विनोद कुमार ने किया। बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय संगठन सचिव राजकुमार यादव, केंद्रीय युवा प्रमुख राजू पांडे, एकल हरि सत्संग समिति अध्यक्ष बिपिन बिहारी पांडेय, समाजसेवी अंचल जागरण अध्यक्ष प्रोफेसर हीरामन साहू, एवं समाजसेवी अमित गौरव मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में प्रत्येक संच की समीक्षा की गई । गत माह में प्रत्येक संच में किए गए पंचमुखी शिक्षा योजना की कार्यों की जानकारी ली गई। सभी को नियमित रूप से प्रवास करने का निर्देश दिया गया। मौके पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

### चौबे में हाथियों की कुचलने से एक व्यक्ति की हुई मौत



**चलकुशा :** थाना क्षेत्र के चौबे पंचायत के लक्ष्मीपुर निवासी बद्री चौधरी पिता स्व मेघलाल चौधरी उम्र करीब 65 की रविवार को हाथियों की कुचलने से मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार बद्री चौधरी घर का अकेला कमाने वाले व्यक्ति थे जिनके जाने से परिवार वालों पर दुखों का पहाड़ टूटा है` बद्री चौधरी अपने गांव के बगल में ही गार्ड की नौकरी करते थे और वे अपने पीछे अपनी पत्नी चार बेटी और एक बेटे को छोड़ गए फिलहाल इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है` और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विभावि में विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित

# कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने जंतु विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शनिवार को विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग के तत्वावधान में डॉ जेसी बोस विज्ञान भवन में एक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने किया। कुलपति ने घूम-घूम पर सभी मॉडल को देखा तथा मॉडल को तैयार करने वाले विद्यार्थियों से जानकारी प्राप्त की। मॉडल मैं गुणात्मक सुधार के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी भी कुलपति ने विद्यार्थियों को दिया। ज्ञात हो कि नोबल पुरस्कार विजेता प्रो सीवि रमन की स्मृति में इस दिन आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर इस बार का थीम था विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत को गति देने वाली शक्ति। इसी तथ्य को समाहित करते हुए विभावि के जन्तु विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 के अवसर पर छात्राओं की बढ़-कर कर भागीदारी देखने को मिली। नवाचार और रचनात्मक प्रस्तुति व प्रदर्शनी ने दर्शकों को खूब आकर्षित किया। निर्णायक की भूमिका में रहे आईसीएआर गोरियकर्मा के अकादमिक डायरेक्टर डॉ विशाल नाथ, वनस्पति विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त विभागाध्यक्ष डॉ पीके मिश्रा, विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ इन्द्रजीत कुमार तथा भूगर्भ विभाग के अध्यक्ष डॉ एच एन सिन्हा। जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ किशोर कुमार गुप्ता ने बताया कि कुल पंद्रह माडल का प्रदर्शन किया गया। एआई आधारित तनाव प्रबन्धन माडल को काफी सराहा गया। 28 फरवरी दुर्लभं रोग दिवस भी था। उस पर आधारित मद्रास मोटर बिमारी माडल तथा बायो प्लास्टिक आधारित माडल को लोगों ने पसंद किया। स्नातकोत्तर जन्तु विज्ञान विभाग, वनस्पति विज्ञान विभाग, यूसेट, शिक्षाशास्त्र विभाग, बायोटेक्नोलॉजी विभाग और अन्नदा महाविद्यालय के बायोटेक्नोलॉजी विभाग के लगभग 40 विद्यार्थियों ने विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लिया। अभिषेक और अनुपम द्वारा प्रस्तुत मॉडल को प्रथम, अन्नदा महाविद्यालय के बायो प्लास्टिक मॉडल को द्वितीय और नीति एवं दल द्वारा निर्मित मद्रास मोटर डीसीज को तृतीय पुरस्कार दिया गया। सतीश तथा सुप्रिया को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

## रांची कैंसर विभाग का अपार प्रदासन डॉक्टर के द्वारा किया गया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**केरेडारी :** रांची झारखंड के अंतर्गत रविवार को रांची ट्रांजिट होम के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपनों घर में रह रहे मरीज एवं उनके देखभालकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रांची कैंसर हॉस्पिटल से डॉ. दीपक तथा भीसीन आरोगिया से राजीव रंजन मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। डॉ. दीपक ने अपने संबोधन में कैंसर से बचाव, समय पर जांच एवं उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जागरूकता और नियमित जांच के माध्यम से कैंसर को प्रारंभिक अवस्था में पहचाना जा सकता है, जिससे उपचार की सफलता की संभावना बढ़ जाती है। कार्यक्रम का संचालन अपनों घर की प्रोजेक्ट एसोसिएट सिलिका उलाल एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी मरीजों और देखभालकताओं ने इस सराहनीय पहल के लिए Intas Foundation को धन्यवाद दिया। सभी ने रांची ट्रांजिट होम की 4 वर्षों की सफल यात्रा पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा भविष्य में भी मरीजों की सेवा के लिए निरंतर समर्पित रहने का संकल्प लिया। रांची ट्रांजिट चार वर्ष पूर्ण सेवा संपूर्ण स्थापना दिवस मनाया गया

## खेल-कूद से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है : प्राचार्य

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** तलसवार पंचायत कोयलंग, करमाटांड़ में संचालित लिटिल एंजल्स पब्लिक स्कूल का 12वां स्थापना दिवस सह वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि तलसवार पंचायत मुखिया गीता देवी, विशिष्ट अतिथि, पंसस मेघा कुमारी, सी एच ओ मुकेश गोस्वामी एवं विद्यालय प्राचार्य अजय कुमार के द्वारा संयुक्त रूप फीता काट कर किया गया। मुख्य अतिथि गीता देवी ने कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आप खेल को मित्रता की भावना से खेलें। खेल में हार-जीत तो होती है है ।वहीं सी एच ओ मुकेश गोस्वामी एवं प्राचार्य ने कहा कि खेल-कूद से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। इसलिए हमें पढ़ाई के साथ साथ खेल-कूद पर भी ध्यान देना चाहिए। उक्त कार्यक्रम में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु दर्जनों खेल करवाया गया जिसमें सबसे पहले स्थापना दिवस के पर मार्च पास्ट, ड्रिल तत्पश्चात 100 मी से लेकर 400 मी दौड़, साईकिल रेस, सुई धागा रेस, कंगारू रेस, मुर्गा लड़ाई, एक पैर की दौड़, टॉफी रेस, रींग रेस, बॉल पासिंग, चम्मच रेस, बुढ़िया चाल, बिस्किट रेस, म्यूजिकल चेयर रेस, बम विस्फोट सहित दर्जनों खेल खेलाया गया। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि तलसवार पंचायत मुखिया गीता देवी, पंसस मेघा कुमारी, सी एच ओ मुकेश गोस्वामी, पंसस प्रतिनिधि मिथलेश साव, मुखिया प्रतिनिधि संजय महतो, प्राचार्य अजय कुमार, सह प्राचार्य ईश्वर कुमार, सहायक शिक्षक सुरेश मरांडी, शिक्षिका रेखा कुमारी, नेहा कुमारी, दुलारी गंझू सहित अभिभावकों में बंसी कुमार, गीता देवी, अनिता देवी सहित सैकड़ों अभिभावक गण उपस्थित थे।

## खिलाड़ियों ने किया खेल मैदान में स्वास्थ्य उप केंद्र बनाने का विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** धनवार पंचायत के धनवार मौजा में स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाने का प्रस्ताव है। आरोप है कि जिस स्थान पर स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाने का प्रस्ताव है, वह स्थान खेल का मैदान है। उस खेल मैदान में प्रत्येक दिन दर्जनों बच्चे बॉलीबॉल सहित अन्य तरह का खेल खेलते हैं। वहां स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाने से खेल प्रतिभा प्रभावित हो सकता है। इस संबंध समाजसेवी सह राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन बरही अनुमंडल के उपाध्यक्ष महेश प्रसाद ने बताया कि धनवार पंचायत में कई ऐसे स्थान है, जो खाली पड़ी है। वहां स्वास्थ्य उपकेंद्र खोला जा सकता है। लेकिन कुछ लोग बच्चों के खेल प्रतिभा को प्रभावित करने के उद्देश्य से उसी स्थान पर स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाने पर उतारू हैं। जिसका खिलाड़ी एवं खेल प्रेमियों ने विरोध किया है। रविवार को खिलाड़ी खेल मैदान में जाकर स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण का विरोध जताया। कहा कि इस स्थान पर खेल मैदान बनाया जाय। ताकि बच्चे खेल सके। अपनी खेल प्रतिभा को निखार सके। मांग करने खिलाड़ियों में अभिषेक कुमार, निशांत कुमार ,रितेश कुमार, प्रिंस कुमार, अनीश कुमार, नितीश कुमार ,जितेंद्र कुमार, सिराज कुमार, उदय कुमार , पिंटू कुमार, बंटी कुमार, सनी कुमार, अरविंद कुमार, भोम कुमार, शिवम कुमार, मदन कुमार, पीयूष कुमार ,अनमोल कुमार, सौरव कुमार, आदित्य कुमार, ऋषि कुमार, आबिद कुमार, विनीत कुमार, आयुष कुमार, करण कुमार, सतीश कुमार ,सौरभ कुमार, आशीष कुमार, शशि भूषण, पिंटू कुमार, अंकित कुमार, बिट्टू कुमार ,शिवम कुमार ,लोकेश कुमार ऋषभ कुमार ,अंकित कुमार, सूरज कुमार विशाल कुमार ,पवन कुमार ,अरुण कुमार, पवन कुमार, मिथिलेश कुमार, अमित कुमार ,रौनक कुमार, बादल कुमार आकाश कुमार, विवेक कुमार, अनमोल कुमार, अरविंद कुमार ,अमरजीत कुमार मेहता, दीपक कुमार आदि शामिल है।

## शांतिपूर्ण पर्व आयोजन को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की अहम बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** आगामी होली पर्व एवं रमजान माह को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से चौपारण थाना परिसर में अंचलाधिकारी संजय यादव की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार एवं थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अधिकारियों ने सभी समुदायों से आपसी भाईचारा, सौहार्द और संयम के साथ पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी लोग एक-दूसरे की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करें और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। प्रशासन ने चेतावनी दी कि अफवाह फैलाने वालों और शांति भंग करने की कोशिश करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने निर्देश देते हुए कहा कि होली के दिन बच्चों को किसी भी परिस्थिति में मोटरसाइकिल न दी जाए तथा डीजे के साथ जुलूस निकालने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। उन्होंने बताया कि सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और ग्रुप पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी और अफवाह फैलाने वाले ग्रुप एडमिन सहित दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, अश्लीलता या अभद्र व्यवहार करने वालों के विरुद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज की जाएगी। बैठक में विधायक प्रतिनिधि राजदेव यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष बीरेंद्र रजक, मो० सफालउदीन, बैजू गहलौत सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व मुखिया शम्भू नारायण सिंह ने किया।

# थाना में होली को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना क्षेत्र में शांतिपूर्वक होली एवं रामनवमी को मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता मनोज कुमार एवं संचालन पत्रकार नरेश कुमार ने किया। लोगों ने बारी-बारी से अपनी बातों को रखा जिसमें सबसे अधिक होली को ही लेकर बातें हुई। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता ने लोगों से कहा कि होली को भाईचारगी के साथ मनाए आसपास पड़ोस के लोगों को भी होली में सहयोग करें। पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि नशे के कारण लोग आपस में लड़ बैठते हैं इसलिए त्यौहार में कृपया नशे से दूर रहें ताकि आप परिवार के साथ शांतिपूर्वक होली मना सके। सीओ मनोज कुमार ने कहा कि होली में हुड़दंगी करने से बचे मारपीट से दूर रहें। कहीं भी कुछ गड़बड़ी हो तो तुरंत प्रशासन को जानकारी दें ,कानून को हाथ में न ले। शांति समिति बैठक में लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, प्रमुख फुलवा देवी, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाअधिकारी मनोज कुमार, जिप सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख वचन देव कुमार ,पुलिस निरीक्षक ललित कुमार, थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, हाजी तबस्सुम, भाजपा मंडल अध्यक्ष शिव शंकर मेहता उर्फ शिबू, टुकेश्वर प्रसाद, विधानसभा सांसद मीडिया प्रभारी उमेश दांगी, भीखन महतो, राजकुमार साहू, सोनू इराकी ,मेवालाल नाग, के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

### होली को लेकर शांति समिति की बैठक संपन्न, आपसी भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील



**बरही :** बरही थाना परिसर में रविवार संध्या होली को लेकर शांति समिति का बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुड्डू जबकि संचालन थाना प्रभारी विनोद कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज कुमार रजक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए एसडीओ ने कहा कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कानून-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रखंड के विभिन्न संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस पदाधिकारी और जवान लगातार गश्त पर रहेंगे। एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने कहा कि हुड़दंगियों, नशे की हालत में हंगामा करने वालों और जबरन रंग लगाने जैसे कृत्यों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। थाना प्रभारी ने यह भी चेतावनी दी कि सोशल मीडिया या अन्य किसी माध्यम से अफवाह फैलाने, भ्रामक पोस्ट साझा करने या सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। बैठक के दौरान मो कायम ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और आपसी सौहार्द का पर्व है। इसे मिल-जुलकर मनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करें और शांति व सद्भाव बनाए रखते हुए त्योहार मनाएं। मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेंद्र रजक, आजसू नेता राज सिंह चौहान, अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष मो कयूम, मो सागीर, मो रिजवान, समाजसेवी मो बेलाल, पूर्व मुखिया विष्णुधारी महतो एवं मुखिया प्रतिनिधि विशेश्वर यादव समेत दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### माता सबरी जयंती धूमधाम से मनाया गया



**बड़कागांव :** प्रखंड के अंतर्गत महुदी भोक्ता स्थान में अखिल भुइयां समाज कल्याण समिति के बैनर तले माता सबरी जयंती धूम धाम से आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राम एवं संचालन प्रखंड सचिव शंकर भुइयां ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख फुलवा देवी,भाजपा नेता सह पूर्व मुखिया पारसनाथ महतो एवं प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नुनुलाल भुइयां एवं विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी महासचिव सह सदर विधायक प्रतिनिधि रंजीत भुइयां कार्यक्रम में शामिल होकर लोगों का मनोबल को बढ़ाया। फुलवा देवी एवं पारसनाथ महतो ने संयुक्त रूप से कहा भुइयां समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा पर विशेष रूप से ध्यान देने का जरूरत है और शराब को त्याग की आवश्यकता है तभी समाज विकास की ओर जाएगा । मौके पर उपस्थित पूजा समिति अध्यक्ष खेमलाल भुइयां ,सचिव गणेश राम, कोषाध्यक्ष रामवृक्ष राम, दुखन भुइयां ,महावीर राम , शारदा ऋषि, संजय भुइयां,रामचंद्र भुइयां,राजेंद्र भुइयां गिरजा भुइयां 23 पंचायत से अध्यक्ष सचिव मालिक छेड़ीदार व महिला पुरुष शामिल हुए।

### यादव होली मिलन समारोह संपन्न, भारी संख्या में लोग जुटे अबीर गुलाल लगाकर दी शुभकामनाएं



**बड़कागांव :** झारखंड इंटर कॉलेज प्रांगण में यादव महासभा की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता होली मिलन समारोह के अध्यक्ष राजेश यादव अध्यक्ष एवं संचालन पूर्व जिला युवा यादव महासभा के जिला अध्यक्ष विनोद यादव ने किया। कार्यक्रम में बड़कागांव एवं केरेडारी प्रखंड के यादव महासभा के लोग शामिल हुए। होली मिलन समारोह का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण की तस्वीर पर फूलों से वर्षा कर शुभारंभ किया गया तत्पश्चात आगंतुक अतिथियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान समाज में महिलाओं को सशक्त एवं उनकी भागीदारी को बढ़ाने के लिए एवं सशक्त करने के लिए प्रखंड महिला मोर्चा का गठन किया गया जिसमें मीना देवी, सचिव रीना देवी, संरक्षक वार्ड सदस्य मीना देवी को बनाया गया। मुख्य अतिथि एवं अनुपस्थिति अतिथियों को बुके देकर एवं माला पहनकर स्वागत किया गया। इस दौरान लोगों ने जमकर होली गीत गाए एवं मनोरंजन किया। मौके पर मुख्य अतिथि राजद प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी गोप ने समाज की संगठन एवं शिक्षा पर विशेष ध्यान देने कहा गया । मौके पूर्व जिलाध्यक्ष टुन्नू गोप, नेमन यादव , प्रखंड अध्यक्ष चुरामन गोप, जिलाध्यक्ष पूर्व युवा अध्यक्ष बिनोद यादवा , राजेश यादव, सचिव जगरनाथ यादव, कोषाध्यक्ष रंजीत यादव ,मुखिया बासुदेव यादव, महेंद्र यादव, पिंटू यादव, अशेश्वर यादव, नारायण यादव, नरेश यादव, सागर कंचन यादव, अवधेश यादव,बंशी यादव, नवलेश यादव, संजय यादव, अनुज यादव, बर्जेश यादव, किशुन यादव, बबिता कुमारी, मिना देवी, रीना देवी उपेंद्र यादव पिंटू यादव, बाबूलाल यादव, रामबिलास यादव, राजकुमार यादव के साथ सैंकड़ो की संख्या मे यदुवंशी परिवार उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन का होली मिलन समारोह संपन्न




**हजारीबाग :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन द्वारा आज हजारीबाग झील परिसर स्थित कैफेटेरिया में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड प्रदेश महासचिव श्री नवीन कुमार सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान रंगों और उल्लास के बीच आपसी भाईचारे, सामाजिक सौहार्द और मानवाधिकार जागरूकता का संदेश दिया गया। मुख्य अतिथि श्री नवीन कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव का प्रतीक है। इस आयोजन को सफल बनाने में प्रदेश महासचिव महिला प्रकोष्ठ मंजू सिंह, प्रदेश कार्यक्रम सचिव महिला प्रकोष्ठ रेखा देवी, प्रमंडल अध्यक्ष दीपक कुमार पाण्डेय, प्रमंडल अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ हीरा देवी, जिला महासचिव दुर्गेश कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष रमेश कुमार सिन्हा, जिला सचिव पूजा कुमारी, एरिया सेक्रेटरी आरती शर्मा, रंजीत शर्मा, प्रदेश विधि सचिव श्री महादेव प्रसाद एवं एरिया सेक्रेटरी श्री चंद्रिका साहु की सक्रिय भूमिका रही। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों एवं गणमान्य अतिथियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा संगठन की मजबूती और समाज सेवा के संकल्प को दोहराया। समारोह का समापन सामूहिक होली मिलन और आपसी सौहार्द के साथ हुआ।

### प्रभात तारा मैदान में कुडमी अधिकार महारैली को लेकर बड़कागांव से उमड़ा जनसैलाब




**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड से प्रभात तारा मैदान धुर्वा रांची में आयोजित कुडमी अधिकार महारैली को सफल बनाने हेतु हजारीबाग जिला अंतर्गत बड़कागांव प्रखंड के पलान्डू, होरम, सिकरी, मिरजापुर,महटीकरा अराहार चापाकल, डाडी,पतरा, चोरका, जमनीडीह, पडरीया एवं दर्जनों गांव के लोग अपना जोश जुनून दिखाया और सभी कुडमी जनजाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में सूचिबद्ध करने तथा कुडमाली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग की गई। जिसमें उपस्थित बबलू कुमार,नारयण प्रसाद , सुरेश महतो, कामेश्वर महतो, अनिल कुमार, ईश्वर कुमार महतो,सुरेन्द्र महतो,गणेश महतो, संतोष महतो, प्रकाश कुमार महतो,नागेश्वर महतो एवं महिलाएं सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# कुड़मी ने लड़कर लिया झारखंड, अब फिर संघर्ष कर लेंगे अधिकार : शीतल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राजधानी रांची के धुर्वा स्थित जगन्नाथ (प्रभात तारा) मैदान में रविवार को वृहद झारखंड कुड़मी समन्वय समिति के बैनर तले कुड़मी अधिकार महारैली का आयोजन किया गया। महारैली की अध्यक्षता समिति के मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र महतो एवं सखीचंद महतो ने संयुक्त रूप से किया। रैली में राज्य के विभिन्न जिलों से हजारों की संख्या में कुड़मी समाज के लोग शामिल हुए। महारैली में वक्ताओं ने कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल करने तथा कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान देने की लंबित मांगों पर केंद्र एवं राज्य सरकार से शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने कहा कि कुड़मी समाज पिछले 75 वर्षों से अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य के निर्माण में समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और अब अपने संवैधानिक अधिकारों की प्राप्ति के लिए पुनः आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि छह सितंबर 1950 के निर्णय के बाद कुड़मी समाज को जनजातीय अधिकारों से वंचित कर पिछड़ा वर्ग में शामिल कर दिया गया। ओहदार ने कहा कि ब्रिटिश काल की जनगणनाओं में कुड़मियों को जनजातीय श्रेणियों में शामिल किया गया था, लेकिन आजादी के बाद उन्हें इस श्रेणी से बाहर कर दिया गया। उन्होंने दावा किया कि खनिज संपदा से समृद्ध क्षेत्रों में निवास करने के कारण समाज को अधिकारों से दूर रखा गया। पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कुड़मी समाज को शीघ्र एसटी सूची में शामिल करने और कुड़माली भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई तो पूरे झारखंड में अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। शिक्षाविद डॉ. अमर कुमार चौधरी ने कहा कि कुड़मी समाज लंबे समय से संवैधानिक अधिकारों से वंचित है। उन्होंने आगामी जनगणना में जाति के रूप में कुड़मी और भाषा के रूप में कुड़माली दर्ज कराने का आह्वान किया। भाजपा विधायक नागेंद्र महतो ने कहा कि शिक्षा और राजनीतिक प्रतिनिधित्व की कमी के कारण कुड़मी समाज अब भी पिछड़ेपन का सामना कर रहा है। उन्होंने समाज से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और राजनीतिक रूप से संगठित होने की अपील की। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कहा कि झारखंड गठन के बाद भी आरक्षण व्यवस्था का सबसे अधिक प्रभाव कुड़मी समाज पर पड़ा है, जिससे युवाओं में बेरोजगारी बढ़ी है और सरकारी सेवाओं में समाज की भागीदारी सीमित रह गई है। कुड़मी समाज की महिला अध्यक्ष सुषमा महतो ने कहा कि समाज की पारंपरिक ह्यबाईसी प्रथाह्न आज भी सामाजिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पेसा कानून को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए कुड़मियों को अनुसूचित जनजाति में शामिल करना आवश्यक है। महारैली में कई प्रस्ताव पारित किए गए, जिनमें आगामी जनगणना में कुड़मी जाति एवं कुड़माली भाषा दर्ज कराने, बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने, युवाओं को उन्नत कृषि एवं स्वरोजगार से जोड़ने तथा समाज के बुद्धिजीवियों द्वारा तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार मार्गदर्शन के लिए नियमित कार्यक्रम चलाने का निर्णय शामिल है। कार्यक्रम में रणधीर चौधरी, संजय लाल महतो, थानेश्वर महतो, रामचंद्र महतो, कपिल देव महतो, पार्वती देवी सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, महिलाएं एवं युवा उपस्थित रहे।

## रांची में देह व्यापार रैकेट का भंडाफोड़, आठ गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में बड़े पैमाने पर संचालित देह व्यापार रैकेट के खिलाफ पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए कई थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पांच युवतियों और तीन युवकों समेत कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन को जानकारी मिली थी कि राजधानी के लालपुर, चुटिया सहित विभिन्न इलाकों में संगठित तरीके से देह व्यापार का संचालन किया जा रहा है। सूचना के अनुसार रैकेट में दो दर्जन से अधिक युवतियां शामिल थीं, जिन्हें होटलों और किराए के मकानों में रखकर अवैध गतिविधियां कराई जा रही थीं। सूचना की पुष्टि के बाद एसएसपी के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी एसपी) पारस राणा के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी अभियान चलाया, जिसमें रैकेट से जुड़े लोगों को हिरासत में लिया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, गिरफ्तार युवतियों में अधिकांश रांची और कोलकाता की रहने वाली हैं। छापेमारी के दौरान ग्राहकों को भी पकड़ा गया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में रैकेट संचालित करने वाली महिला सरगना को भी गिरफ्तार कर लिया है।

## नशीला पदार्थ खिलाकर बीआईटी मेसरा की छात्रा के साथ दुष्कर्म, आरोपी फरार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राजधानी रांची में एक छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता बोकारो जिला की रहने वाली है और रांची में रहकर बीआईटी मेसरा में पढ़ाई करती है। पीड़िता ने अपने ही एक दोस्त पर नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। इस मामले में सदर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। दरअसल, यह खुलासा तब हुआ जब पीड़िता को होश आया। होश आने पर उसने खुद को रिम्स के पास पाया। फिर उसने अपने घरवालों को फोन किया और पूरी घटना के बारे में बताया। वहीं, इसकी सूचना घरवालों के साथ जाकर उसने सदर थाना में आरोपी के खिलाफ बयान दर्ज करवाया। बयान देते समय पीड़िता ने बताया कि 25 फरवरी की रात उसके दोस्त ने उसे अपने रूम बुलाया था। वहां उसने खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर खिलाया। आगे पीड़िता ने कहा कि युवक उसका मोबाइल फोन भी अपने पास रख लिया था ताकि वह किसी से संपर्क न कर सके। जब पीड़िता बेहोश होने लगी तब युवक ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म कर उसे रिम्स के पास छोड़ दिया। पुलिस द्वारा जांच में जब बीआईटी मेसरा प्रबंधन से पूछताछ की गई तो प्रबंधन ने बताया कि छात्रा हॉस्टल में नहीं थी। प्रबंधन की ओर से उसके घरवालों को संपर्क किया गया तो छात्रा के पिता ने कॉलेज प्रबंधन को बताया कि छात्रा उनके साथ है। इस घटना की जानकारी कॉलेज प्रबंधन को नहीं है। बहरहाल, पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिकी दर्ज कर ली है। आरोपी फिलहाल फरार बताया जा रहा है। उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वहीं, छात्रा का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और जांच जारी है।

## ऊर्जा निगम में बोर्ड बैठक नहीं होने पर श्रमिक संघ ने जताई चिंता, जल्द बैठक बुलाने की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड राज्य के ऊर्जा निगमों में लंबे समय से बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक नहीं होने पर चिंता व्यक्त की है। रविवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड तथा इसकी अनुषंगी कंपनियों झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड, झारखंड ऊर्जा संचारण निगम लिमिटेड और झारखंड ऊर्जा उत्पादन निगम लिमिटेड में बोर्ड बैठक नहीं होने के कारण बिजली वितरण, संचरण एवं उत्पादन से जुड़े कई महत्वपूर्ण नीतिगत और वित्तीय प्रस्ताव लंबित पड़े हुए हैं। अजय राय ने बताया कि 23 सितम्बर 2025 के बाद अब तक किसी भी कंपनी की बोर्ड बैठक आयोजित नहीं की गई है, जबकि कंपनी अधिनियम के अनुसार प्रत्येक चार माह में कम से कम एक बैठक आयोजित करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की लापरवाही से प्रशासनिक निर्णय प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि समय पर बोर्ड बैठक नहीं होने की स्थिति में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज द्वारा दंडात्मक कार्रवाई एवं जुमार्ना लगाया जा सकता है, जिससे निगम की साख और निर्णयों की वैधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। श्रमिक संघ ने 9 मार्च 2026 को प्रस्तावित बोर्ड बैठक हर हाल में आयोजित करने तथा लंबित मुद्दों पर शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि जल्द बैठक नहीं बुलाई गई, तो संगठन लोकतांत्रिक तरीके से आगे की रणनीति तय करने को बाध्य होगा।

## हेमन्त सरकार कुर्मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल होने से रोक रही है : देवेंद्रनाथ महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केंद्रीय वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो ने रविवार को कहा कि कुर्मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल किए जाने की मांग पर सरकार बाधा उत्पन्न कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जानबूझकर कुर्मी समाज को संगठित होने से रोकने का प्रयास कर रही है। रविवार को रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह आंदोलन किसी के विरोध का नहीं, बल्कि अधिकार और पहचान की लड़ाई है। कुर्मी समाज को एसटी सूची में शामिल करने तथा कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में स्थान देने की मांग लंबे समय से लंबित है, लेकिन सरकार इस दिशा में गंभीर पहल नहीं कर रही है। जनसभा में बड़ी संख्या में लोग पारंपरिक वेश-भूषा एवं पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ शामिल हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साहपूर्ण वातावरण बना रहा। आयोजन को सफल बनाने में कुर्मी समाज से जुड़े 18 संगठनों की सक्रिय भूमिका रही। सभा में शीतल अहदार, नागेंद्र महतो, लम्बोदर महतो, जयमुनी महतो, सुषमा देवी, पार्वती देवी सहित हजारों की संख्या में सामाजिक प्रतिनिधि, युवा, महिलाएं एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## झारखंड की जूनियर पुरुष-महिला हॉकी टीमों के चयन के लिए रांची में आयोजित किए जाएंगे ट्रायल मैच

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** 16वीं हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप 2026 तथा हॉकी इंडिया सब-जूनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2026 में भागीदारी के लिए झारखंड की सब-जूनियर महिला एवं पुरुष हॉकी टीमों के गठन की प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। खिलाड़ियों के चयन के लिए 15 मार्च (रविवार) को रांची स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। हॉकी झारखंड की ओर से जारी सूचना के अनुसार, 01 अप्रैल से 12 अप्रैल 2026 तक सब-जूनियर राष्ट्रीय महिला हॉकी चैंपियनशिप का आयोजन रांची में किया जाएगा, जबकि पुरुष वर्ग की राष्ट्रीय चैंपियनशिप बिहार के राजगीर में आयोजित होगी। इन राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में झारखंड की मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय चयन प्रक्रिया शुरू की गई है। हॉकी संघ के अनुसार, महिला वर्ग का चयन ट्रायल 15 मार्च को पूर्वाह्न 09:30 बजे से प्रारंभ होगा, जबकि पुरुष वर्ग का ट्रायल पूर्वाह्न 11:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराई जाएगी, ताकि प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का समान अवसर मिल सके। चयन ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनकी जन्म तिथि 01 जनवरी 2010 या उसके बाद की हो। आयु सत्यापन के लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड तथा नगर निगम या ग्राम पंचायत की ओर से जारी जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य किया गया है। आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में किसी भी खिलाड़ी को ट्रायल में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। हॉकी झारखंड के महासचिव विजय शंकर सिंह ने बताया कि चयन ट्रायल को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिलों के खेल पदाधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों से प्रतिभावान खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें चयन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। इस चयन प्रक्रिया के माध्यम से चयनित टीमें राष्ट्रीय स्तर पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी।

## एक नजर

### गुरु नानक सेवक जत्था ने अनाथ बच्चों संग मनाई होली

**रांची :** गुरु नानक सेवक जत्था की ओर से रविवार को रांची के बड़ा तालाब के समीप स्थित आंचल शिशु आश्रम में अनाथ बच्चों के साथ होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों के बीच होली से जुड़े उपहार, मिठाइयां एवं अन्य आवश्यक सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को हर्बल रंग, पिचकारी, मुखौटे और रंग-बिरंगी टोपियां दी गईं। रंग और पिचकारी पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इसके बाद जत्था के सदस्यों और बच्चों ने मिलकर रंग-गुलाल के साथ होली खेली तथा नृत्य और गीत-संगीत के माध्यम से उत्सव का आनंद लिया। करीब दो घंटे तक चले इस कार्यक्रम में आश्रम परिसर में उत्साहपूर्ण और पारिवारिक माहौल बना रहा। बच्चों ने उनके साथ होली मनाने पहुंचे जत्था के सदस्यों का आभार जताया। इस अवसर पर राजेंद्र गांधी, सूरज झंडई, कशिश नागपाल, अमन डावरा, छोटू सिंह, कनीश गाबा सहित गुरु नानक सेवक जत्था के कई सदस्य उपस्थित रहे।

### साहित्य 24 की नई कार्यकारिणी का गठन डॉ आकांक्षा चौधरी को अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**रांची :** साहित्य 24 के तत्वाधान ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें संस्था की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। डॉ. आकांक्षा चौधरी ने साहित्य 24 झारखंड ईकाई के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। वहीं संध्या चौधरी उपाध्यक्ष, खुशबू बरनवाल महामंत्री, रंगोली सिन्हा महासचिव व कला विभाग संयोजक एवं अंशिता सिन्हा को मिडिया प्रभारी का पद सौंपा गया। कार्यक्रम में उपस्थित साहित्य 24 के संस्थापक हरिप्रकाश पाण्डेय ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संस्था ने हमेशा मुझे गौरवान्वित किया है। संस्था के द्वारा साहित्य के विकास हेतु आगे भी कई सराहनीय कार्य किए जाएंगे। वहीं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुरिंदर कौर नीलम ने होली की शुभकामनाएं दी और कहा कि रंग भारत को जोड़ता है। यह संस्था साहित्य के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है इस कार्यक्रम में संरक्षक डॉ.सी एम भगत, पूर्व अध्यक्ष झारखंड व प्रदेश प्रभारी बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ रूपा कुमारी अनंत, साहित्य २४ वैचारिक मंच की वरिष्ठ सदस्य डॉ उर्मिला सिन्हा, रेणु झा रेणुका व पुष्पा पांडेय के साथ साथ कई अन्य साहित्यकार भी जुड़े थे। इस मौके पर होली मिलन समारोह कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ जिसमें सभी ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

### ईरान पर हमले के विरोध में रांची में वाम दलों ने किया प्रदर्शन

**रांची :** रविवार को रांची में ईरान पर हुए हमले के खिलाफ जनवादी संगठनों और वाम दलों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का केंद्र रहा परमवीर शहीद अल्बर्ट एक्का चौक, जहां कार्यकर्ता तख्तियां और बैनर लेकर जुटे। प्रदर्शन में सीपीआई-एमएल सहित अन्य वाम संगठनों के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। नेताओं ने अमेरिका और इजरायल की कार्रवाई की आलोचना करते हुए केंद्र सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की। सीपीआई (माले) के राज्य सचिव मनोज भक्त, सीपीएम नेता सुखराम लोहरा और ऐपवा की राज्य प्रमुख नंदिता ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत को शांति की पहल करनी चाहिए। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि युद्ध की स्थिति से आम नागरिक, खासकर महिलाएं और बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। नेताओं ने कहा कि भारत की पारंपरिक विदेश नीति शांति और संवाद पर आधारित रही है, ऐसे में सरकार को खुलकर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### होली व रामनवमी से पहले उत्पाद विभाग की कार्रवाई नकली विदेशी शराब सहित आठ आरोपी गिरफ्तार



**रांची :** होली और रामनवमी पर्व को लेकर अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने के लिए उत्पाद विभाग लगातार सघन छापेमारी अभियान चला रहा है। इसी क्रम में रविवार को उत्पाद विभाग की टीम ने रांची जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में व्यापक कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध एवं नकली शराब बरामद की तथा आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया। उत्पाद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सहायक आयुक्त उत्पाद को मिली गुप्त सूचना के आधार पर विधानसभा थाना क्षेत्र के महुआ टोली एवं डहु टोली, नगड़ी थाना अंतर्गत गागी टोली और सेम्बो तथा बेड़ों थाना क्षेत्र के इटा चिनरी गांव में एक साथ छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान इटा चिनरी से 09 पेटी में कुल 290 पीस यानी 73.65 लीटर नकली विदेशी शराब बरामद की गई। इस मामले में एक आरोपित को मौके से गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा अन्य स्थानों पर की गई कार्रवाई में भारी मात्रा में विदेशी शराब, बियर, अवैध चुलाई शराब तथा जावा महुआ जब्त किया गया। अभियान के दौरान कुल सात अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपितों में संजीत मिंज, पिंटू बाडू, अनिल लिंडा, सुनील उरांव, अजय कुजूर, रौशन केरकेट्टा, राजू कच्छप एवं निखिल तिर्की शामिल हैं। उत्पाद विभाग ने आरोपितों के पास से कुल 80.925 लीटर विदेशी शराब, 65.1 लीटर बियर, 9.9 लीटर ब्रिजर, 100 लीटर अवैध चुलाई शराब तथा लगभग 500 किलोग्राम जावा महुआ बरामद किया है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि पर्व-त्योहार के दौरान अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा। वहीं फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

### रांची स्थित प्रदेश जदयू कार्यालय में मनाया गया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का 75वां जन्मदिन



**रांची :** बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का 75वां जन्मदिवस रविवार को रांची में बीआईटी मोड़ स्थित प्रदेश जदयू कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो ने केक काटकर कार्यकताओं के बीच मिठाई वितरित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खीरू महतो ने कहा कि नीतीश कुमार भारतीय राजनीति के देदीप्यमान नक्षत्र और बिहार के अतुलनीय मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने उनके दीघार्यु एवं स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि वे लंबे समय तक बिहार और देश की सेवा करते रहें। इस अवसर पर जदयू नेता डॉ. आफताब जमील, भगवान सिंह, सागर कुमार, धर्मेंद्र तिवारी, शिवानी लता, उपेंद्र सिंह, मनोज सिंह, आशीष शीतल मुंडा, अजय सोनी, महेश्वर चौधरी, राजनारायण पटेल, दिलीप महतो तथा रामजी प्रसाद सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके नेतृत्व में सुशासन और विकास की निरंतर कामना करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प भी लिया।

### होली पर्व पर ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र में आध्यात्मिक कार्यक्रम, प्रेम और पवित्रता का दिया संदेश



**रांची :** होली पर्व के उपलक्ष्य में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के चौधरी बागान हरमू स्थित स्थानीय सेवा केंद्र में रविवार को आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद जैन ने कहा कि होली का पर्व हमें पुरानी बातों और मनमुटाव को भुलाकर नई शुरूआत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि जो बीत गई वह बात गई के संदेश के साथ होली क्षमा, प्रेम और सकारात्मक जीवन दृष्टि अपनाने का अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सच्चे अर्थों में होली आत्मा को शांति, प्रेम और पवित्रता के रंगों में रंगने का पर्व है। अधिवक्ता कौशल राजगढ़िया ने अपने विचार रखते हुए कहा कि पवित्रता ही जीवन परिवर्तन का मूल आधार है, जिससे व्यक्ति के विचार और व्यवहार दोनों में सकारात्मक बदलाव आता है। डॉ. आशीष भगत ने कहा कि भारतीय त्योहार केवल उत्सव नहीं बल्कि आत्मिक जागरण और आंतरिक परिवर्तन का माध्यम हैं। वहीं अमित अग्रवाल और सुनील गुप्ता ने होली को आंतरिक विकारों को त्यागकर दिव्य गुणों को अपनाने का प्रतीक बताया। सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने कहा कि परमात्मा के ज्ञान और राजयोग का रंग अविनाशी होता है, जो आत्मा को स्थायी शांति और सुख प्रदान करता है। उन्होंने सभी को आध्यात्मिक जीवन शैली अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को गाइडेड मेडिटेशन कराया गया, जिससे वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। इसके साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। इस अवसर पर मनमोहन मोहता, मुकेश जाजोदिया, अरविंद कुमार सहित अनेक गणमान्य अतिथि एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन शांति संदेश के साथ किया गया।

### शिव शिष्य परिवार मुख्यालय में प्रो. रामेश्वर मंडल को दी गई श्रद्धांजलि



रांची : रविवार को शिव शिष्य परिवार के मुख्यालय उपवन, HEC, राँची में शिव शिष्य परिवार के अध्यक्ष स्वर्गीय प्रो रामेश्वर मंडल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शिव शिष्य परिवार के सलाहकार अर्चित आनंद ने मंडल सर की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा की उन्होंने अपना पूरा जीवन शिव के गुरु स्वरूप को जनमानस में स्थापित करने में अर्पित कर दिया और साहब श्री हरीन्द्रानंद जी के बताए रास्ते पर चलते रहे।वही शिब शि०प की कार्यकारी अध्यक्ष बरखा आनंद ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर रत्नम,शिवकुमार,भूषण सहित सैकडो की संख्या में शिव शिष्य भाई बहन उपस्थित थे।

## एक नजर

### होली पर्व को लेकर कोडरमा पुलिस की मुस्तैदी, दंगा-नियंत्रण विशेष ड्रिल आयोजित



**कोडरमा**: आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस केन्द्र चन्दवारा में दंगा-नियंत्रण हेतु विशेष ड्रिल का आयोजन किया गया।यह विशेष अभ्यास अनुदीप सिंह के निदेशानुसार कराया गया। ड्रिल के दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को आधुनिक दंगा-नियंत्रण उपकरणों के उपयोग काभीव्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।अभ्यास में टियर गैस, एंटी-रायट गन तथा चिल्ली ग्रेनेड जैसे उपकरणों के प्रयोग का प्रदर्शन किया गया। जवान बॉडी प्रोटेक्टर एवं हेल्मेट से सुसज्जित होकर वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में किसी भी आपात स्थिति से निपटने की रणनीति का अभ्यास करते नजर आए।ड्रिल का मुख्य उद्देश्य होली के दौरान विधि-व्यवस्था बनाए रखना तथा असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना है।
पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु हर स्तर पर सतर्कता बरती जा रही है।
पुलिस विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे होली का त्योहार आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है ताकि होली का पर्व शांति, सुरक्षा और उत्साह के माहौल में संपन्न हो सके।

### सैलून संचालक ने दुकान में लगाई फांसी पारिवारिक विवाद से तनाव की आशंका

**पूर्वी सिंहभूम**: जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में एक सैलून संचालक ने अपनी दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बाबूडीह शंकर नगर रोड नंबर-1 निवासी मिथिलेश ठाकुर (39) के रूप में हुई है।
परिजनों के अनुसार, मिथिलेश ठाकुर शनिवार देर शाम तक घर नहीं लौटे, जिसके बाद परिवार के लोग चिंतित हो गए। काफी इंतजार के बाद परिजन उनकी कानूभट्ठा स्थित सैलून दुकान पर पहुंचे, तो दुकान अंदर से बंद थी। किसी तरह दरवाजा खोला गया, तो अंदर मिथिलेश फंदे से लटके मिले। यह दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए। घटना की सूचना तुरंत सिदगोड़ा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। रविवार को पोस्टमॉर्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

### अचानक घर में आग लगने से सारा सामान जलकर राख

**पूर्वी सिंहभूम**: एमजीएम थाना के गाजाडीह इलाके में रविवार दोपहर अचानक एक घर में आग लग गई। पीड़ित भुनेश्वर प्रसाद के एस्बेस्टस निर्मित मकान में आग लगने से घर में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।
घटना के समय भुनेश्वर प्रसाद और उनकी पत्नी लक्की प्रसाद मजदूरी करने बाहर गए हुए थे, जबकि घर में उनकी बेटी अकेली थी। बेटी ने बताया कि वह दूसरे कमरे में काम कर रही थी, तभी अचानक उसे आग की लपटें दिखाई दीं। आग किस कारण से लगी, इसका उसे पता नहीं चल पाया। कुछ ही देर में धुआं और लपटें पूरे घर में फैल गईं। जान बचाने के लिए वह तुरंत बाहर निकली और जोर-जोर से चिल्लाकर मोहल्ले के लोगों को बुलाया।

# मारवाड़ी युवा मंच ने नगर अध्यक्ष का किया सम्मान, स्वच्छ हेतु 15 मार्च को विशेष विचार गोष्ठी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया** : सामाजिक उत्तरदायित्व और जनभागीदारी की सुंदर मिसाल पेश करते हुए मारवाड़ी युवा मंच ने नगर परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रमेश हर्षधर के आवास पर सौजन्य भेंट कर उनका सम्मान किया। आत्मीय वातावरण में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में शहर के विकास, स्वच्छता और सुनियोजित कार्यप्रणाली को लेकर सार्थक एवं सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। पूरे आयोजन में नगर के उज्वल भविष्य की झलक स्पष्ट दिखाई दी। मंच पदाधिकारियों की रही सक्रिय सहभागिता सम्मान कार्यक्रम में मंच के अध्यक्ष राहुल जैन, सचिव अंकित केडिया एवं कोषाध्यक्ष राहुल चौधरी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। साथ ही सदस्य रौनक काशलिवाल, विकास जैन, ऋषभ पहाड़िया एवं ईशान जैन ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सभी ने नगर अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर मंच के पूर्व अध्यक्ष रितेश दुग्गड़, संयोजक अरविंद चौधरी, अर्जुन संघई, सदस्य संजय अग्रवाल एवं प्रदीप हिसारिया ने भी नगर अध्यक्ष को बधाई देते हुए शहर के विकास में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान 15 मार्च को झुमरीतिलैया में आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम की जानकारी भी साझा की गई। इस आयोजन में नगर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं शहर के सभी 28 वार्ड पार्षदों को आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत एक प्रस्तुतीकरण एवं विचार-विमर्श सत्र आयोजित होगा, जिसमें यह बताया जाएगा कि सुनियोजित और योजनाबद्ध कार्यप्रणाली के माध्यम से झुमरीतिलैया को स्थायी रूप से स्वच्छ कैसे बनाया जा सकता है। मारवाड़ी युवा मंच ने स्पष्ट संदेश दिया कि बिना ठोस योजना के किए गए कार्य केवल अस्थायी परिणाम देते हैं। दीर्घकालिक स्वच्छता और समग्र विकास के लिए योजनाबद्ध, पारदर्शी और सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। मंच ने आश्वस्त किया कि वह भविष्य में भी प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर झुमरीतिलैया के सर्वांगीण विकास के लिए सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा।

## उपेन्द्र कॉमेडी टीम का भव्य होली मिलन समारोह कलाकारों को अवार्ड देकर किया गया सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : कोडरमा उपेन्द्र कॉमेडी टीम की ओर से रंगों के पर्व होली के अवसर पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टीम के लगभग सभी कलाकारों के साथ-साथ झारखंड के कई जाने-माने कलाकार भी उपस्थित रहे। समारोह की खास बात यह रही कि टीम के फाउंडर उपेन्द्र यादव ने सभी कलाकारों को अवार्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि टीम की सफलता सभी कलाकारों की मेहनत, लगन और दर्शकों के प्यार का परिणाम है।कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने रंग-गुलाल लगाकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। हंसी-मजाक, गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया। समारोह में उपस्थित कलाकारों में संतोष प्रतापी, गिरिजा, आर के रवि, बेबी देवी, शिवा रेड्डी, विश्वनाथ कॉमेडी, सदानंद यादव, सविता गुप्ता, पीयूष सर, बिरजू सहाय, दिलीप यादव, प्रेम राणा, यशवीर, सूरज, विक्रम, मोहित, राहुल, ललन, रंजन सहित पूरी टीम शामिल रही।अंत में उपेन्द्र कॉमेडी टीम की ओर से सभी चाहने वालों एवं प्रदेशवासियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं और भविष्य में भी दर्शकों का मनोरंजन करते रहने का संकल्प दोहराया गया।

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष उमेश वर्मा की "जन आभार यात्रा", जयघोष और आतिशबाजी से गूंजा नगर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**डोमचांच** : डोमचांच नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उमेश वर्मा ने शुक्रवार को अपने नए आवास समुद्री आहर रोड से "जन आभार यात्रा" की शुरूआत की। यह यात्रा गिरिडीह रोड, ढाब रोड, शहीद स्मारक, श्री राम चौक, सूर्य चौक, महेशपुर चौक, तेतरियाडीह, अस्पताल रोड, नवा आहर रोड और माथाडीह होते हुए नगर के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरी। यात्रा के दौरान अध्यक्ष उमेश वर्मा ने नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी का अभिवादन किया और समर्थन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि डोमचांच की जनता के आशीर्वाद और स्नेह से मिली इस जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे। जगह-जगह लोगों ने फूल-मालाओं से स्वागत किया, वहीं अध्यक्ष ने झुककर अभिवादन कर जनता का आभार जताया। यात्रा में कार्यकर्ता और समर्थक भगवा गमछा पहनकर शामिल हुए। पूरे मार्ग में गुलाल-अबीर उड़ाए गए, ढोल-नगाड़ों की धुन पर समर्थक झूमते नजर आए और आतिशबाजी से माहौल उत्सवमय बना रहा। "जय श्री राम" के उद्घोष से पूरा नगर गूंज उठा। जन आभार यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के नगर अध्यक्ष सुजीत कुमार, जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह, पूर्व जिला महामंत्री परमेश्वर यादव, अखिल कुमार सिन्हा, सुबोध साव, दिनेश राणा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए।

## मरकच्चो के नवलशाही थाना में शांति समिति की हुई बैठक, होली-रमजान को लेकर सख्ती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मरकच्चो** : रंगों का त्योहार होली को लेकर नवलशाही थाना परिसर मे दिन रविवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता थाना प्रभारी सुमन कुमार ने किया.जबकि संचालन मसमोहना पसंस विजय सिंह ने किया। बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। बैठक में होली का त्योहार शांतिपूर्ण व रमजान आपसी सौहार्द के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। वहीं जनप्रतिनिधियों ने शराब पर रोकथाम के लिए विशेष कार्रवाई करने का अनुरोध किया। कहा गया कि होली के मौके पर शराब के कारण ही बिवाद उत्पन्न होता है. इस मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले के विरुद्ध कानून कार्रवाई की जाएगी। वही थाना प्रभारी ने कहा कि होली एवं रमजान को देखते हुए अपने थाना क्षेत्र में निरंतर गस्ती जारी रहेगा। थाना क्षेत्र में जितने भी संवेदनशील स्थान है,सभी स्थानों पर पुलिस की गस्ती तेज रहेगी। डीजे पर अश्लील गाना नहीं बजाना है. अफवाह फैलाने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी भोला पाण्डेय ने कहा की सरकार के द्वारा जो गाइडलाइन जारी किया गया है उसे सबको पालन करना है। बैठक में सीओ रविंद्र पाण्डेय समाजसेवी किशोर यादव, पुरनाडीह मुखिया पप्पू यादव, खरखार मुखिया प्रतिनिधि पिंटू यादव, धरगांव मुखिया मिस्टर यादव, मसमोहना के समाजसेवी धीरेन्द्र सिंह, समाजसेवी शंकर साव, हरदेव साव, दशरथ यादव, मुखिया कमलेश शर्मा, शंकर साहू,एएस आई मदन मिश्रा, एएस आई शांति भूषण, एएस आई राजीव सिंह, समेत कई जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## झुमरीतिलैया के श्री श्याम मंदिर में श्याम फाल्गुन महोत्सव की धूम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**झुमरीतिलैया** : श्याम फाल्गुन महोत्सव संग मासिक अरदास महोत्सव को लेकर झुमरीतिलैया के श्री श्याम बाबा पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में बाबा की पूजा-अर्चना की गई। इस अवसर पर खीर व चूरमा का प्रसाद चढ़ाया गया। सैकड़ों भक्तों ने अहले सुबह से ही पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर रात भर संगीतमय भजन कार्यक्रम हुआ। अबीर-गुलाल व फूलों की होली खेली गई। श्रद्धालु भक्त रंगों के त्योहार में विभिन्न रंगों से सराबोर हो गए थे। अखंड ज्योत के साथ संगीतमय भजन कार्यक्रम शुरू हुआ। मंदिर परिसर में बाबा श्याम का आलौकिक श्रृंगार किया गया। संगीतमय भजन कार्यक्रम में रातभर श्रद्धालु भक्त झूमते रहे एवं खाटू नरेश के नारों से कार्यक्रम स्थल गूंजता रहा। प्रसिद्ध भजन गायक रवि दाहिमा ने ....मेरी बात बन रही है..., कैलाश पोद्दार ने .... कीर्तन रात बाबा आज थान आनो है.., जमशेदपुर से आए भजन गायक मनोज शर्मा ने...... बाजरे की रोटी खाले श्याम, चूरमा को भूल जाओगे.,प्रदीप कंदोई ने जन्म-जन्म का साथ है हमारा तुम्हारा., भजन प्रस्तुत किया जिस पर श्रद्धालु भक्त झूमते रहे। कार्यक्रम का आयोजन श्याम मन्दिर कमेटी पोद्दार परिवार द्वारा किया गया एवं सहयोग संस्था श्याम शरण में आजा रे के तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक राजकुमार पोद्दार, शिवकुमार पोद्दार पवन पोद्दार, मुकेश भालोटिया, दिलीप गोयनका, बजरंगलाल गोयनका, मारवाड़ी युवा मंच के अलावा अन्य समाज के कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

# कोडरमा में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का भव्य होली मिलन समारोह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा** : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा, कोडरमा जिला इकाई के तत्वाधान में आज झुमरी तिलैया स्थित एक निजी विद्यालय कौटिल्य अकादमी के कैम्पस में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एकजुट होकर आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ रंगों के त्योहार होली का स्वागत किया।

**कार्यक्रम की मुख्य झलकियां:**
भगवान चित्रगुप्त की वंदनाः समारोह की शुरूआत कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान चित्रगुप्त के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। उपस्थित सदस्यों ने समाज की उन्नति और खुशहाली की कामना की। अबीर-गुलाल का संगमः समाज के बड़े-बुजुर्गों और युवाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरा माहौल 'होली है' के जयघोष और पारंपरिक गीतों से सराबोर रहा। सांस्कृतिक प्रस्तुतिः कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों और समाज के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। फगुआ गीतों और होली के भजनों पर लोग थिरकते नजर आए। पारंपरिक पकवानों का आनंदः समारोह में आए अतिथियों के लिए होली के पारंपरिक व्यंजनों की विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया।

**एकजुटता पर जोर**
इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आनंद मोहन वर्मा और झारखंड आंदोलन कारी संतोष सहाय अन्य वक्ताओं ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों का मुख्य उद्देश्य अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाए रखना और समाज की नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ना है। वक्ताओं ने शिक्षा, संगठन और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में कायस्थ समाज की भूमिका को और सशक्त करने का आह्वान किया। होली का यह पर्व केवल रंगों का खेल नहीं है, बल्कि यह हमारे समाज की एकजुटता और आपसी प्रेम का प्रतीक है। कोडरमा जिला इकाई सदैव समाज के उत्थान के लिए तत्पर रहेगी।
उपस्थितिः तारकेश्वर प्रसाद, कपिलदेव प्रसाद, राजीव सिन्हा, संतोष कुमार सिन्हा, ब्रमदेव प्रसाद, विद्यापति अस्थाना,नवीन कुमार वर्मा, अमित श्रीवास्तव, राकेश कुमार सिन्हा, मधुसूदन प्रसाद, शक्तिकांत सिन्हा, डॉ संगीता प्रसाद,गौतम कर्ण, संतोष कुमार, अभिषेक सहाय,विनय सिन्हा, विश्वजीत कुंदन इत्यादि लोग सक्रिय सदस्य, मातृ शक्ति और बड़ी संख्या में युवा वर्ग भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ शांतिपूर्ण और सुरक्षित होली खेलने का संकल्प लिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### कुरडेग में झारखंड मुक्ति मोर्चा की हुई बैठक, संगठन मजबूती पर जोर



**कुरडेग**: झारखंड मुक्ति मोर्चा की एक आवश्यक बैठक कुरडेग प्रखंड में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नसीर अंसारी ने की। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने, कार्यकताओं को सक्रिय करने पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रखण्ड अध्यक्ष नसीर अंसारी ने कार्यकताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही पार्टी की सफलता की कुंजी है। उन्होंने कहा की हाल ही में सिमडेगा नगर चुनाव हमारे प्रत्याशी दूसरे स्थान पर रहे लेकीन जनता का चुनाव में सहयोग देखकर हमलोग ओर जोश और मजबूती की तरफ बढ़ रहे हैं और भी मेहनत करना है और अध्यक्ष ने कहा कि प्रखण्ड में हो रहे भ्रष्टाचार और लोगों के ऊपर हो रहे शोषण को जड़ से मिटाना है। मौके पर उपस्थित केंद्रीय समिति सदस्य नुसरत खातून उपाध्यक्ष लारेन्टस कुजुर चोनहास बारला कोषाध्यक्ष जोहान खलखो प्रखंड महिला मोर्चा उपाध्यक्ष शांति कुजुर पंचायत अध्यक्ष प्रवीण साय पंचायत अध्यक्ष जॉर्ज कुजुर एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### कुलूकेरा में आयुष ग्राम शिविर का हुआ आयोजन




**सिमडेगा**: जिला अन्तर्गत कुलूकेरा में जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुभद्रा कुमारी के निर्देश पर आयुष ग्राम शिविर का आयोजन शनिवार को किया गया। डॉ आशीष उरांव के देख रेख में आस पास के क?ई टोलों से 104 मरीजों का स्वस्थ जांच कर रोगानुसार नि:शूल्क दवा वितरण किया गया। शिविर में योग, आसन, प्राणायाम के महत्व एवं रोगानुसार क्रियात्मक अभ्यास द्वारा मरीजों को बतलाया गया। किसान भाइयों को टमाटर, बिन, मुली, मटर, धनिया, पलक जैसे औषधीय सब्जियों के साथ-साथ कटहल, अमरूद, आम, जामुन जैसे फलदार पौधों का निशुल्क वितरण किया गया। शिविर के अन्त में डीएएमओ मैम डॉ सुभद्रा कुमारी एवं मीरा मैम के द्वारा निरीक्षण किया गया। शिविर में योग प्रशिक्षक घनश्याम राम, देवनारायण प्रधान, जय शीला बाई, अंजनी कुमारी सहिया साथी रोशनी कुजूर, निर्मला टोप्पो, उर्मिला देवी, संध्या कुजूर, मैक्सिमा कीड़ो का मुख्य भूमिका रहा।

### नवलशाही में आवारा कुत्ता ने एक बुजुर्ग महिला को कटकर किया गंभीर रूप से घायल



मरकच्चो: नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बिंडोमोह गांव में रविवार सुबह करीब 10 बजे एक आवारा कुत्ते ने एक बुजुर्ग महिला पर अचानक हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी।घायल महिला को स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में सदर अस्पताल कोडरमा में भर्ती कराया, जहाँ उनका उपचार चल रहा हैं। मिली जनकारी के अनुसार घायल महिला की पहचान बिजुलिया देवी 65 वर्ष पति स्व. बासुदेव पासवान के रूप में हुई हैं। घायल महिला अपने घर से निकली और सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान गांव में घूम रहे एक आवारा कुत्ते ने अचानक उन पर हमला कर दिया। कुत्ते ने बिजुलिया देवी के दोनों हाथों में कई जगह काटा, जिससे वह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ी। उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और किसी तरह तरह कुत्ते को वहां से भगाकर उन्हें बचाया।

### जोबराज मेमोरियल एक्टिव स्कूल का चतुर्थ वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न




**डोमचांच** : डोमचांच स्थित जोबराज मेमोरियल एक्टिव स्कूल में रविवार को चतुर्थ वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही हर्षोल्लास, उत्साह और गरिमामय माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमेन बलराम भारती एवं अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर तथा माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। समारोह के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। आकर्षक नृत्य, सामाजिक संदेश से परिपूर्ण नाटक, प्रेरणादायक भाषण एवं मनमोहक समूह गीतों ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों की भरपूर तालियां बटोरीं। बच्चों की प्रतिभा, आत्मविश्वास और अनुशासन ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा विधानसभा की विधायक डॉ. नीरा यादव उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का सबसे सशक्त माध्यम है और ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विशिष्ट अतिथियों में डोमचांच नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष उमेश वर्मा, समाजसेवी भरत नारायण मेहता, महेश एकेडमी के निदेशक सुनील सिन्हा, डॉ. भुवनेश्वर ठाकुर, रंजीत सिंह, सरस्वती ज्ञान मंदिर के निदेशक शिवकुमार मेहता, जिला परिषद सदस्य शांति प्रिया सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के निदेशक सूरज भारती, प्राचार्य पंकज कुमार शर्मा तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। पूरे आयोजन में शिक्षा, संस्कार और सांस्कृतिक विविधता की सुंदर झलक देखने को मिली। समारोह के अंत में अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय परिवार को बधाई दी।

# राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने खेलो इंडिया साइक्लिंग में किया शानदार प्रदर्शन






प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने खेलो इंडिया साइक्लिंग प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लेकर राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। रांची स्थित खेलगांव में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अनुशासन, कड़ी मेहनत और टीम भावना का उत्कृष्ट परिचय देते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन किया। उनकी उपलब्धि से विश्वविद्यालय परिसर में गर्व और खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने कठिन अभ्यास और रणनीतिक तैयारी के दम पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने इसे युवाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया और कहा कि खेल गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण में अहम भूमिका निभाती हैं। कुलाधिपति बी.एन. साह ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा, "खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास को सशक्त करने का आधार भी है। हमारे विद्यार्थियों की यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि विश्वविद्यालय खेल सुविधाओं और प्रशिक्षण संसाधनों को और सुदृढ़ करेगा, ताकि विद्यार्थी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बेहतर प्रदर्शन कर सकें। विश्वविद्यालय सचिव प्रियंका कुमारी ने भी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विश्वास जताया कि आने वाले समय में छात्र-छात्राएं विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे। कुलपति प्रो. (डॉ.) रश्मि, कुलसचिव प्रो. (डॉ.) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो. (डॉ.) अशोक कुमार तथा प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। शारीरिक शिक्षा विभाग के व्याख्याता प्रदीप कुमार रजक ने तकनीकी अधिकारी के रूप में प्रतियोगिता में योगदान दिया। लेफ्टिनेंट डॉ. अमन वर्मा ने भी खिलाड़ियों की सराहना की। डुमरी विधानसभा के विधायक जयराम महतो, झारखंड साइक्लिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र कुमार पाठक, झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन ए. सोरेंग, पुष्पा हस्सा तथा खेलो इंडिया ASMITA साइक्लिंग पूर्वी क्षेत्र 2025-26 के तकनीकी पदाधिकारियों ने भी खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नव निर्वाचित अध्यक्ष रमेश हर्षधर का भव्य स्वागत समाजों ने दी होली की शुभकामनाएं



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** फागुन की मधुर बयार के बीच झुमरी तिलैया में नई उम्मीदों का सूर्योदय हुआ, जब नगर परिषद के नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री रमेश हर्षधर का विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया। जीत की खुशी और होली की रंगीन शुभकामनाओं ने माहौल को और भी आनंदमय बना दिया। विभिन्न समाजों ने पुष्पमालाओं से किया सम्मान झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ कोडरमा, कान्यकुब्ज वैश्य हलुवाई समाज कोडरमा, चित्रांश समाज झुमरी तिलैया, यादव समाज गुमो तथा महिला मंडल विद्यापुरी ने अलग-अलग स्थानों पर श्री हर्षधर को पुष्पमालाए पहनाकर सम्मानित किया। अध्यक्ष रमेश हर्षधर ने सभी समाजों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत पूरे शहर की जनता की है। उन्होंने स्वच्छता, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया। साथ ही, उन्होंने होली के पावन अवसर पर सभी नागरिकों को प्रेम, एकता और सौहार्द की शुभकामनाएं दीं। समारोहों में शिक्षक संघ ने शिक्षा सुधार की अपेक्षा जताई, महिला मंडल ने महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की बात कही, जबकि चित्रांश समाज और अन्य संगठनों ने सामाजिक समरसता बनाए रखने की उम्मीद व्यक्त की। नए नेतृत्व के स्वागत से शहर में सकारात्मक संदेश गया है।

## गोबरघूसी में जल संकट महिलाओं ने समाधान की लगाई गुहार





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा :** गर्मी के दस्तक देते ही पूर्वी सिंहभूम जिला के सुदूरवर्ती गांवों में जल समस्या गहराता जा रहा हैं। इसी कड़ी में पटमदा प्रखंड के गोबरघूसी गांव के दुर्गा मंदिर के पास स्थित जल मीनार कई माह पहले तेज आंधी के कारण ध्वस्त हो गया था। उसके बाद पूरे गांव में जल समस्या गहरा गया हैं। दुर्गा मंदिर के आसपास के घरों के महिलाओं ने पेयजल समस्या समाधान को लेकर रविवार को प्रदर्शन करते हुए प्रखंड प्रशासन से जल्द से जल्द पेयजल समस्या समाधान की मांग की । ग्रामीण श्री चरण माझी ने बताया कि ग्रामीणों को पेयजल को लेकर काफी समस्या हो रही हैं। सार्वजनिक दुर्गा मंदिर और माझी टोला का चापाकल काफी लंबे समय से खराब रहने से महिलाओं को दूर दराज से पेयजल की आपूर्ति करनी पड़ रही हैं।ग्रामीण महिला सबनी माझी बताती हैं कि हमारे टोला में चापाकल खराब रहने से एक कुआं से पानी लाकर दर्जनों परिवार अपनी प्यास बुझा रहे हैं।गोबरघूसी सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के पास खराब जलमीनार को अविलंब ठीक करवाने की ग्रामीण महिलाओं ने मांग रखी हैं। महिलाओं का कहना कि यदि प्रशासन के द्वारा अविलंब इस समस्या का समाधान नहीं होता हैं तो सभी महिलाएं एकजुट होकर प्रखंड कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे।

## चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के थाना परिसरों में हुई शांति समिति की बैठक


चांडिल थाना


ईचागढ़ थाना


नीमडीह थाना


तिरूलडीह थाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** ईचागढ़, चांडिल, नीमडीह व तिरूलडीह थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक में होली का त्योहार शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का निर्णय लिया गया। ईचागढ़ थाना में अंचलाधिकारी दीपक प्रसाद, बीडीओ एकता वर्मा , थाना प्रभारी बजरंग महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं तिरूलडीह थाना परिसर में शांति समिति की बैठक में थाना प्रभारी कौशल कुमार, प्रमुख प्रतिमा बाला सिंह पातर मुख्य रूप से उपस्थित थे। नीमडीह थाना में थाना प्रभारी संतन तिवारी, चांडिल थाना में थाना प्रभारी डिलशन बीरूवा ने होली पर सरकारी गाइडलाइन का जानकारी दिया एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने में प्रशासन का सहयोग करने का अपील किया।वहीं पदाधिकारीयों ने अश्लील गाने,डीजे का प्रयोग एवं शराब का सेवन कर हुड़दंगी करने वालों पर कार्रवाई करने की बात कही एवं सदस्यों से अपील किया कि होली के आड़ में असमाजिक गतिविधि व हुड़दंगियों का सुचना थाना को देने का अपील किया ताकि समय पर कार्रवाई किया जा सके। बच्चा चोर जैसे अफवाहों से बचने का अपील किया।वहीं ईचागढ़ थाना प्रभारी बजरंग महतो ने अपील किया कि रिश्ते के आड़ में एवं किसी के मर्जी के खिलाफ रंग नहीं लगाएं, ताकि किसी के भावना आहत न हो और त्योहार शांति और सद्भावना के साथ मनाया जाय। मौके पर पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साहू, मनोज कुमार मछुआ, मुखिया चितरंजन, राम लाल सिंह, सुलोचना देवी, नीमडीह उप प्रमुख शेफाली महतो, अनीता पारित आदि उपस्थित थे।

## 'पीपुल फर्स्ट' पहल के तहत बीएफसीएल में फरवरी में जन्मे 211 कर्मचारियों का सामूहिक जन्मदिन उत्सव



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड ने अपनी 'पीपुल फर्स्ट कल्चर' पहल के अंतर्गत फरवरी माह में जन्मदिन मनाने वाले कुल 211 कर्मचारियों के सम्मान में 28 फरवरी 2026 को सामूहिक जन्मदिन समारोह का आयोजन किया। यह आयोजन संस्थान की कर्मचारी-केन्द्रित कार्य संस्कृति और टीम भावना को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा गया। समारोह में जीएएफए के 81 कर्मचारी, एचएसपीए के 124 कर्मचारी तथा रांची स्थित मुख्य कार्यालय के 6 कर्मचारियों ने भाग लिया। विभिन्न इकाइयों और विभागों से जुड़े कर्मियों ने एक साथ मिलकर इस विशेष अवसर को उत्साह और सौहार्द के साथ मनाया। कार्यक्रम का आयोजन एचएएसपी कैंटीन, जीएएफए कैंटीन और रांची मुख्यालय में किया गया। इस अवसर पर अनंत शंकर सेठ सहित कई विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने कर्मचारियों का उत्साह बढ़ाया और संगठन के प्रति जुड़ाव की भावना को मजबूत किया। कार्यक्रम के दौरान केक काटा गया, शुभकामना संदेश दिए गए और सभी जन्मदिनधारी कर्मचारियों को सामूहिक रूप से बधाई दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि कर्मचारियों की निष्ठा, मेहनत और समर्पण ही कंपनी की निरंतर प्रगति का आधार है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल कार्यस्थल को सकारात्मक बनाते हैं, बल्कि आपसी विश्वास, सहयोग और पारिवारिक वातावरण को भी सुदृढ़ करते हैं। प्रबंधन ने स्पष्ट किया कि बीएफसीएल प्रत्येक कर्मचारी को अपने परिवार का अभिन्न सदस्य मानता है और उनकी खुशियों को संस्थान की सफलता से जोड़कर देखता है। अंत में सभी जन्मदिन मनाने वाले कर्मचारियों को उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दी।

# होली-रमजान को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए बरकाकाना ओपी में शांति समिति की हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** होली एवं रमजान को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से बरकाकाना ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा ने की। इसमें क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और विभिन्न समुदायों के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य रूप से होली के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने, हुड़दंग पर रोक लगाने तथा रमजान माह में आपसी सम्मान और सहयोग बनाए रखने पर विस्तार से चर्चा की गई। ओपी प्रभारी उमाशंकर वर्मा ने कहा कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हुड़दंगियों और शांति भंग करने वालों पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। उन्होंने सभी से अपील की कि किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें और न ही उसे आगे बढ़ाएं। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या विवाद की सूचना मिलती है तो तुरंत ओपी को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और आम जनता के सहयोग से ही शांति व्यवस्था कायम रखी जा सकती है। बैठक में समाजसेवी रमेश प्रसाद यादव, जीएस राय, पूर्व पार्षद विनोद तिवारी, गोविंद बेदिया, हरि रत्नम साहू, दीपक कुमार सिंह, प्रदीप शर्मा, सुशील कुमार, पंचदेव करमाली, अखिलेश महतो, विनोद महतो, मोहम्मद इकबाल अंसारी, मोहम्मद मकसूद, मोहम्मद शाहनवाज खान, पवन यादव, नवनिर्वाचित पार्षद गीता देवी, फातिमा बेगम, सोहेल अंसारी, मो. मुबारक, विवेक कुमार सिंह, जानकी महतो, मोहम्मद अनवर हुसैन, शीतल बेदिया, असगर अंसारी, शकील अहमद, मोहम्मद शहजाद, मोहम्मद मोहिब, उमेश महतो, मोहम्मद तैयब अंसारी, भुवनेश्वर महतो, सुनील महतो, हरेश महतो और कामेश्वर महतो सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## एक नजर

### हाथी हमले के पीड़ितों को मिली सहायता राशि

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा क्षेत्र में हाथी हमले से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। जगन्नाथपुर के विधायक सोनाराम सिंकू ने वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत सारंडा वन प्रमंडल के सांसगदा वन क्षेत्र में पहुंचकर पीड़ित परिवारों को मुआवजा राशि सौंपी। हाथी के हमले में जान गंवाने वाले व्यक्ति की परिजन सलोमी पूर्ति को चार लाख रुपये की अनुग्रह सहायता प्रदान की गई। वहीं हमले में घायल हुई सोमवारी सुरीन को एक लाख पचास हजार रुपये की आर्थिक मदद दी गई। विधायक ने परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान सांसगदा वन क्षेत्र पदाधिकारी शंकर भगत, वनरक्षी सावन कुमार, बासुदेव बिरुवा समेत विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और मुआवजा भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सारंडा क्षेत्र में मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है। प्रभावित परिवारों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है। साथ ही हाथियों की गतिविधियों पर निगरानी, ग्रामीणों के बीच जागरूकता अभियान और आवश्यक सुरक्षा उपाय लगातार किए जा रहे हैं, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके।

### 21 मार्च को मनाया जाएगा प्रकृति महापर्व सरहुल

**खूंटी :** तोरपा के बांदू गांव में रविवार को दूसरा शाखा स्थापना दिवस सह सरना धर्म प्रार्थना सभा आयोजित की गई। डॉ सीताराम मुंडा, राजू पाहन सरोज तोपनो, रेशमा मिंजूर, रोवा भेंगरा व सुष्मिता गुड़िया की अगुवाई में अनुयायियों के साथ सरना स्थल में भगवान सिंगबोंगा की पूजा-पाठ कर सुख, शांति और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर बगरय मुंडा ने कहा कि सरना विश्व का सबसे पुराना धर्म है, जो प्रकृति आधारित है. अब सरना धर्म कोड के लिए राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में जोरदार आंदोलन किया जा रहा है, ताकि हर हालत में सरना धर्म कोड जनगणना परिपत्र में आवंटित हो। उन्होंने कहा कि आजाद भारत में जनजाति समाज के धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक मसले को अनदेखा किया जा रहा है जिससे भारत में प्रकृति पूजक को धार्मिक गुलामी और धर्मांतरण के लिए मजबूर हो रहे हैं। धर्मान्तरण रोकने के लिए भारत सरकार को सरना धर्म कोड यथाशीघ्र लागू करना चाहिए। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने कहा कि सरकार ने प्रकृति महापर्व सरहुल के लिए आगामी 21 मार्च, दिन-शनिवार को सरकारी अवकाश घोषित किया है। सरहुल के लिए अपने घरों, पूजा स्थलों एवं गाड़ियों में नया सरना झंडा लगाया जाएगा और उसी दिन अपने-अपने क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ सरहुल मनाया जाएगा और दोपहर को गाजा-बाजा के साथ सरहुल शोभायात्रा निकाली जाएगी। समाज में पुराने मन-मुटाव, आपसी भेद-भाव, ईर्ष्या-द्वेष, नाकारात्मक विचारों को त्याग कर नए फूल और पत्तों की तरह समाज में अच्छाई-सच्चाई, सुख, शांति, खुशहाली, दया, क्षमा, प्रेम एवं भाईचारा का संचार करना है। कार्यक्रम में धर्मगुरु सोमा कंडीर, धर्मगुरु भैयाराम ओड़ेया, मथुरा कंडीर, मुखिया बिमला डोडराय, बाजु मुंडा, रतिया मुंडा, जयपाल हेंबरोम, जीतु पहान, बिरसा तोपनो, जगदेव मुंडा सहित अन्य ने विचार व्यक्त किए।

## संक्षिप्त खबरें

### सरिया में होली की तैयारियां तेज, अश्लील गानों व डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध



**सरिया :** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और भाईचारे के माहौल में मनाने के उद्देश्य से रविवार को सरिया थाना परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी ने की, जबकि संचालन थाना प्रभारी द्वारा किया गया। बैठक में प्रशासन की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया कि होली के दौरान अश्लील गानों के प्रसारण एवं डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक गतिविधि, हुड़दंग या कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाले कृत्य बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि पर्व के दौरान सोशल मीडिया पर भ्रामक या भड़काऊ पोस्ट साझा करने वालों पर भी कड़ी निगरानी रखी जाएगी। सभी नागरिकों से अपील की गई कि वे प्रशासन का सहयोग करें और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ शांति व सद्भाव बनाए रखें। बैठक में जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधि एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### अड़की प्रखंड के कोटा गांव में ट्राइबल स्टडी सेंटर के अंतर्गत कोचिंग सेंटर का हुआ उद्घाटन




**खूंटी :** ज़िले के अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र अड़की प्रखंड के अति सुदूरवर्ती कोटा गाँव में बच्चों के बौद्धिक विकास हेतु विकास भारती द्वारा संचालित ट्राइबल स्टडी सेंटर के अन्तर्गत एक कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किया। इस कोचिंग सेंटर के माध्यम से बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ उनके बौद्धिक विकास के लिए जो भी आवश्यक संसाधन होंगे, उनकी प्रतिपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और मंच की आवश्यकता है। मुझे खुशी है कि गौरमोहन सिंह मुंडा और प्रियवर्त नाग जैसे युवाओं का योगदान सराहनीय है जो ऐसे क्षेत्रों में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध हो रहें हैं। इस दौरान कार्यक्रम में प्रो० प्रदीप मुंडा जी, महावीर सिंह मुण्डा जी, गुरुवा मुण्डा जी, श्यामलाल मुण्डा जी, बसंत ओहदार जी, रवींद्र भगत जी सहित पूरे पंचायत से आये बच्चों व उनके अभिभावकगण उपस्थित रहें।

### विधायक के आवासीय कार्यालय पर भव्य होली मिलन समारोह, हजारों लोगों की मौजूदगी में भाईचारे और एकता का दिया संदेश



**पतरातू :** रंगों के पर्व होली के अवसर पर पतरातू स्थित विधायक रोशन लाल चौधरी के आवासीय कार्यालय में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जनप्रतिनिधि, विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता, समाजसेवी, मातृशक्ति और युवा वर्ग की उल्लेखनीय उपस्थिति ने आयोजन को उत्सव में बदल दिया। समारोह की शुरूआत विधायक रोशन लाल चौधरी ने लोगों को गुलाल लगाकर और होली की शुभकामनाएं देकर की। पूरे परिसर में ह्यहोली हैह्न के जयघोष और पारंपरिक गीतों की गूंज सुनाई देती रही। रंग-बिरंगे अबीर-गुलाल और फूलों के साथ लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर उत्सव का आनंद लिया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी मतभेद और कटुता को दूर कर प्रेम, सद्भाव और भाईचारे को मजबूत करने का पर्व है। उन्होंने कहा कि पतरातू क्षेत्र विविधता से भरा हुआ है और यहां हर वर्ग के लोग मिलजुलकर रहते हैं। "हमारा क्षेत्र एक गुलदस्ते की तरह है, जहां हर रंग की अपनी पहचान और खूबसूरती है। यह होली मिलन समारोह हमारी एकजुटता और आपसी विश्वास का प्रतीक है, उन्होंने कहा।

कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में स्थानीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक फगुआ गायन और होली गीत शामिल रहे। ढोल और मंजीरे की थाप पर लोग झूमते नजर आए। इसके अलावा आगंतुकों के लिए पारंपरिक व्यंजनों की भी विशेष व्यवस्था की गई थी, जिसका लोगों ने आनंद लिया। समारोह के दौरान विधायक ने लोगों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। उन्होंने बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और युवाओं से क्षेत्र के विकास में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हुए इस आयोजन ने सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में उत्साह का वातावरण बना।

# केजरीवाल संबंधी निर्णय : संकेत, सन्देश और सियासत

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पिछले दिनों विवादित दिल्ली आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत ने सीबीआई द्वारा अदालत में पेश किये गये सबूतों को कमजोर और अपर्याप्त बताया और कहा कि आरोपियों की कोई आपराधिक साजिश या इरादा साबित नहीं हुआ। अदालत ने कहा कि केवल दावे पर्याप्त नहीं होते बल्कि ठोस सबूत होने भी जरूरी हैं। अदालत ने कहा कि चार्जशीट में खामियां हैं और कोई साक्ष्य भी नहीं मिला। इस अदालती फैसले के बाद राजनैतिक हल्कों में हलचल तेज हो गयी है। गौरतलब है कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार ने नवंबर 2021 में नई आबकारी नीति लागू की थी। इस नीति का उद्देश्य शराब की बिक्री का निजीकरण कर ग्राहक सुविधा बढ़ाना और शराब की काला बाजारी रोकना बताया गया था। परन्तु जुलाई 2022 में मुख्य सचिव की रिपोर्ट में प्रक्रियागत खामियां, मनमाने फैसले और 500 करोड़ से अधिक का नुक़्सान बताते हुए दिल्ली के तत्कालीन एल जी, वी के सक्सेना ने सीबीआई जांच की सिफारिश की।

उस समय केंद्र सरकार की अधीनस्थ संस्थाओं सीबीआई और ईडी द्वारा यह आरोप लगाया गया कि दिल्ली सरकार के तत्कालीन आबकारी मंत्री मनीष सिसोदिया द्वारा इस नयी आबकारी नीति को निजी शराब कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए तैयार किया गया था। जिसमें 100 करोड़ के कैशबैक आम आदमी पार्टी के कई नेताओं को मिले। तत्कालीन मुख्य मंत्री अरविन्द केजरीवाल को इस पूरे मामले का मुख्य साजिशकर्ता बताया गया। इसके बाद जुलाई 2022 में एलजी की सिफारिश से ही अगस्त में सीबीआई व ईडी द्वारा केस रजिस्टर्ड किया गया तथा सितंबर में नयी आबकारी नीति रद्द कर दी गयी । इसी के बाद फरवरी 2023 में मनीष सिसोदिया को और मार्च 2024 में केजरीवाल को गिरफ़्तार कर लिया गया। अब जहाँ संबंधित अदालत द्वारा केजरीवाल व सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों को बरी कर दिया गया हैं वहीं खबर यह भी है कि निचली अदालत के इस फैसले को चुनौती देने हेतु सी बी आई संभवतः हाई कोर्ट का रुख कर सकती है।

बहरहाल इस अदालती फैसले के बाद विपक्ष एक बार फिर केंद्र सरकार पर हमलावर है। क्योंकि मोदी सरकार के दौरान ही अरविंद केजरीवाल के अलावा और भी कई विपक्षी दलों के मुख्यमंत्रियों और नेताओं पर ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों ने कार्रवाई करने की कोशिश की। इनमें गिरफ़्तारियां भी हुईं, परन्तु अधिकांश मामलों में या तो जमानत मिली या मामले डिस्चार्ज हुये या फिर उन्हें अदालत से राहत मिली। उदाहरण स्वरूप झारखंड के मुख्यमंत्री पद पर आसीन हेमंत सोरेन को 2024 में ईडी द्वारा लैंड स्कैम और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे मामलों में गिरफ़्तार किया गया। उन्हें सीएम पद से इस्तीफा देकर जेल जाना पड़ा। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने 2026 में ईडी की कार्यवाही पर स्टे लगा दिया और वे रिहा होने के बाद पुनः मुख्यमंत्री बने। इसी तरह कर्नाटक की कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के विरुद्ध ईडी ने टवऊअ स्कैम में हाईकोर्ट ने जांच की मंजूरी तो दे दी परन्तु लोकायुक्त ने उन्हें क्लीन चिट दे दी। यूँही कभी केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को ईडी द्वारा 466 करोड़ का ऋएटअ नोटिस जारी किया गया व कई कारण बताओ नोटिस जारी किये गये। परन्तु अभी तक कोई गिरफ़्तारी नहीं हो सकी। इसी तरह तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव,डी शिवकुमार,पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी जैसे और भी कई नेताओं से ई डी व सी बी आई पूछताछ कर चुकी है। पिछले दिनों हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को भी पंचकूला के एजेएल जमीन आवंटन मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने सीबीआई की विशेष अदालत द्वारा हुड्डा के खिलाफ आरोप तय किए जाने के आदेश को रद्द कर दिया है और उन्हें क्लीन चिट दे दी।

## सूडोकु नवताल- 7721

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | | | | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7720 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 5 | 8 | 6 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 1 |
| 1 | 6 | 2 | 3 | 8 | 9 | 5 | 4 | 7 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 1 | 7 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 |
| 2 | 1 | 9 | 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 4 | 1 | 9 | 3 | 2 | 6 | 8 |
| 3 | 8 | 6 | 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# होली : रंग, संस्कृति और जीवन दर्शन का उत्सव

उदय कुमार सिंह



भारत विविधताओं, परंपराओं और उत्सवों का देश है। यहां मनाए जाने वाले प्रत्येक पर्व का अपना सांस्कृतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक महत्व है। इन्हीं पर्वों में होली का विशेष स्थान है। रंगों, उमंगों और प्रेम का संदेश देने वाला यह त्योहार केवल एक उत्सव नहीं बल्कि भारतीय जीवन दर्शन का जीवंत प्रतीक है। होली प्रकृति, संस्कृति और मानवीय भावनाओं का अद्भुत संगम है, जो समाज में प्रेम, सौहार्द और भाईचारे की भावना को मजबूत करता है।

भारतीय सनातन संस्कृति में प्रत्येक पर्व उत्सव के साथ-साथ आध्यात्मिक संदेश और जीवन दर्शन का प्रतीक होता है। उन्हीं पावन पर्वों में से एक है होली, जो रंगों, उल्लास और भक्ति का अद्भुत संगम माना गया है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व केवल बाहरी रंगों का उत्सव नहीं बल्कि अंतर्मन को प्रेम, करुणा और सद्भाव से रंगने का अवसर है।

**रंगों का त्योहार**

होली का नाम लेते ही मन में रंगों की फुहार, हंसी-ठिठोली और उल्लास का वातावरण सजीव हो उठता है। होली जीवन के उत्साह और आनंद का प्रतीक है। यह पर्व मनुष्य के भीतर छिपी प्रसन्नता को बाहर लाने का अवसर प्रदान करता है। यह केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि भावनाओं का उत्सव है। फाग गीतों की मधुरता, ढोल-मंजीरों की थाप, मित्रों और परिजनों की हंसी तथा अबीर-गुलाल की रंगत इस पर्व को विशेष बनाती है। प्रकृति भी मानो इस उत्सव में सहभागी बन जाती है। आम के पेड़ों पर आई बौर, भंवरों की गूंज, खिले हुए फूल और कोयल की मधुर कूक वातावरण को आनंदमय बना देती है।

**इसबार होली कब है?**

इस साल 3 मार्च को चंद्रग्रहण लगने जा रहा है। इसलिए सबसे बड़ा सवाल यह है कि रंग कब खेला जाएगा? ज्योतिष के अनुसार , चंद्रग्रहण लगने के नौ घंटे पहले से सूतक काल प्रारंभ हो जाता है। सूतक काल में किसी भी तरह के धार्मिक उत्सव मनाने से परहेज किया जाता है। ऐसे में होली 4 मार्च 2026 को मनाया जाएगा। अगर शास्त्र सम्मत विधि की बात की जाए तो ग्रहण के समापन के उपरांत रंग खेल सकते हैं इसलिए धुलंडी (रंगों की होली) 4 मार्च को ही खेली जाएगी।

**चंद्रग्रहण का समय**

पंचांग के अनुसार, इस बार होली के साथ चंद्रग्रहण भी लगने जा रहा है, जो भारत में दृश्यमान रहेगा। इसलिए सम्पूर्ण भारत में ग्रहण का सूतक काल भी लागू रहेगा। भारतीय समयानुसार, चंद्रग्रहण 3 मार्च को दोपहर में 3 बजकर 20 मिनट से प्रारंभ हो जाएगा, जिसका समापन शाम 6 बजकर 47 मिनट पर होगा। अगर कुल अवधि की बात की जाए तो इस बार का चंद्रग्रहण 3 घंटे 27 मिनट तक दिखेगा।

**ऋतु से होली का संबंध**

होली का सीधा संबंध ऋतुओं के राजा बसंत से है। बसंत ऋतु प्रकृति के नवजीवन का प्रतीक मानी जाती है। पतझड़ के बाद जब वृक्षों पर नई कोपलें फूटती हैं, खेतों में सरसों पीली चादर ओढ़ लेती है और वातावरण सुगंधित हो उठता है, तब होली का आगमन होता है।

बसंत प्रेम, नवचेतना और उल्लास का संदेश लेकर आता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी ऋतु में भगवान श्रीराम का माता सीता से प्रथम मिलन हुआ था। भगवान श्रीकृष्ण ने वृंदावन में गोपियों संग रास रचाकर प्रेम और आनंद का संदेश दिया। महाशिवरात्रि का पावन पर्व भी इसी काल में आता है, जो भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन की स्मृति से जुड़ा है। इस प्रकार होली केवल सामाजिक नहीं, बल्कि धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

**होली का संदेश**

होली बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक पर्व है। होलिका दहन की परंपरा हमें यह सिखाती है कि अहंकार, अन्याय और अधर्म का अंत निश्चित है। पौराणिक कथा के अनुसार, भक्त प्रह्लाद की अटूट भक्ति के सामने अत्याचारी हिरण्यकश्यप और होलिका का अहंकार नष्ट हो गया। इसलिए होलिका दहन केवल एक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन की नकारात्मकताओं को त्यागने का प्रतीक है। यह पर्व नवसंवत्सर के स्वागत की भी तैयारी है। होली हमें मन की कलुषता, ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य को त्याग कर नए उत्साह और सकारात्मक सोच के साथ जीवन की नई शुरूआत करने का संदेश देती है। होली मिलन कार्यक्रम सामाजिक समरसता और आपसी मेल-जोल को बढ़ावा देते हैं।

**होली और रंगों की परंपरा**

होली रंगों का त्योहार है और रंग जीवन के विविध भावों के प्रतीक हैं। लाल रंग प्रेम और ऊर्जा का, पीला रंग खुशहाली का, हरा रंग समृद्धि का तथा नीला रंग शांति और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। होली के दिन बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी रंगों में सराबोर हो जाते हैं। गलियों, मोहल्लों, गांवों और शहरों में उत्साह का वातावरण दिखाई देता है। हाथों में पिचकारियां, चेहरे पर मुस्कान और दिलों में अपनापन-यही होली की असली पहचान है। इस दिन सामाजिक भेदभाव समाप्त हो जाते हैं और सभी लोग एक समान होकर उत्सव मनाते हैं। बुरा न मानो होली हैह्व केवल एक वाक्य नहीं बल्कि जीवन को सहजता और प्रसन्नता से जीने का संदेश है। यह पर्व हमें क्षमा, अपनापन और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा देता है।

**होली की सामाजिक और सांस्कृतिक महत्ता**

होली आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक है। यह पर्व रिश्तों में आई दूरियों को मिटाने का अवसर प्रदान करता है। लोग पुराने गिले-शिकवे भूलकर एक-दूसरे को गले लगाते हैं और शुभकामनाएं देते हैं। परंपरा के अनुसार, होली के दिन लोग मित्रों और रिश्तेदारों के घर जाकर अबीर-गुलाल लगाते हैं, बुजुर्गों का आशीर्वाद लेते हैं और बच्चों को स्नेह प्रदान करते हैं। मिठाइयों और पकवानों का आदान-प्रदान सामाजिक संबंधों को और मजबूत बनाता है। आज के व्यस्त जीवन में जहां लोगों के बीच दूरी बढ़ती जा रही है, वहां होली जैसे पर्व समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। यह हमें याद दिलाती है कि जीवन का वास्तविक आनंद प्रेम, सहयोग और सद्भाव में ही निहित है।

**प्रह्लाद की अटूट भक्ति**

होली का मूल संबंध भक्त प्रह्लाद और उनके पिता हिरण्यकशिपु की कथा से जुड़ा है। हिरण्यकशिपु असुरराज था, जिसने अपने अहंकार में स्वयं को ईश्वर घोषित कर दिया था। किंतु उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का अनन्य भक्त था। अनेक यातनाएं देने के बावजूद प्रह्लाद की भक्ति अडिग रही। अंततः हिरण्यकशिपु की बहन होलिका, जिसे अग्नि से न जलने का वरदान प्राप्त था, प्रह्लाद को गोद में लेकर अग्नि में बैठ गई। किन्तु दैवीय न्याय देखिए, होलिका जलकर भस्म हो गई और प्रह्लाद सुरक्षित रहे। इसी स्मृति में होलिका दहन किया जाता है। यह दहन केवल लकड़ियों, गोबर के उपलों और बल्लों का नहीं बल्कि अहंकार, क्रोध, ईर्ष्या और पाप प्रवृत्तियों का होता है।

**रंगों की होली**

होलिका दहन के दूसरे दिन रंगों की होली खेली जाती है। यह दिन सामाजिक समरसता और आपसी प्रेम का प्रतीक है। छोटे-बड़े, अमीर-गरीब, जाति-पंथ के भेद मिटाकर सभी एक-दूसरे को रंग लगाते हैं। सनातन परंपरा में ब्रजभूमि में इस त्यौहार का विशेष महत्व है। वृंदावन और बरसाना की लठमार होली विश्व प्रसिद्ध है। इस त्यौहार राधा-कृष्ण की दिव्य लीलाओं की स्मृति है, जो ब्रज जी गलियों सहित पूरे भारत में आज भी जीवंत है।

# समष्टि चित्त का उल्लास



गिरीश्वर मिश्र

मनुष्य जीवन का अस्तित्व, पोषण और उत्थान पारस्परिक संबंधों के बीच ही संभव है। यह तथ्य सर्वविदित है किंतु आज के सामाजिक जीवन में अकेले व्यक्ति के अपने अहंकार का अभिमान इतना प्रचंड होता जा रहा है कि वह सबकुछ भूल कर उसके विस्तार के लिए किसी भी तरह की हिंसा का सहारा लेने से नहीं चूकता। वह सिसृक्षा के मूल आशय को भी भूल जाता है। यह विश्वात्मा की एक से अनेक होने-एकोहं बहुस्याम की उद्दाम आकांक्षा ही थी जो सृष्टि में सृजन का व्याज बनी। कहते हैं अन्य को रच कर विश्वात्मा ने उस रचना में स्वयं उपस्थित होकर उसे अनन्य बना दिया। आज भी दूसरों के साथ जुड़ाव जीवन के स्पंदन का आधार बना हुआ है। प्रगाढ़ रिश्तों की उदार विशालता से व्यक्ति, समुदाय और देश सकारात्मक रूप से सक्रिय होते हैं और उसके अभाव में बिखर कर टूट जाते हैं। इस सत्य को भारतीय समाज ने बहुत पहले आत्मसात किया था और संगच्छध्वम संवधध्वम संवो मनांसि जानताम का उद्घोष किया था। इस भाव को अपने जीवन में उतारने के लिए वर्षभर अनेक उत्सवों और पर्वों की संकल्पना की गई जिसमें व्यक्ति अपने सीमित स्व से ऊपर उठकर अपने को सबमें और सबको अपने में देखने की चेष्टा करता है। ऐसा करते हुए मनुष्य न केवल समाज बल्कि प्रकृति के साथ भी एकाकार होने की संभावना को तलाशता रहता है। इसी में आनंद मिलता है जो जीवन का प्रयोजन है।

होली का उत्सव इसी लौकिक तलाश का मूर्त रूप है। होली वसंत में मनाई जाती है जब पूरी सृष्टि में एक साथ उल्लास के बीज का विस्फोट दिखता है। प्रसिद्धि है कि नया रमणीय होता है इसलिए सबके मन को भाता है। नए के लिए मन में उत्सुकता और उमंग होती है। अज्ञात और अनागत का आकर्षण वसंत के आगमन में चतुर्दिक दिखता है। उत्साह के साथ होली में एक कि स्म का उन्माद का भाव आता है जब हम अपने को भुला कर आनंद का अनुभव करते हैं। प्रकृति में परिवर्तन का संदेश राग और अनुराग के कोमल भावों को जीवित करता है। वह यही कहता है कि सालभर जिन सफलताओं और विफलताओं का मीठा कड़वा अनुभव करते रहे हैं उन सबसे आगे बढ़कर या परे जाकर जीवन क्रम के नाटक का नया अंक शुरू करें। होली का उत्सव पुराने का आतंक भूल नए चित्र कैनवस पर उकेरने की पुकार लगाता है।

भारत में ऋतुराज वसंत इस दृष्टि से अनोखा और समृद्ध होता है कि इसके आगमन के साथ ठंड को किनारे कर प्रकृति अपने सौंदर्य की ऊष्मा का सारा संचित खजाना लुटाने के लिए व्यग्र हो उठती है। वसंत के निजी दूत बने पशु-पक्षी गाकर, तरु, लता, गुल्म, और पादप नव किसलय और पुष्प के साथ सज-धज कर बड़ी मुस्तैदी से इस मस्ती भरी असीम व्यग्रता का डंका बजाते हैं। नवलता वसंत में उमग पड़ती है- नवल कुसुम नव पल्लव साखा, कूजत नवल मधुर पिक कीर। वायुमंडल में भी बदलाव आता है और फागुन की मदमाती बयार हर किसी के चित्त को उन्मथित किए देती है। यह सब कमोबेश एक व्यवस्थित क्रम में कालचक्र की निश्चित गति से आयोजित होता है। कुल मिला कर प्रकृति इस बीच कोमल और आकर्षक नया परिधान धारण कर सजती है। खेतों और बाग-बगीचों में विभिन्न रंगों की अद्भुत चित्रकारी देखते बनती है। बिना किसी व्यतिक्रम के सहज स्वाभाविक संगति में ये विविधता भरा जादुई परिवर्तन नया आकर्षक और उत्साहवर्धक परिदृश्य रच देता है।

संक्रामक वसंत सार्वभौमिक-सा है, कुछ उसी तरह जैसे जीवन विस्तार में यौवन की अवस्था स्वाभाविक रूप से आती है। इसी समय बुलबुल और कोयल की मीठी बोली भी आमंत्रण देती है। प्रवासी पक्षी भी इस बीच हजारों मिल दूर साइबेरिया तक से चले आते हैं। वसंत की दस्तक के साथ आंतरिक और बाह्य अस्तित्व में बदलाव की श्रृंखला शुरू होती है। इसकी अभिव्यक्ति विभिन्न देशों में अनेक किस्म के त्योहारों और अभिव्यक्तियों में होती हैं। वसंत भारत में रंगों की निराली छटा में दिखता है। वायुमंडल में तमाल, महुआ, नीम और पलाश आदि विभिन्न वृक्षों की गंध आगे पीछे आती है। आम में बौर आने लगते हैं। रसिया और गणगौर के गीत में वसंत की ही गूंज होती है।

ऊधमी वसंत के साथ झाँझ, मृदंग, ढोल और मजीरा के साथ फाग की उमंग अनूठी होती है। वसंतोत्सव सालभर मनाए जाने वाले विभिन्न उत्सवों का सिरमौर है। कहते हैं काम का सेनापति है वसंत। आता है और थोड़े समय में ही ओझल हो जाता है। यह सचमुच में एक लोक उत्सव है-लोक यानी वह जगत जिसमें सभी शामिल होते हैं। मनुष्य और प्रकृति सभी इस लोक के अंश और भागीदार होते हैं। वृक्ष और जंगल सृष्टि के नयेपन के संकल्प को जीवित रखते हैं। होली के साथ भारतीय नया वर्ष और संवत्सर का आरम्भ भी होता है। यह जीवन के नए ऋतुचक्र की शुरूआत होती है। फागुन के बाद चैत के महीने में आम के बौर में कैरियाँ आती हैं मानों उत्कंठा के बाद तृप्ति का आस्वाद आता है। प्रिय पास न हों तो यह वसंत बड़ा दुःख देता है, मन बिलखता-छटपटाता है। साहित्य की चेतना में दर्द, आकुलता, विरह, प्रेमातिशय, उन्माद और माधुर्य की प्रखर अनुभूतियों के साथ वासंती कविताएँ रची गई हैं। फाग और मधुर चैती के गीतों में साथ ले चलने की पुकार तीव्र होती है। रंगों के इस त्योहार ब्रज क्षेत्र में वृंदावन और बरसाने की होली का सौंदर्य गौर वर्ण की श्रीराधा और श्याम वर्ण घनश्याम श्रीकृष्ण की स्मृति और अनुभूति से सराबोर होती है। आनंद की उन्मुक्त अभिव्यक्ति ब्रज की रागिनी में छायी रहती है। यहाँ के लोकगीतों में यह सहज अभिव्यक्ति कुछ इस तरह जीवंत होती है : आज बिरज में होरी रे रसिया। इत ते आए कुँअर कन्हैया , उत ते राधा गोरी रे रसिया। कौन के हाथ कनक पिचकारी, कौन के हाथ कमोरी रे रसिया। कृष्ण के हाथ कनक पिचकारी, राधा के हाथ कमोरी रे रसिया। उड़त गुलाल लाल भए बादल, मारत भर-भर झोरी रे सखिया। अबीर गुलाल के बादल छाये, धूम मचाई रे सब मिल सखिया। चंद्रसखी भज बाल कृष्ण छवि, चीर जीवो यह जोड़ी रे रसिया। होली की पिछली रात होलिका दहन होता है और सम्मत जलाई जाती है। जो घट चुका उससे आगे बढ़ने का साहस देता नया संवत्सर आरम्भ होता है। होली सामूहिक उल्लास की ताजगी के साथ व्यष्टि को समष्टि बनाने वाला अवसर है। इस सांस्कृतिक आयोजन पर अब बाजार हावी होता जा रहा है और उत्कंठा और संवेदना के लिए जगह कम होती जा रही है। फिर भी होली अभी भी उद्घोष करती है कि वास्तविक आनंद दूसरे को सुखी करने में ही होता है।

# जीवन का उत्सव है होली

डॉ. आशीष वशिष्ठ

रंगों का त्योहार होली भारत और दुनिया भर में भारतीय समुदायों के बीच सबसे जीवंत और आनंदमय उत्सवों में से एक है। परंपरागत रूप से वसंत ऋतु के आगमन और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक होली, हंसी, एकता और रंगों का उत्सव है। हालांकि इसकी जड़ें उत्तर भारत में गहरी हैं लेकिन अब यह त्योहार पूरे भारत में दक्षिण भारत सहित और विश्व स्तर पर जहां भी भारतीय संस्कृति फल-फूल रही है, वहां मनाया जाता है।

होली का महत्व पौराणिक कथाओं में गहराई से जुड़ा हुआ है और विभिन्न कथाएं इसकी समृद्ध परंपरा का हिस्सा हैं। ऐसी ही एक कथा प्रह्लाद और होलिका की कहानी है, जो अत्याचार और छल पर भक्ति और धर्म की विजय का प्रतीक है। एक अन्य कथा राधा-कृष्ण के दिव्य प्रेम का गुणगान करती है, जिनके रंगों से भरे खेल इस त्योहार का पर्याय बन गए हैं।

होली की तरह इसकी परम्पराएं भी अत्यंत प्राचीन हैं और इसका स्वरूप और उद्देश्य समय के साथ बदलता रहा है। प्राचीन काल में यह विवाहित महिलाओं द्वारा परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मनाया जाता था और पूर्ण चंद्र की पूजा करने की परम्परा थी। वैदिक काल में इस पर्व को नवात्रैष्टि यज्ञ कहा जाता था। उस समय खेत के अधपके अन्न को यज्ञ में दान कर प्रसाद लेने का विधान था। अन्न को होला कहते हैं, इसी से इसका नाम होलिकोत्सव पड़ा। भारतीय ज्योतिष के अनुसार चैत्र शुदी प्रतिपदा के दिन से नववर्ष का भी आरम्भ माना जाता है। इस उत्सव के बाद ही चैत्र महीने का आरम्भ होता है। अतः यह पर्व नवसंवत का आरम्भ तथा वसंतागमन का प्रतीक भी है। इसी दिन प्रथम पुरुष मनु का जन्म हुआ था, इस कारण इसे मन्वादितिथि कहते हैं।

होली नवजीवन, समृद्धि और पुरानी बातों को भुलाने का प्रतीक है- चाहे वह बीते मौसम को त्यागना हो, पुरानी शिकायतों को दूर करना हो या नकारात्मकता को। भारतीय पौराणिक कथाओं में निहित होलिका और प्रह्लाद की कहानी अहंकार और बुराई पर आस्था और अच्छाई की विजय का प्रतीक है। होली की पूर्व संध्या पर किया जाने वाला होलिका दहन का अनुष्ठान अतीत को जलाकर नई शुरूआत का स्वागत करता है। यह रंगोत्सव हमारे पूर्वजों की दूरदर्शिता है जो अनेक विषमताओं के बीच भी समाज में एकत्व का संचार करता है।

होली के उत्सव में रंगों का विशेष महत्व है क्योंकि यह उत्सव को गहराई और अर्थ प्रदान करता है। प्रत्येक रंग का अपना विशेष प्रतीक होता है जो जीवन, प्रकृति और संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को दशार्ता है। रंगों को एक-दूसरे पर उछालना बाधाओं को तोड़ने, बुराई पर अच्छाई की विजय और लोगों के बीच एकता, समानता और आनंद को बढ़ावा देने का प्रतीक है। होली पहले मोदुगा (ब्यूटिया मोनोस्पर्मा), गेंदा, गुड़हल, टेसू, हल्दी, नीम, चुकंदर और नील जैसे फूलों से प्राप्त प्राकृतिक रंगों से खेली जाती थी। हालांकि, आधुनिकीकरण के कारण इन प्राकृतिक रंगों की जगह कृत्रिम रासायनिक रंगों ने ले ली। हानिकारक विषाक्त पदार्थ, भारी धातुएं और औद्योगिक रंग जो त्वचा की एलर्जी, श्वसन संबंधी समस्याएं और दीर्घकालिक स्वास्थ्य जोखिम पैदा करते हैं। जल निकायों और मिट्टी का प्रदूषण, जो त्योहार के बाद भी लंबे समय तक पर्यावरण को प्रभावित करता है। होली की खुशी स्वास्थ्य और स्थिरता की कीमत पर नहीं मिलनी चाहिए। सौभाग्य से प्राकृतिक रंगों का पुनरुद्धार हो रहा है। अब अधिक लोग पौधों से बने और पर्यावरण के अनुकूल होली के पाउडर को अपना रहे हैं और प्राकृतिक रंगों की सुंदरता को फिर से तलाश रहे हैं।

उत्सव के बीच मीठे पकवानों की खुशबू हवा में घुल जाती है, जिससे त्योहार में एक अलग ही रंग भर जाता है। पारंपरिक मिठाइयां और नमकीन बड़े प्यार और देखभाल से तैयार किए जाते हैं, जो होली की उदारता और आतिथ्य सत्कार की भावना का प्रतीक हैं। सबसे लोकप्रिय पकवानों में खोया और मेवों से भरी गुजिया और ठंडाई शामिल हैं। ठंडई मसालों से भरपूर और भांग से सुगंधित ताजा पेय है। ये स्वादिष्ट पकवान दोस्तों और पड़ोसियों के साथ बांटे जाते हैं, जिससे समुदाय और भाईचारे की भावना को बढ़ावा मिलता है।

इन मिठाइयों और व्यंजनों का स्वाद तो लाजवाब है ही, इनका गहरा सांस्कृतिक महत्व भी है, जो जीवन की मिठास और समृद्धि की खुशी का प्रतीक हैं। ये बचपन और पारिवारिक समारोहों की यादें ताजा कर देते हैं, जहां हंसी और प्यार उम्र और पृष्ठभूमि की सीमाओं को पार करते हुए खुलकर बहते थे। होली के रंग जब आनंद और उल्लास फैलाते हैं तो वे भारतीय संस्कृति की जीवंतता और विविधता के लिए सशक्त प्रतीक बन जाते हैं। रंगों की इस बहुरंगी छटा के माध्यम से होली उन परंपराओं, भाषाओं और रीति-रिवाजों की विविधता को दशार्ती है जो भारतीय समाज का ताना-बाना बुनती हैं। यह जीवन का उत्सव है, उस अटूट दृढ़ता और नवीनीकरण की भावना का प्रमाण है जो हम सभी को एकजुट करती है। होली अपने प्रतीकात्मक महत्व और रीति-रिवाजों से परे समावेशिता और क्षमा की भावना का प्रतीक है, जो लोगों को मतभेदों को भुलाकर उस साझा मानवता को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करती है जो हम सभी को एक साथ बांधती है। यह प्रेम और करुणा की शक्ति की याद दिलाती है जो कठिनाइयों पर विजय पाने और मित्रता और समझ के बंधन को मजबूत करने में सहायक होती है।

## दैनिक पंचांग

**2 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.03 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मेष | 08.34 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.14 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.12 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.25 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.42 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.53 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.04 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.19 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.35 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | मकर | 03.40 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 05.26 बजे से |

**सोमवार** 2026 वर्ष का 61 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्दशी 17.56 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** आश्लेषा 07.52 बजे को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड 12.19 बजे को समाप्त।
**करण** गर 06.30 बजे, वणिज 17.56 बजे तदनन्तर विष्टि 05.29 बजे प्रातः को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 07° 17'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872636
**जूलियन दिन** 2461101.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 12
**विशेष** फाल्गुन चौमासी चौदस।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# नीट-यूजी परीक्षा की तैयारी को लेकर उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में आगामी 03 मई को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित होने वाली नीट- यूजी परीक्षा की तैयारी के मद्देनजर उपायुक्त श्री मनीष कुमार ने पाकुड़ स्थित परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, पाकुड़ तथा सीएम एसओई राज +2 उच्च विद्यालय, पाकुड़ का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों के लिए मूलभूत सुविधाएं, पेयजल, शौचालय,




विद्युत आपूर्ति, बैठने की व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था तथा परीक्षा संचालन से संबंधित सभी तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा का आयोजन पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि नीट-यूजी जैसी महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के सफल एवं व्यवस्थित संचालन के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों को परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी रखने तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से निपटने के लिए पूर्व तैयारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्राधीक्षकों एवं संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक सुझाव भी दिए, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न हो सके। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती एवं अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### थाना क्षेत्र में बच्चा चोर की अफवाह से दहशत, पुलिस ने ग्रामीणों के साथ की बैठक

**साहिबगंज:** राजमहल थाना क्षेत्र में इन दिनों बच्चा चोर की अफवाह को लेकर ग्रामीणों के बीच भय का माहौल बना हुआ है। सोशल मीडिया और आपसी चचाओं के माध्यम से फैल रही इस अफवाह को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है।स्थिति को गंभीरता से लेते हुए राजमहल थाना पुलिस ने विभिन्न गांवों में ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान पुलिस पदाधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें और बिना सत्यापन के कोई भी सूचना आगे साझा न करें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि अब तक क्षेत्र में बच्चा चोरी की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। ग्रामीणों से कहा गया कि यदि किसी संदिग्ध व्यक्ति की गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत इसकी सूचना थाना या डायल 112 पर दें, लेकिन कानून को अपने हाथ में न लें। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और पुलिस के साथ सहयोग का भरोसा दिलाया। पुलिस प्रशासन ने लोगों से शांति एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है।

### बाइक सवार गिरकर घायल, रेफर



**साहिबगंज:** तीनपहाड़-बोरियो मुख्य मार्ग पर शनिवार को देर रात रक्सी स्थान के पास अनियंत्रित होकर बाइक से गिरकर एक व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिला अंतर्गत फरक्का, धर्म डांगा निवासी आसिफ हुसैन (19) एक निजी कंपनी के पाइप लाइन निर्माण कार्य में काम करता है। ड्यूटी समाप्त करने के बाद बाइक लेकर राजमहल की तरफ आ रहा था। इसी दौरान अचानक सड़क पर पड़े पत्थर से टकराकर अनियंत्रित होकर गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर कुमार सौरभ के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति में बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

### करसो में कोयला लदा ट्रक पलटा, कोई हताहत नहीं



**बरही:** ओल्ड एनएच्च33 पर करसो के पास शनिवार को कोयला लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे सड़क पर कोयला फैल गया और कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच गए। घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन ट्रक चालक को हल्की चोटें आईं। स्थानीय लोगों की मदद से घायल चालक को तुरंत उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। इसके बाद जेसीबी मशीन की सहायता से पलटे ट्रक को सड़क से हटाया गया और बिखरे कोयले को साफ किया गया। कुछ घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद यातायात पुनः सुचारू कर दिया गया। प्रशासन ने वाहन चालकों से सड़क पर सावधानीपूर्वक वाहन चलाने और तेज गति से बचने की अपील की है।

## तीनपहाड़ थाना परिसर में होली को लेकर शांति समिति की बैठक हुई आयोजित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** आगामी होली पर्व को शांति पूर्ण माहौल में मनाने को लेकर तीनपहाड़ थाना परिसर में शांति समिति की एक बैठक अयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता राजमहल एसडीपीओ विमलेश कुमार त्रिपाठी ने किया। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम उपस्थित सभी लोगों को होली की शुभकामनाएं दीं और कहा कि होली का त्यौहार भाई चारे और मेल मिलाप का त्यौहार है सभी लोगों को आपस में मिल जुल कर मानना है। उन्होंने कहा कि अभी रमजान का महीना चल रहा है इसको भी ध्यान में रखते हुए त्यौहार को मानना है। जिस तरह तीनपहाड़ में हमेशा से सभी धर्मों के लोग आपसी भाईचारे के साथ सभी,पर्व को मिलजुल कर मनाते है इसका चर्चा पूरे जिले में होती है बस इसको कायम रखना है। वही उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह के अप्तजनिक संदेश को शेयर न करें जिससे किसी भी तरह के गलत संदेश लोगो को जाएं, पुलिस प्रशासन ऐसे लोगों पर नजर जमाए हुए हैं ऐसा करने वाले पर कानूनी करवाई की जाएगी। मौके पर राजमहल पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन, तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पांडेय, कुंदन सिंह, चंदन सिंह, रामदर्शन सिंह, अभय सिंह, मुर्शीद राजा, खुरशीद आलम, चंदन श्रीवास्तव, श्याम यादव, अरविंद पाठक, लक्ष्मण रविदास, राजेंद्र भारती, आकाश साह, अकील हसन, श्रवण कुमार, सलीम बेचन, वकार अहमद, अब्दुल हामिद, सुजीत राय, रमाकांत मंडल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय हलधर किसान यूनियन की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर स्थित रेलवे जनरल इंस्टीच्यूट परिसर में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय हलधर किसान यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता किसान नेता लक्ष्मण यादव ने की, जिसमें जिले भर से आए सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। बैठक के दौरान वर्ष 2008 से 2024 तक लंबित फसल बीमा की बकाया राशि को लेकर गंभीर चर्चा की गई। किसानों ने कहा कि वर्षों बीत जाने के बावजूद उन्हें फसल बीमा का समुचित लाभ नहीं मिल पाया है, जिससे आर्थिक संकट लगातार गहराता जा रहा है। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि प्राकृतिक आपदाओं और फसल क्षति के बाद भी बीमा कंपनियों एवं संबंधित विभागों की उदासीनता के कारण किसानों को उनका हक नहीं मिल सका। किसान नेताओं ने




स्पष्ट कहा कि यदि शीघ्र ही बकाया फसल बीमा राशि का भुगतान नहीं किया गया तो व्यापक आंदोलन छेड़ा जाएगा। इसके लिए चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा भी तैयार की जा रही है। बैठक में धरना-प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपने तथा आवश्यकता पड़ने पर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने जैसे प्रस्तावों पर चर्चा की गई। अध्यक्षता करते हुए लक्ष्मण यादव ने कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं, लेकिन आज वही किसान अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। उन्होंने सरकार से मांग की कि लंबित बीमा दावों का त्वरित निपटारा कर किसानों को राहत दी जाए। बैठक में मुखिया संतोष कुमार गौंड, किसान मिट्ठू यादव, हीरा पंडित, बासकी नाथ चौबे सहित सैकड़ों किसानों ने अपने विचार रखे और एकजुट होकर किसान हित की लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया। अंत में निर्णय लिया गया कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो किसान संगठन के बैनर तले बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा।

## हेडीगहिरणपुर में रंग उत्सव का भव्य आयोजन, डीजे की धुन पर झूमे लोग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले के हिरणपुर स्थित डाकबंगला परिसर में होली के पावन अवसर पर द यूथ ऑफ हिरणपुर की ओर से भव्य रंग उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के युवाओं, बच्चों, महिलाओं एवं अभिभावकों की भारी भागीदारी देखने को मिली। पूरे परिसर में रंग-गुलाल, संगीत और उत्साह का माहौल बना रहा। वहीं रविवार को आयोजित इस रंगोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द के संदेश के साथ किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारा और सकारात्मक माहौल को बढ़ावा देना है, ताकि सभी लोग मिलकर होली पर्व की खुशियों को साझा कर सकें। कार्यक्रम की खास आकर्षण कोलकाता से पहुंचे प्रसिद्ध डीजे शेरहा ग्रुप रहे, जिनकी धमाकेदार




प्रस्तुति ने माहौल को पूरी तरह रंगीन बना दिया। डीजे की धुन पर युवाओं के साथ-साथ बच्चे और अभिभावक भी खुद को झूमने से नहीं रोक पाए। रंग, संगीत और नृत्य के संग लोगों ने जमकर होली का आनंद लिया। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। आयोजकों द्वारा साफ-सफाई, पेयजल तथा अन्य व्यवस्थाओं की बेहतर तैयारी की गई थी, जिससे उपस्थित लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं। अध्यक्ष रोहित आनंद सचिव रोशन साह उपाध्यक्ष अमन ठाकुर जय साहा प्रीतम शिवम विकाश दास चंदन भगत सहित अन्य युवाओं ने संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का सफल संचालन किया। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी सामाजिक, सांस्कृतिक और युवाओं को जोड़ने वाले कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। रंग उत्सव के समापन पर सभी लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा आपसी प्रेम और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

## जिले में खुलेआम चल रहा प्रतिबंधित लॉटरी का खेल, 466 पीस जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले में मु० थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अंजना के अमजेद मोड़ स्थित सैजुल शेख के पान गुमटी में प्रतिबंधित लॉटरी बिक्री किये जाने की सूचना प्राप्त हो रही थी। उक्त सूचना के सत्यापनोपरांत कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक, पाकुड़ द्वारा एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। सूचना के सत्यापन हेतु विशेष छापेमारी दल के पाकुड़ (मु०) थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अंजना के अमजेद मोड़ स्थित सैजुल शेख के पान गुमटी पहुँचने पर सैजुल शेख पुलिस बल को देखकर भागने लगे, जिसे विशेष छापेमारी दल द्वारा खदेडकर पकड़ा गया। तत्पश्चात सैजुल शेख की तलाशी लेने पर उसके जैकेट से विभिन्न कंपनी के कुल-466 पीस प्रतिबंधित लॉटरी बरामद हुई। इस संबंध में पाकुड़ (मु०) थाना कांड संख्या-23/2026, दिनांक-



01.03.2026, धारा-318 (4)/3 (5) बी०एन०एस० एवं 7 (3) लॉटरी रेगुलेशन एक्ट दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त सैजुल शेख को न्यायीक हिरासत में भेजी जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का संख्या**

01. सैजुल शेख, पिता-स्व० तोराब शेख, ग्राम-अंजना, थाना-पाकुड, जिला-पाकुड़। जप्त सामानों की विवरणी विभिन्न कंपनी का प्रतिबंधित लॉटरी-466 पीस, छापामारी टीम / SIT में शामिल पुलिस पदाधिकारी / कर्मी का पदनाम एवं नाम पु०अ०नि० गौरव कुमार, थाना प्रभारी, पाकुड । स०अ०नि० सुदामा साह, मुफसिल थाना।

### भाजपा का होली मिलन समारोह सह कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

# विधायक रोशन लाल चौधरी ने कार्यकर्ताओं को रंग अबीर-गुलाल लगाकर होली की दी शुभकामनाएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव/उरीमारी :** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष विजय यादव की अध्यक्षता एवं पुर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव के संचालन में उरीमारी चेक पोस्ट के समीप होली मिलन समारोह सह कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी, हजारीबाग पूर्व जिला अध्यक्ष टुन्नू गोप समेत कई नेता एवं पदाधिकारी शामिल होकर कार्यकताओं संग जमकर रंग



अबीर गुलाल गुलाल उड़ाकर एवं एक दूसरे को गले लगाकर बधाई दिया। साथ ही साथ सभी कार्यकताओं को अंग वस्त्र एवं गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। वहीं विधायक रोशन लाल चौधरी ने होली एवं आने वाले त्योहारों की बधाई देते हुए कहा कि हम लोग सभी त्योहार गर्व के साथ मिलजुल कर मनाए एवं अपने संस्कृतिक धरोहर को आगे बढ़ाते हुए अपने धर्म के प्रति समर्पित रहना है और सारे गिले शिकवे दूर करते हुए अबीर गुलाल लगाएं।

मौके पर मुख्य रूप से विधायक रोशन लाल चौधरी, पुर्व जिला अध्यक्ष टुनू गोप, सांसद प्रतिनिधि पुनम साहु, जुगनू सिंह, जिला मंत्री जयनारायण प्रसाद, मंडल अध्यक्ष विजय यादव, पुर्व मंडल अध्यक्ष बेचन साव, अनिता देवी, दिनेश करमाली, कार्तिक उरांव, त्रिवेणी महतो, जुगेश्वर महतो, नागेश्वर महतो, भागीरथ ठाकुर, मनीष पांडे, उदय चौधरी, सुमन गिरि, ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, कालीचरण साव, विष्णु गुप्ता, फुलचंद बेदिया, जुगेश बेदिया, तापेश्वर सिंह, किशोर राणा, कृष्णा गुप्ता, मेघन यादव, नितेष वर्मा, कार्तिक मांझी, उमाशंकर मेहता, उमेश कुमार, राजेश प्रजापति, विरण गोप, सुगिया देवी, विनोद गोप, सुदामा रजवार, कुंवर महतो समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हिरणपुर में रंग उत्सव का भव्य आयोजन, डीजे की धुन पर झूमे लोग



**पाकुड़ :** जिले के हिरणपुर स्थित डाकबंगला परिसर में होली के पावन अवसर पर द यूथ ऑफ हिरणपुर की ओर से भव्य रंग उत्सव समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के युवाओं, बच्चों, महिलाओं एवं अभिभावकों की भारी भागीदारी देखने को मिली। पूरे परिसर में रंग–गुलाल, संगीत और उत्साह का माहौल बना रहा। वहीं रविवार को आयोजित इस रंगोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ आपसी भाईचारा, प्रेम और सौहार्द के संदेश के साथ किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, भाईचारा और सकारात्मक माहौल को बढ़ावा देना है, ताकि सभी लोग मिलकर होली पर्व की खुशियों को साझा कर सकें। कार्यक्रम की खास आकर्षण कोलकाता से पहुंचे प्रसिद्ध डीजे शेरहा ग्रुप रहे, जिनकी धमाकेदार प्रस्तुति ने माहौल को पूरी तरह रंगीन बना दिया। डीजे की धुन पर युवाओं के साथ–साथ बच्चे और अभिभावक भी खुद को झूमने से नहीं रोक पाए। रंग, संगीत और नृत्य के संग लोगों ने जमकर होली का आनंद लिया। पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं अनुशासन का विशेष ध्यान रखा गया। आयोजकों द्वारा साफ–सफाई, पेयजल तथा अन्य व्यवस्थाओं की बेहतर तैयारी की गई थी, जिससे उपस्थित लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं।अध्यक्ष रोहित आनंद सचिव रोशन साह उपाध्यक्ष अमन ठाकुर जय साहा प्रीतम शिवम विकाश दास चंदन भगत सहित अन्य युवाओं ने संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का सफल संचालन किया। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में भी सामाजिक, सांस्कृतिक और युवाओं को जोड़ने वाले कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे। रंग उत्सव के समापन पर सभी लोगों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा आपसी प्रेम और सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

### मिर्जाचौकी में बिक रहा रासायनिक रंग से रंगी सब्जी, स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़



**साहिबगंज:** जिला के मंडरो प्रखंड क्षेत्र के हाट बाजारों एवं प्रमुख चौक–चौराहों पर फल–सब्जियों में रासायनिक रंग लगाकर बेचने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि गाजर सहित कई सब्जियों और फलों को अधिक आकर्षक एवं ताजा दिखाने के उद्देश्य से हानिकारक रासायनिक रंगों का उपयोग किया जा रहा है, जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि रंगे हुए फल–सब्जियां खुलेआम बाजार में बेची जा रही हैं। अनजान उपभोक्ता चमकदार और गहरे रंग से प्रभावित होकर इनकी खरीदारी कर रहे हैं, जबकि जानकारों का कहना है कि ऐसे रसायनों का सेवन लंबे समय में गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। चिकित्सकों का मानना है कि रासायनिक रंग से रंगे फल एवं सब्जियों का नियमित सेवन करने से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की आशंका बढ़ सकती है। इसके अलावा पेट, लीवर और त्वचा संबंधी रोगों का खतरा भी बना रहता है। विशेषज्ञों ने लोगों को सतर्क रहने और खरीदारी से पूर्व सावधानी बरतने की सलाह दी है। इधर, स्थानीय नागरिकों ने खाद्य सुरक्षा विभाग की निष्क्रियता पर सवाल खड़े किए हैं। आरोप है कि अब तक विभाग द्वारा कोई ठोस जांच या कार्रवाई नहीं की गई है, जबकि यह खेल खुलेआम जारी है। लोगों ने प्रशासन से अविलंब जांच कर दोषी दुकानदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

### हिरणपुर में भाजपा का होली मिलन सम्मान समारोह संपन्न



**पाकुड़ :** जिला अंतर्गत हिरणपुर स्थित जया विवाह भवन, हाथकाठी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित होली मिलन सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष सरिता मुर्मू के निर्देशानुसार लिट्टीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र के हिरणपुर मंडल द्वारा आयोजित किया गया। हिरणपुर मंडल अध्यक्ष सुकुमार मंडल की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम दोपहर 03 :00 बजे से प्रारंभ होकर शाम 06 :00 बजे तक चला। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा लिट्टीपाड़ा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बाबुधन मुर्मू की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं एवं उपस्थित लोगों ने एक–दूसरे को अबीर–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। साथ ही संगठनात्मक एकता, कार्यकताओं का सम्मान तथा जनसंवाद कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। आयोजन में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता आई टी सेल मिडिया प्रभारी आशीष सेन, बीजेपी बूथ अध्यक्ष रूपक रक्षित, महिला मोर्चा जिला सदस्य मुन्नी रजक, बीजेपी महामंत्री गुरु दयाल साहा, बिचामहल मंडल, अध्यक्ष धनेश्वर कुमार साहा, सुमित्रा मरांडी, महिला नेत्री जामु मरांडी, गणेश मंडल एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में नौ का मार्केट कैप 2.18 लाख करोड़ घटा

**- शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही**

**मुंबई ।**

पिछले सपताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2,18,902.09 करोड़ की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान में भारती एयरटेल रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,527.52 अंक या 1.84 प्रतिशत नीचे आया। शीर्ष 10 कंपनियों में सिर्फ हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 55,852.12 करोड़ रुपये घटकर 10,71,853.25 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक के मूल्यांकन में 37,580.1 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 13,65,659.38 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज की बाजार हैसियत 34,846.12 करोड़ रुपये घटकर 18,86,832.66 करोड़ रुपये और बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 20,316.41 करोड़ रुपये घटकर 6,20,070.59 करोड़ रुपये पर आ गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का मूल्यांकन 18,180.89 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 9,53,872.59 करोड़ रुपये रहा। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की बाजार हैसियत 14,990.24 करोड़ घटकर 5,37,213.68 करोड़ रह गई। लार्सन एंड टुब्रो का बाजार पूंजीकरण 13,714.85 करोड़ घटकर 5,88,837.39 करोड़ रहा। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 13,061.33 करोड़ घटकर 11,09,520.23 करोड़ रुपये पर आ गई। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 10,360.03 करोड़ घटकर 9,86,986.64 करोड़ पर आ गया। इस रुख के विपरीत हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत 5,462.81 करोड़ रुपये बढ़कर 5,49,393.18 करोड़ रुपये पर पहुंच गई।

# वीओ चिदंबरनार बंदरगाह में 15,000 करोड़ निवेश करेगा

**- बनेगा दक्षिण भारत का बड़ा ट्रांसशिपमेंट केंद्र**

**तूतीकोरिन ।**


वीओ चिदंबरनार (वीओसी) बंदरगाह, जो तमिलनाडु के तूतीकोरिन में स्थित है, अपनी आउटर हार्बर परियोजना के लिए 15,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। यह निवेश बंदरगाह की मौजूदा ढांचा उन्नयन और नई तकनीक में किए गए 1,500 करोड़ रुपये के निवेश से अलग है। परियोजना का लक्ष्य बंदरगाह को दक्षिण भारत का प्रमुख ट्रांसशिपमेंट केंद्र बनाना और श्रीलंका, सिंगापुर और इंडोनेशिया जैसे अंतरराष्ट्रीय केंद्रों से प्रतिस्पर्धा करना है। वर्तमान में बंदरगाह की वार्षिक माल ढुलाई क्षमता 8.2 करोड़ टन है। आउटर हार्बर परियोजना के तहत दो चरणों में 2027 और 2030 तक क्षमता में 40 लाख टन की वृद्धि होगी। योजना के अनुसार, 18 मीटर गहराई वाले दो नए बर्थ विकसित किए जाएंगे, जिन पर 2.5 लाख डीवीटी तक के बड़े माल ढुलाई जहाज ठहर सकेंगे। परियोजना के लिए वित्तपोषण सुनिश्चित करने हेतु वीओसी बंदरगाह ने भारतीय रेल वित्त निगम (आईआरएफसी) और सागरमाला फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ त्रिपक्षीय करार किया है।

यह कदम बंदरगाह को नए निवेश और विकास परियोजनाओं के लिए आवश्यक कोष उपलब्ध कराने में सहायक होगा। बंदरगाह प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समुद्री क्षेत्र विकास दृष्टिकोण के अनुरूप है।

आउटर हार्बर परियोजना से बंदरगाह को अंतरराष्ट्रीय व्यापार में प्रतिस्पर्धी बनाने और दक्षिण भारत में माल परिवहन एवं ट्रांसशिपमेंट के क्षेत्र में प्रमुख भूमिका निभाने की उम्मीद है।

# होरमुज़ जलडमरूमध्य में तनाव चरम पर, वैश्विक तेल आपूर्ति पर खतरा

**- हवाई हमलों के बाद बढ़ा तनाव, जनता की जेब पर बढ़ेगा बोझ**



**नई दिल्ली ।**

अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान पर हवाई हमलों और इसके जवाब में ईरान की प्रतिक्रिया ने होरमुज़ जलडमरूमध्य में तनाव को चरम पर पहुंचा दिया है। यह मार्ग खाड़ी देशों और भारत जैसे बड़े तेल आयातक देशों के लिए बेहद संवेदनशील है। आंशिक नाकाबंदी ने वैश्विक तेल बाजार में हलचल मचा दी है, और कई टैंकरों ने रास्ता बदल दिया या लंगर डाल दिया। एक रिपोर्ट के अनुसार बड़ी तेल कंपनियों और ट्रेडिंग हाउसेज ने सुरक्षा कारणों होरमुज़ मार्ग से कच्चा तेल, ईंधन और स्हल की ढुलाई रोक दी है। शिपिंग डेटा के मुताबिक, कम से कम 11 बड़े एनएनजी टैंकरों ने अपनी गति धीमी कर दी या वापस मुड़ गए। ओमान के तट के पास तेल टैंकरों की कतारें लग गई हैं, जिससे सप्लाई चेन बाधित हो रही है। भारत के प्रमुख आपूर्तिकर्ता देश जैसे इराक, सऊदी अरब, यूएई और कुवैत इस मार्ग पर निर्भर हैं। अगर बाधा लंबी खिंचती है, तो भारत की रिफाइनरियों में कच्चे तेल का स्टॉक कम हो जाएगा। इससे आयात लागत बढ़ सकती है और लंबे समय में आम जनता की जेब और व्यापार घाटा प्रभावित हो सकता है। अमेरिकी नौसेना ने अरब खाड़ी, ओमान की खाड़ी और उत्तरी अरब सागर को सैन्य अभियान क्षेत्र घोषित किया है। ग्रीस और ब्रिटेन ने अपने जहाजों को होरमुज़ से दूर रहने की चेतावनी दी। इस स्थिति ने व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर दिया है। जहाजों के पास केवल केप ऑफ गुड होप का लंबा मार्ग बचता है, जिससे 10-15 दिन की देरी, अधिक ईंधन खर्च और बढ़े हुए बीमा प्रीमियम का सामना करना पड़ता है। चार्टर और लॉजिस्टिक लागत बढ़ने से मालभाड़ा दरें भी बढ़ रही हैं। कार्गो मालिक फोर्स मेज्योर का सहारा लेकर समय पर डिलीवरी की जिम्मेदारी से बच रहे हैं। जीपीएस जामिंग और हवाई क्षेत्र बंद होने से चालक दल बदलाव और लॉजिस्टिक प्रबंधन भी कठिन हो गया है।

# जेवर में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास बनेगा एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस सेंटर




**एमआरओ सुविधा के लिए सिंगापुर की कंपनी ने दिखाया निवेश रुचि**

**ग्रेटर नोएडा ।** उत्तर प्रदेश सरकार जेवर में एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहालिंग (एमआरओ)सुविधा विकसित करने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सिंगापुर दौरे के दौरान सिंगापुर की एसआईए इंजीनियरिंग कंपनी ने इस सुविधा में निवेश की इच्छा जताई। योजना के तहत 1365 हेक्टेयर भूमि पर एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस के साथ-साथ एविएशन उद्योग की स्थापना होगी, जिससे बोइंग और एयरबस जैसे विमान और उनके पुर्जों का निर्माण भी संभव हो सकेगा। सिंगापुर और जापान दौरे के दौरान यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वायईआईडीए) ने कई एमओयू किए। जापान में भी जापानी कंपनियों ने वायईआईडीए क्षेत्र में निवेश में रुचि दिखाई। क्यबोटा, होंडा,` मिंडा स्पार्क, डेंसो, डेबू, सुजुकी मोटर्स जैसी कंपनियों के प्रतिनिधि निवेश और औद्योगिक सहयोग के लिए क्षेत्र का दौरा करेंगे। वायईआईडीए के एक वेरिष्ठ अेधिकारी ने बताया कि एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस और एविएशन उद्योग स्थापना से क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और निवेश भी आकर्षित होगा। एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए जल्द ही कार्रवाई शुरू की जाएगी। यह पहल उत्तर प्रदेश में एविएशन और लॉजिस्टिक सेक्टर को मजबूत करेगी और जेवर को एक प्रमुख औद्योगिक और एविएशन हब बनाने में मदद करेगी।

# महंगे सोने ने बदली ज्वेलरी की प्राथमिकताएं, 18 कैरेट सोने की मांग बढ़ी

**- युवा ग्राहक ट्रेंडी डिज़ाइन और हल्के गहनों की ओर हो रहे हैं आकर्षित**

**नई दिल्ली ।**

देश में सोने की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, जिससे पारंपरिक 22 कैरेट सोने की मांग पर असर पड़ा है। ग्राहक अब केवल निवेश के रूप में सोना नहीं बल्कि पर्सनल स्टाइल और पहचान के लिए ज्वेलरी चुन रहे हैं। इस बदलाव के चलते 22 कैरेट के भारी गहनों की तुलना में 18 कैरेट सोने की मांग तेजी से बढ़ रही है। विशेषज्ञों के अनुसार 18 कैरेट सोने की कीमत 22 कैरेट की तुलना में 15-20 प्रतिशत कम होने के कारण बजट पर दबाव कम करती है। सिर्फ सस्ता विकल्प न रहकर चांदी और स्टर्लिंग सिल्वर अब फैशन की पहचान बन गए हैं। युवा ग्राहक ट्रेंडी डिज़ाइन और हल्के गहनों की ओर आकर्षित हो रहे हैं। बढ़ती कीमतों के बावजूद चांदी निवेशकों के लिए भी आकर्षक विकल्प बन रही है। पिछले एक साल में चांदी ने निवेशकों को बेहतर रिटर्न दिए हैं, जिससे इसे सुरक्षित और लाभकारी निवेश के तौर पर देखा जाने लगा है। डायमंड ज्वेलरी की मांग धीरे-धीरे बढ़ रही है। हालांकि



फिलहाल यह शुरुआती चरण में है, लेकिन युवा वर्ग के बीच इसका स्टाइल और पहचान के लिए आकर्षण बढ़ रहा है। इसे रोजमर्रा में पहनने के लिए हल्के और मॉडर्न डिज़ाइन में अधिक मांग दिखाई दे रही है। महंगे सोने ने ग्राहकों की प्राथमिकताओं को बदल दिया है। अब बाजार में बजट-अनुकूल विकल्प, स्टाइलिश डिज़ाइन और निवेश क्षमता तीनों का संतुलन देखने को मिलता है। ग्राहक केवल सोने को निवेश नहीं बल्कि रोजमर्रा में पहनने योग्य, हल्का और फैशनेबल विकल्प भी मान रहे हैं।

## इजरायल-अमेरिका का ईरान पर हमले से भारतीय बाजार में बढ़ा जोखिम

**- भारत के लिए सबसे बड़ा जोखिम क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतें**

**मुंबई ।** इजरायल और अमेरिका ने संयुक्त रूप से ईरान के कई शहरों पर सैन्य हमला किया। तेहरान में तबाही के बाद पूरे मिडिल ईस्ट में हालात तनावपूर्ण हो गए हैं। इस अचानक हुए हमले के चलते वैश्विक बाजारों में घबराहट फैल सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के लिए सबसे बड़ा जोखिम क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतें हैं। मिडिल ईस्ट तनाव के चलते सप्लाई प्रभावित हो सकती है, जिससे तेल महंगा होगा। महंगा क्रूड आयात भारत की अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल सकता है, महंगाई बढ़ सकती है और पेट्रोल-डीजल की कीमतें उछाल सकती हैं। क्रूड की कीमतों में बढ़ोतरी से कई सेक्टर प्रभावित हो सकते हैं। ऑयल मार्केटिंग कंपनियां जैसे आईओसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल मार्जिन दबाव में आ सकते हैं। एयरलाइंस का ईंधन खर्च बढ़ेगा, जबकि पेंट कंपनियां जैसे ऐशियन पेंट और बर्गर पेंट कच्चे माल की महंगाई का सामना करेंगी। टायर कंपनियों को भी सिंथेटिक रबर महंगा होने से नुकसान हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय बाजार में वोलेटिलिटी बढ़ सकती है।




## मारुति की फरवरी में बिक्री बढ़कर 2,13,995 इकाई पर

**- पिछले साल फरवरी में कंपनी ने 1,99,400 वाहन बेचे थे**

**नई दिल्ली ।** देश की सबसे बड़ी वाहन कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) की फरवरी में कुल बिक्री 7.32 प्रतिशत बढ़कर 2,13,995 इकाई हो गई। इससे पिछले साल फरवरी में कंपनी ने 1,99,400 वाहन बेचे थे। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि पिछले महीने घरेलू बाजार में उसकी कुल यात्री वाहनों की बिक्री थोड़ी बढ़कर 1,61,000 इकाई हो गई, जबकि फरवरी, 2025 में यह 1,60,791 इकाई थी। ऑल्टो और एस-प्रेसो वाले मिनी कार खंड की बिक्री मामूली बढ़कर 10,238 इकाई हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 10,226 इकाई थी। हालांकि, बलेनो, सेलेरियो, डिजायर, इग्निस, स्विफ्ट और वैगनआर जैसे कॉम्पैक्ट कार खंड की बिक्री पिछले महीने घटकर 66,386 इकाई रह गई, जो फरवरी, 2025 में 72,942 इकाई थी। दूसरी ओर ब्रेजा, अर्टिगा, ई-विटारा, फ्रॉन्क्स, ग्रैंड विटारा, इनविक्टो, जिम्नी, विक्टोरिस और एक्सएल6 जैसे यूटिलिटी वाहनों की बिक्री एक साल पहले के 65,033 इकाई के मुकाबले बढ़कर 72,756 इकाई हो गई। कंपनी ने कहा कि हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी की बिक्री एक साल पहले के फरवरी के आंकड़े 2,710 इकाई से बढ़कर 3,130 इकाई रही।फरवरी, 2026 में कंपनी का कुल निर्यात पिछले साल इसी महीने के 25,021 इकाई के मुकाबले 39,155 वाहन रहा।

## फरवरी में एमएंडएम की बिक्री 18 फीसदी बढ़कर 97,177 इकाई रही

**नई दिल्ली ।** महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड (एमएंडएम) ने रविवार को बताया कि फरवरी 2026 में उसकी कुल बिक्री सालाना आधार पर 18 प्रतिशत बढ़कर 97,177 इकाई हो गई। एमएंडएम ने एक बयान में कहा कि पिछले महीने घरेलू बाजार में यूटिलिटी वाहनों (यूवी) की बिक्री 19 प्रतिशत बढ़कर 60,018 इकाई रही, जबकि पिछले साल की इसी अवधि में यह 50,420 इकाई थी। कंपनी ने बताया कि पिछले महीने वाणिज्यिक वाहनों की घरेलू बिक्री 24,585 इकाई रही। इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। महिंद्रा एंड महिंद्रा के वाहन खंड के एक वेरिष्ठ अेधिकारी ने कि फरवरी का प्रदर्शन पूरे पोर्टफोलियो में ग्राहकों की मजबूत मांग को दर्शाता है। पिछले महीने कुल निर्यात 11 प्रतिशत बढ़कर 3,384 इकाई रहा, जो फरवरी 2025 में 3,059 इकाई था।

## विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में किया 22,615 करोड़ का निवेश

**- फरवरी में 17 महीने का उच्चतम निवेश, इससे पहले एफपीआई लगातार तीन माह बिकवाल रहे**

**मुंबई ।**

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने फरवरी 2026 में भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये निवेश किए, जो 17 महीने का उच्चतम मासिक प्रवाह है। इससे पहले एफपीआई लगातार तीन माह बिकवाल रहे थे- नवंबर 2025 में 3,765 करोड़ रुपये, दिसंबर में 22,611 करोड़ रुपये और जनवरी 2026 में 35,962 करोड़ रुपये की निकासी हुई थी। 2025 में कुल शुद्ध निकासी 1.66 लाख करोड़ रुपये (18.9 अरब डॉलर) रही, जो इतिहास के सबसे खराब वर्षों में से एक थी। विशेषज्ञों का कहना है कि फरवरी में निवेश बढ़ने के पीछे तीन मुख्य कारण हैं- भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार करार से भरोसा बढ़ना, घरेलू शेयर बाजार का मूल्यांकन कम होना जिससे निवेशकों को सस्ती खरीदारी का अवसर मिला और तीसरी तिमाही में कंपनियों की कमाई 14.7 फीसदी बढ़ी जिससे एफपीआई का भरोसा मजबूत हुआ। एफपीआई ने फरवरी में वित्तीय सेवा और पूंजीगत सामान क्षेत्र में आक्रामक खरीदारी की, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र से 10,956 करोड़ रुपये की निकासी हुई। बाजार के जानकारों के मुतोबिक आईटी क्षेत्र में कमजोरी और कृत्रिम मेध (एआई) से जुड़ी चिंताओं के कारण बिकवाली हुई, लेकिन वित्तीय सेवा और पूंजीगत सामान में वे शुद्ध खरीदार रहे।

# सोयाबीन और मूंगफली तेल के दाम सुधरे, पाम तेल में गिरावट जारी

**सरकार से सोयाबीन की तरह एमएसपी अंतर का भुगतान किसानों को करने की मांग**

**नई दिल्ली ।**

सरसों की नई फसल की आवक बढ़ने से भाव दबाव में है। कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि उत्पादन इस साल बढ़ेगा। सरकार से आग्रह किया गया है कि सोयाबीन की तरह एमएसपी अंतर का भुगतान किसानों को किया जाए। इससे सरसों का भाव टूटने और कारोबारियों की मनमानी रोकने में मदद मिलेगी। सरकार को 20-25 लाख टन स्टॉक बनाने पर विचार करना चाहिए। सोयाबीन तेल-तिलहन और मूंगफली तेल-तिलहन में कम आवक और अच्छी मांग के कारण दाम में सुधार हुआ। बिनौला तेल के दाम भी सप्ताहांत में सुधरे। वहीं मलेशिया एक्सचेंज में गिरावट और पाम-पाल्मोलिन तेल की कम कीमत बनी रही। सरकार ने आयात शुल्क बढ़ाकर कच्चा पामतेल 26 रुपये प्रेति क्विंटल, पामोलीन 124 रुपये प्रेति क्विंटल और सोयाबीन डीगम 15 रुपये प्रेति क्विंटल। यह घरेलू तेल बाजार को स्थिर करने का प्रयास है। ईरान पर हमले की खबर के बाद आपूर्ति चिंताओं के कारण भी सोयाबीन तेल-तिलहन में तेजी को मदद मिली। उन्होंने कहा कि उपलब्धता में कमी की तथा अच्छी गुणवत्ता के मूंगफली दाने और खाद्य तेल की मांग होने के कारण बीते सप्ताह मूंगफली तेल-तिलहन के दाम में भी सुधार देखा गया। सूत्रों ने कहा कि बीते सप्ताह मलेशिया एक्सचेंज में अधिकतम गिरावट का रुख रहने के बीच पाम-पामोलीन तेल के दाम में गिरावट देखी गई। वैसे ईरान पर हुए हमले के बाद आपूर्ति की स्थिति तथा इस तेल के दाम के बारे में अंदाजा सोमवार के कामकाज से मिल सकता है। उन्होंने कहा कि कम आवक और मांग होने के कारण बीते सप्ताह बिनौला तेल के दाम में भी सुधार आया। मंडियों में कपास नरमा का दाम एमएसपी से 10-12 प्रतिशत नीचे है इस वजह से इसकी आवक प्रभावित है। सूत्रों ने बताया कि बीते सप्ताह सरसों दाना 200 रुपये की गिरावट के साथ 6,475-6,500 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 350 रुपये की गिरावट के साथ 13,450 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 40-40 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 2,285-2,385 रुपये और 2,285-2,430 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 75-75 रुपये की तेजी के साथ क्रमशः 5,350-5,400 रुपये और 4,950-5,000 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसी प्रकार दिल्ली में सोयाबीन तेल 50 रुपये के सुधार के साथ 14,450 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 150 रुपये के सुधार के साथ 14,150 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 50 रुपये के सुधार के साथ 11,300 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। बीते सप्ताह मूंगफली तिलहन 50 रुपये के सुधार के साथ 7,000-7,475 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 100 रुपये के सुधार के साथ 17,100 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 15 रुपये के सुधार के साथ 2,690-2,990 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सीपीओ तेल का दाम 25 रुपये की गिरावट के साथ 11,775 रुपये प्रति क्विंटल, पामोलीन दिल्ली का भाव 100 रुपये की गिरावट के साथ 13,600 रुपये प्रति क्विंटल तथा पामोलीन एक्स कांडला तेल का भाव भी 150 रुपये की गिरावट के साथ 12,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ।

# पश्चिम एशिया में बने भू-राजनैतिक तनाव पर रहेगी निवेशकों की नजर

**आर्थिक आंकड़े और उद्योग रिपोर्टें भी निवेशकों के निर्णयों को प्रभावित करेंगी**

**मुंबई ।**

पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट देखने को मिली और आने वाले सप्ताह में निवेशकों की निगाहें पश्चिम एशिया में बने भू-राजनैतिक तनाव पर रहेंगी। 28 फरवरी की सुबह अमेरिका और इजराइल ने संयुक्त सैन्य कार्रवाई करते हुए ईरान पर हमला किया। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और अमेरिका के कुछ ठिकानों सहित पश्चिम एशिया के अन्य देशों पर हमले किए। निवेशक इस बात पर ध्यान देंगे कि क्षेत्रीय परिस्थितियां कैसे बदलती हैं और इन हमलों का वैश्विक अर्थव्यवस्था तथा भारतीय बाजारों पर क्या असर होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की भू-राजनैतिक घटनाओं के कारण निवेशक जोखिम-से-विमुख रुख अपना सकते हैं। तेल की कीमतों में तेजी आने की संभावना है, जिससे ऊर्जा और पेट्रोलियम क्षेत्र के शेयर प्रभावित हो सकते हैं। वैश्विक बाजारों में दबाव बढ़ने की स्थिति में भारतीय शेयर बाजार में भी नकारात्मक असर देखने को मिल सकता है। 27 फरवरी को जारी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े भी निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण संकेत देंगे। इसके अलावा फरवरी के विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के पीएमआई आंकड़े, जनवरी का औद्योगिक उत्पादन और वाहन बिक्री के आंकड़े आने वाले



सप्ताह में जारी होंगे। ये आंकड़े भारत की अर्थव्यवस्था की स्थिति, उपभोक्ता मांग और उत्पादन गतिविधियों को दर्शाएंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि इस सप्ताह बाजार पर सबसे बड़ा दबाव भू-राजनैतिक तनाव का रहेगा। आर्थिक आंकड़े और उद्योग रिपोर्टें भी निवेशकों के निर्णयों को प्रभावित करेंगी, लेकिन उनका असर अधिकतर चयनित सेक्टरों तक सीमित रहेगा। निवेशक विशेष रूप से तेल, रक्षा, बैंकिंग और उपभोक्ता आधारित शेयरों पर नजर रखेंगे।

## अगले हफ्ते दो कंपनियों के निवेशकों की लगेगी लॉटरी


**- एनकेपी फाइनेंस और सिल्वर टच टेक ने अपनी रिकॉर्ड और एक्स-डेट 6 मार्च तय की**

मुंबई ।

भारतीय शेयर बाजार में अगले हफ्ते निवेशकों के लिए खुशखबरी है। 6 मार्च को दो प्रमुख कंपनियां अपने शेयरहोल्डर्स को बोनस शेयर जारी करेंगी। ये कंपनियां हैं एनकेपी फाइनेंस और सिल्वर टच टेक। बोनस शेयर आम तौर पर निवेशकों को रिवॉर्ड देने और शेयर की लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए जारी किए जाते हैं। दोनों कंपनियों ने अपनी रिकॉर्ड और एक्स-डेट 6 मार्च तय कर दी है। फाइनेंस सेक्टर की कंपनी एलकेपी फाइनेंस ने 4:1 के अनुपात में बोनस शेयर देने की घोषणा की है। इसका मतलब है कि अगर निवेशक के पास 1 शेयर है, तो उसे 4 अतिरिक्त शेयर मुफ्त मिलेंगे। इस तरह कुल शेयरों की संख्या पांच हो जाएगी। यह कदम निवेशकों के लिए लंबे समय में लाभदायक साबित हो सकता है क्योंकि शेयरों की संख्या बढ़ने से भविष्य में मिलने वाले डिविडेंड का पैसा भी बढ़ता है। आईटी सेक्टर की सिल्वर टच ने भी 1:1 के अनुपात में बोनस शेयर देने की घोषणा की है। यानी अगर किसी निवेशक के पास 1 शेयर है, तो उसे 1 और मुफ्त में मिलेगा। इसके लिए भी रिकॉर्ड और एक्स-डेट 6 मार्च निर्धारित किया गया है।

## कोल इंडिया की इकाई छत्तीसगढ़ की महिलाओं को बना रही है आत्मनिर्भर

**- छत्तीसगढ़ के केनापारा इको-टूरिज्म पार्क में बोट चलाकर कमाती हैं अपनी रोज़ी-रोटी**



**बिश्रामपुर ।** सूरजपुर जिले की 30 वर्षीय पूजा साहू अब अपने पति के नाम से नहीं जानी जातीं। उन्हें लोग बोटिंग वाली दीदी कहते हैं। यह नई पहचान उन्हें मजबूती और आर्थिक आजादी का एहसास कराती है। साहू कहती हैं, मुझे गर्व होता है कि अब मेरी अपनी पहचान है। लोग मुझे बोटिंग वाली दीदी कहते हैं और यह आजादी जैसा लगता है। साहू छत्तीसगढ़ के केनापारा इको-टूरिज्म पार्क में बोट चलाकर अपनी रोज़ी-रोटी कमाती हैं। यह पार्क साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) द्वारा खनन क्षेत्र को एडवेंचर हब में बदलकर विकसित किया गया है। पार्क में 1,472 हेक्टेयर क्षेत्र में बोटिंग, तैरता हुआ रेस्तरां और मछली पालन की सुविधाएं हैं। साहू शिव शक्ति महिला ग्राम संगठन की 12 महिलाओं में से एक हैं। वे रोज़ाना लगभग 200 रुपये कमाती हैं और अपनी पसंद का खाना व कपड़े खरीद सकती हैं। उनका संदेश है` कि अपना घर छोड़ो और वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनो। एसईसीएल के अनुसार यह पार्क यह दिखाता है कि खनन के बाद क्षेत्र को टिकाऊ जीवनयापन और रोज़गार के अवसरों में बदला जा सकता है।

# बिहार स्वास्थ्य विभाग का बड़ा फैसला

## एनएचएम संविदा कर्मियों के मानदेय में होगी 10% की बढ़ोतरी



**पटना (एजेंसी)।** पटना राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदागत कर्मियों के लिए अच्छी खबर है। बिहार सरकार ने उनके मासिक प्रोत्साहन राशि को बढ़ाने का आदेश जारी किया है। सरकार ने उन्हें होली की सौगात दी है। बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदागत कर्मियों के लिए 10 प्रतिशत मासिक प्रोत्साहन राशि देने का आदेश जारी किया है। यह प्रोत्साहन राशि 1 सितंबर 2025 से प्रभावी होगा। इस संबंध में बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति का कहना है कि राज्य स्तर से लेकर स्वास्थ्य उपकेंद्र स्तर तक एनएचएम के तहत संविदा पर कार्यरत सभी कर्मियों और पदाधिकारियों को उनके 1 सितंबर 2025 के आहरित मानदेय के आधार पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह राशि प्रत्येक माह नियत रहेगी। 31 अगस्त 2025 के बाद नियुक्त नए कर्मियों को भी उनके एंट्री लेवल मानदेय पर यह लाभ मिलेगा। हालांकि स्पष्ट किया गया है कि यह 10 प्रतिशत राशि मूल मानदेय में स्थायी रूप से नहीं जोड़ी जाएगी और न ही इस पर वार्षिक वृद्धि, लॉयल्टी बोनस या एक्सपीरियंस बोनस की गणना होगी। इस संबंध में बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति का कहना है कि जिन कर्मियों की सेवा समाप्त हो चुकी है या जिन्होंने त्यागपत्र दे दिया है, उन्हें इस प्रोत्साहन का लाभ नहीं मिलेगा। राशि प्राप्त करने वाले कर्मियों से एक अंडरटेकिंग ली जाएगी कि गणना में त्रुटि होने पर अतिरिक्त भुगतान की वसूली स्वीकार्य होगी। यह प्रोत्साहन केवल एनएचएम के स्वीकृत पदों पर वर्तमान में कार्यरत संविदा कर्मियों के लिए लागू होगा। रोगी कल्याण समिति या आउटसोर्स के तहत कार्यरत कर्मियों को इसका लाभ नहीं मिलेगा। राज्य स्वास्थ्य समिति ने स्पष्ट किया है कि आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और किसी भी वित्तीय अनियमितता की जिम्मेदारी संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

# पश्चिम एशिया के हालात पर संजय झा ने जताई चिंता



**पटना (एजेंसी)।** इस्राइल और अमेरिका द्वारा ईरान पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में स्थिति गंभीर है। कई सारे भारतीय नागरिक मध्य पूर्व के अलग-अलग देशों में फंसे हुए हैं। ऐसी स्थिति में जदयू नेता संजय कुमार झा ने एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा कि पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में तेजी से बदलते हालात को लेकर मैं गहरी चिंता व्यक्त करता हूं। दुबई, अबू धाबी और आसपास के क्षेत्रों में रह रहे भारतीयों, खासकर बड़ी संख्या में मौजूद बिहारवासियों की सुरक्षा को लेकर लगातार फोन कॉल प्राप्त हो रहे हैं। माननीय मुख्यमंत्री के निर्देश पर मैंने कुछ समय पहले डॉ. एस. जयशंकर से बात की। उन्होंने बताया कि भारत सरकार क्षेत्र के विभिन्न देशों की सरकारों के साथ लगातार संपर्क में है और वहां स्थित भारतीय दूतावास बिहार के लोगों तथा व्यापक भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कुशल-क्षेम सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। माननीय विदेश मंत्री ने यह भी बताया कि उन्होंने स्वयं इन देशों के अधिकारियों से बातचीत की है। मैं वहां रह रहे सभी लोगों से अपील करता हूँ कि वे घरों के भीतर सुरक्षित रहें, सतर्कता बरतें और आधिकारिक परामर्शों का पालन करें। स्थिति सामान्य होते ही सरकार आवश्यक और त्वरित कदम उठाएगी।

# पति संग मिलकर बॉयफ्रेंड को पीट-पीटकर मार डाला



**पटना (एजेंसी)।** रोहतास में लव अफेयर में एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। युवक शादीशुदा गर्लफ्रेंड के कमरे में बेहोश मिला। घटना की जानकारी महिला (गर्लफ्रेंड) ने ही उसके छोटे भाई को दी। जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला और उसके पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। महिला दो बच्चे की मां है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बराढी गांव की है। मृतक की पहचान लाल बदन सिंह के बेटे शैलेंद्र कुमार (28) के रूप में हुई है। सदर डीएसपी ने बताया कि सुबह सूचना मिली कि दो लोग एक युवक को घर में बंद कर पीट रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पीड़ित को बेहोशी की हालत में कब्जे में लिया और अस्पताल भर्ती कराया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पिता लाल बदन सिंह के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 5 बजे मेरा बेटा शैलेंद्र घर में ही था। इसी दौरान उसके मोबाइल पर एक कॉल आया। कॉल महिला (गर्लफ्रेंड) के फोन से किया गया था। इसके कुछ ही देर बाद शैलेंद्र ने घरवालों से कहा कि टॉयलेट के लिए बाहर जा रहा हूं। उस समय किसी को शक नहीं हुआ, वह कहां जा रहा है। कुछ ही देर बाद गांव के दो-तीन लोग उसे पकड़कर पड़ोसी के घर के अंदर ले गए। यह घर उसी महिला (गर्लफ्रेंड) का था, जो उनके घर के बिल्कुल बगल में है। परिवार को तब तक अंदाजा नहीं था कि अंदर क्या हो रहा है। फोन पर धमकी, घर में मारपीट पिता का कहना है कि थोड़ी देर बाद महिला (गर्लफ्रेंड) ने उनके छोटे बेटे के मोबाइल पर फोन किया। कहा कि तुम्हारा भाई मेरे घर में आया है, अब बचकर नहीं जाएगा। यह सुनते ही परिवार घबरा गया। हमलोगों ने तुरंत पुलिस को कॉल किया। पुलिस के पहुंचते ही हम महिला के घर गए। जहां का नजारा देखकर हमलोग दंग रह गए। देखा कि घर के अंदर पहले से मौजूद लोगों ने शैलेंद्र को पकड़ रखा था और वो बेहोश था। शैलेंद्र की हालत गंभीर हो बनी हुई थी। शैलेंद्र पैर से दिव्यांग था। पिता ने बताया कि गंभीर हालत में शैलेंद्र को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत त हुई। उन्होंने कहा कि दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है, मोबाइल जब्त किया गया है और पुलिस प्रेम-प्रसंग सहित सभी पहलुओं से जांच कर रही है। दोषियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# पटना विवि छात्र संघ चुनाव : साइंस कॉलेज में फायरिंग



**पटना (एजेंसी)।** हंगामा और फायरिंग की घटनाओं के बीच शनिवार को पटना विश्वविद्यालय छात्र संघ का चुनाव संपन्न हुआ। कुल 37.84 प्रतिशत मतदाताओं ने ही मतदान किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7.41 प्रतिशत कम है। 2025 के चुनाव में 45.25 प्रतिशत मतदान हुआ था। करीब एक बजे साइंस कॉलेज में ताबड़तोड़ फायरिंग से अफरातफरी मच गई। यह घटना पुलिस के सामने हुई। बुलेट पर सवार दो बदमाश कैंपस में घुसे और फायरिंग करने लगे। दहशत फैलाकर वे फरार हो गए। तीन राउंड फायरिंग की गई। एसडीपीओ टाउन राजेश रंजन ने बताया कि एक खोखा बरामद किया गया है। पीरबहोर थाने में मामला दर्ज किया गया है। उधर, अध्यक्ष पद के उम्मीदवार रिंकल यादव का नाम बैलेट पेपर में गलत छपने से काफी हंगामा हुआ। रिंकल और उनके समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किया। पटना कॉलेज में काफी देर तक हंगामे के बाद पुलिस ने रिंकल यादव को हिरासत में लिया, लेकिन बाद में छोड़ दिया। इसके बाद प्रत्याशी ने बीएन कॉलेज में बैलेट पेपर फाड़ दिया। देर रात मतगणना के दौरान आर्ट कॉलेज में दो समर्थक आपस में भिड़ गए। पुलिस ने एक छात्र को हिरासत में लिया, जिसे बाद में हिदायत देकर छोड़ दिया गया।साइंस कॉलेज, पटना कॉलेज और भूगोल विभाग में कुछ वोटरों ने आरोप लगाया कि उनके पहुंचने से पहले ही उनके नाम पर वोट डाले जा चुके थे। इसे लेकर हंगामा हुआ। बीएन कॉलेज में कई छात्रों ने वैकल्पिक आई-कार्ड बनाने की मांग को लेकर विरोध किया। प्राचार्य ने बताया कि सुबह तक वैकल्पिक आई-कार्ड जारी कर दिए गए थे। अंतिम समय में भी छात्र इसकी मांग कर रहे थे, जिन्हें मना कर दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ छात्रों ने स्टैटिस्टिक्स विभाग के बूथ पर बैलेट पेपर फाड़ दिया। इन घटनाओं को छोड़ दें तो अन्य जगहों पर मतदान शांतिपूर्ण रहा। मतदान केंद्र के भीतर किसी भी बाहरी व्यक्ति को प्रवेश नहीं दिया गया।

# हरियाणवी एक्ट्रेस बोलीं- अक्षरा ने पवन सिंह को बढ़ावा दिया



**पटना (एजेंसी)।** अंजलि राघव ने अक्षरा सिंह के एक पॉडकास्ट में दिए गए बयान पर पलटवार किया। हरियाणवी एक्ट्रेस अंजलि राघव ने भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह पर पलटवार किया है। अंजलि राघव ने कहा कि अक्षरा सिंह ने ही पवन सिंह को बढ़ावा दिया और वे दोनों स्टेज पर सबके सामने किस करते थे। जब पवन सिंह ने अक्षरा सिंह को छोड़ा, तब वह उनका कुछ नहीं बिगाड़ पाईं और अब वह ज्ञान दे रही है कि मैं होती तो उठाकर फेंक देती। अगस्त 2025 में लखनऊ में एक प्रोग्राम के दौरान भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने अंजलि राघव की कमर पर टच किया था। अब हाल में एक पॉडकास्ट के दौरान अक्षरा सिंह ने कहा कि उस दिन अंजलि राघव की गलती थी। अगर कोई आपको छूता है, तो आपको तुरंत रिएक्शन देना चाहिए। मैं अंजलि की जगह होती तो उठाकर पटक देती।

**पॉडकास्ट में बैठकर लैक्चर दे रहीः** अंजलि राघव ने- अक्षरा सिंह का कहना है कि लड़की की गलती थी। उन्हें पता ही नहीं उस दिन हुआ क्या था। आधी-अधूरी जानकारी के साथ वह पॉडकास्ट में बैठकर लेक्चर दे रही हैं। पवन सिंह ने उनके साथ इतना कुछ गलत किया, तब तो उन्होंने कुछ नहीं किया। पवन सिंह की पत्नी ने भी बताया था कि अक्षरा प्रेग्नेंट हो गई थी। स्टेज पर किस कर लेते थेः अंजलि ने आगे कहा कि सबसे ज्यादा तो अक्षरा सिंह ने ही पवन सिंह को बढ़ावा दिया। पवन सिंह जो स्टेज पर हरकतें करते हैं, उसे अक्षरा सिंह ने ही बढ़ावा दिया। स्टेज पर किस कर लेते थे, गोद में उठाते थे। माना कि ये लोग कपल थे, लेकिन पब्लिक के सामने करना गलत है। अब ज्ञानवती बन रही है। इसी के बाद ये चीजें आगे बढ़ रही हैं। पवन सिंह ने शादी नहीं की, छोड़ दिया फिर भी वह उसका कुछ नहीं बिगाड़ पाई। एक कार्यक्रम के दौरान अक्षरा सिंह को गोद में उठाते पवन सिंह। (फाइल) इन्हीं वीडियो को लेकर अंजलि राघव ने कहा कि पवन सिंह अक्षरा को गोद में उठा लेते थे। एक कार्यक्रम के दौरान अक्षरा सिंह को गोद में उठाते पवन सिंह। (फाइल) इन्हीं वीडियो को लेकर अंजलि राघव ने कहा कि पवन सिंह अक्षरा को गोद में उठा लेते थे।

**अक्षरा की वजह से रिश्ता खराब हुआः** उन्होंने कहा कि पवन सिंह की पत्नी ने आरोप लगाए कि अक्षरा सिंह की वजह से ही उनका रिश्ता खराब हुआ। ये बोलना बहुत आसान है कि 'मैं होती तो ये कर देती।' तुम तो कुछ कर ही नहीं पाई। स्टेज पर गंदगी फैलाकर अब ज्ञान दे रही है। फिल्मों से लेकर लोगों के सामने स्टेज पर गंदी हरकतें कीं। इन सब की शुरूआत तुम कर चुकी हो, अब तुम शरीफ बनकर दिखा रही हो।

**मेरी परमिशन के बिना टच कियाः** अंजलि राघव ने आगे कहा कि पवन सिंह का वह टच मेरे लिए बेड था, क्योंकि वह मेरी परमिशन के बिना था।

# राज्यसभा चुनाव- बिहार में तेज हुई सरगर्मी:मैं रास सीट मांगूंगा नहीं पर भाजपा अपने वादे पर विचार करे : मांझी



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में राज्यसभा चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। राज्यसभा सीट को लेकर नाराजगी की बातों को खारिज करते हुए केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि मैं नाराज नहीं हूं लेकिन सिर्फ इतना कहता हूं कि हमको कहा गया था कि लोकसभा की दो सीट और राज्यसभा की एक सीट दी जाएगी। लेकिन लोकसभा की सिर्फ एक सीट मिली। जहां तक राज्यसभा की सीट का सवाल है, मैं उनसे नहीं मांगूंगा कि हमको राज्यसभा की सीट दीजिए लेकिन आपने कहा था, आप अपने वचन के आधार पर सोचिए। अगर देना चाहें तो ठीक और नहीं देना चाहें तो भी ठीक लेकिन आपने वादा किया था, इसको हमेशा कहते रहेंगे। मांझी ने कहा कि हमेशा गठबंधन धर्म का पालन किया है और करते रहेंगे। राजद : विपक्षी उम्मीदवार का फैसला लालू करेंगे`राजद संसदीय बोर्ड तय करेगा कि विपक्ष की तरफ से राज्यसभा में किसे उम्मीदवार बनाया जाए। राजद के दोनों सांसदों जिनका राज्यसभा कार्यकाल अप्रैल में पूरा हो रहा है उनमें अमरेन्द्र धारी सिंह या प्रेमचंद्र गुप्ता में से ही किसी को उम्मीदवार बनाया जाए या तेजस्वी यादव को सहयोग करने के लिए उनकी मर्जी से नया उम्मीदवार चुना जाए। राजद संसदीय बोर्ड (प्रदेश और केन्द्रीय) की बैठक में राजद अध्यक्ष लालू यादव ये अहम निर्णय लेंगे। बैठक रविवार को 10 सर्कुलर रोड में होगी। दरअसल एआईएमआईएम अपना उम्मीदवार उतारने की बात कर दांव खेल चुका है। ऐसे में राजद संसदीय बोर्ड क्या फैसला लेता है, इस पर एआईएमआईएम की भी पैनी नजर है।

# जांच में लापरवाही... सिविल कोर्ट ने कहा-क्यों न हाईकोर्ट को बता दें



**पटना (एजेंसी)।** नीट छात्रा की संदिग्ध मौत की जांच में लापरवाही को लेकर शनिवार को कोर्ट ने फिर एसआईटी और सीबीआई को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि जांच में हुई चूक की जानकारी हाईकोर्ट को क्यों न दे दी जाए। साथ ही सीबीआई से पूछा कि पॉक्सो की धाराओं में केस दर्ज क्यों नहीं किया गया। इस पर सीबीआई के पास संतोषजनक जवाब नहीं था। सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि एसआईटी ने अब तक केस से जुड़े सभी साक्ष्य और दस्तावेज उसे नहीं सौंपे हैं। इधर, पीड़िता के परिजनों ने अपने वकील के माध्यम से कोर्ट से कहा कि आपराधिक षड्यंत्र के तहत अभियुक्त को पुलिस बचा रही है और निष्पक्ष जांच नहीं की जा रही है। शनिवार को इस मामले में पटना सिविल कोर्ट में करीब तीन घंटे (सुबह 11:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक) सुनवाई हुई। कोर्ट ने इस दौरान एसआईटी और सीबीआई के अधिकारियों से पूछताछ की। एसआईटी सदस्य व एसडीपीओ सचिवालय डॉ. अनु कुमारी तथा चित्रगुप्त नगर थाने की तत्कालीन थानेदार और केस की पहली आईओ, निलंबित एसआई रौशनी कुमारी से भी सवाल-जवाब किए गए। कोर्ट ने हॉस्टल संचालक मनीष रंजन की जमानत अर्जी पर भी सुनवाई की, लेकिन शनिवार को जमानत नहीं दी। कोर्ट ने एसआईटी और सीबीआई दोनों को लिखित पक्ष दाखिल करने का निर्देश दिया। अब मामले की अगली सुनवाई 2 मार्च को होगी। 10 जनवरी को छात्रा का मोबाइल जब्त किया गया, लेकिन 17 जनवरी तक उसे फॉरेंसिक जांच के लिए नहीं भेजा गया। केस डायरी में चित्रगुप्त नगर थाने की पुलिस ने मोबाइल जब्ती का उल्लेख किया है। 10 से 17 जनवरी के बीच मोबाइल को एफएसएल न भेजे जाने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई। कोर्ट ने पूछा कि 15 जनवरी को हॉस्टल संचालक मनीष रंजन को चित्रगुप्त नगर थाने की पुलिस ने जेल भेजा। 17 जनवरी को जांच एसआईटी को सौंप दी गई। 12 फरवरी को सीबीआई ने केस टेकओवर किया। पटना पुलिस ने कहा कि केस सीबीआई को सौंप दिया गया है, इसलिए अब उसे अभियुक्त की आवश्यकता नहीं है। सीबीआई ने भी कहा कि फिलहाल उसे भी आवश्यकता नहीं है। इस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई और पूछा कि फिर जमानत क्यों न दे दी जाए? कोर्ट ने पटना एसएसपी, सीबीआई एसपी और जेल सुपरिटेंडेंट को नोटिस जारी कर पूछा है कि अभियुक्त मनीष के खिलाफ क्या साक्ष्य हैं? रौशनी कुमारी ने बताया कि उन्होंने छात्रा के माता-पिता का बयान लिया। कोर्ट ने पूछा कि इसकी वीडियोग्राफी क्यों नहीं कराई गई। उन्होंने यह भी कहा कि हॉस्टल में एक व्यक्ति ने उन्हें नींद की गोली का रैपर दिया था। इस बरामदगी की भी वीडियोग्राफी नहीं कराई गई। जबकि नए आपराधिक कानूनों में बयान और महत्वपूर्ण साक्ष्य की वीडियोग्राफी जरूरी है। जांच में ढिलाई से केस पर असर संभव कोर्ट की टिप्पणियों से साफ है कि जांच में हुई देरी और प्रक्रियागत चूक से केस की मजबूती पर असर पड़ सकता है। कोर्ट के कई सवालों का जवाब फिलहाल किसी के पास नहीं है। अब सभी की नजर 2 मार्च की अगली सुनवाई पर है।

# कोटा की तर्ज पर बिहार में भी बनेगी एजुकेशन सिटी : सम्राट



**पटना (एजेंसी)।** कोटा की तर्ज पर बिहार में भी एजुकेशन सिटी बनेगी। यह बात उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने डेस्टिनेशन बिहार एक्सपो में कही। एक्सपो का तीसरा दिन आधारभूत संरचना और औद्योगिक विकास पर केंद्रित रहा। सम्राट ने कहा-बिहार को बदलना है। पांच साल में एक करोड़ बिहारियों को रोजगार देना है। इसके लिए उद्योग लगाएंगे। हर जिले में उद्योग के लिए जमीन उपलब्ध कराने की योजना पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि भारत तभी विकसित देश बनेगा, जब बिहार विकसित होगा। उन्होंने कहा कि 2005 से 2025 तक बिहार चला, अब दौड़ेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सड़क, बिजली, पानी और महिला सशक्तीकरण में प्रगति गिनाते हुए शिक्षा-उद्योग समन्वय और हर प्रखंड में डिग्री कॉलेज खोलने की घोषणा दोहराई। इससे पहले सेमिनार का उद्‌घाटन सम्राट चौधरी, वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव और उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने किया। उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार अब औद्योगिक प्रगति के नए चरण में प्रवेश कर चुका है। राज्य सरकार का संकल्प है कि बिहार को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध औद्योगिक राज्य बनाया जाए। राज्य में बड़े उद्योगों के साथ लघु, कुटीर और सूक्ष्म उद्योगों को भी समान अवसर और प्रोत्साहन दिया जाएगा। वहीं बीआईए अध्यक्ष रामलाल खेतान ने कहा कि यह केवल प्रदर्शनी नहीं, बल्कि नए औद्योगिक बिहार की नींव है। वित्त मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि 2005 में 700 मेगावाट रही बिजली खपत 2025 में 9000 मेगावाट तक पहुंच गई, जो औद्योगिक विस्तार का संकेत है। अब नए बिहार की गति को तेज करने का प्रयास फलीभूत होता दिख रहा है। धन्यवाद ज्ञापन सीआईआई के अध्यक्ष गौरव शाह ने किया। एआई का संतुलित उपयोग सीखना चाहिए : पटनोराज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद द्वारा श्रीकृष्ण विज्ञान केंद्र में आयोजित राज्यस्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उद्‌घाटन उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक, विशेषकर एआई का सही और संतुलित उपयोग के बारे में सीखना चाहिए।

## संक्षिप्त डायरी

### झारखंड से यूपी जा रही बस हादसे का शिकार

**पटना (एजेंसी)।** कैमूर के कुदरा थाना क्षेत्र में ठल्19 पर बस और ट्रॉली ट्रक की टक्कर में मासूम समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों यात्री घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, पुलिस जांच में जुटी है। कैमूर जिले में ठल्19 पर भीषण सड़क हादसे में मासूम सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनों यात्री घायल हो गए। घटना कुदरा थाना क्षेत्र के नसेज के पास सोमवार तड़के करीब 3:00 बजे हुई। जानकारी के अनुसार, जमशेदपुर से वाराणसी जा रही एक यात्री बस की मोहनिया से सासाराम की ओर जा रहे ट्रॉली ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। : सरकारी अफसरों ने संविधान की शपथ लेकर रचाई शादी; दुल्हन बोली- मंत्र समझ में नहीं आते हैं हादसे की सूचना मिलते ही कुदरा थाना पुलिस, डायल 112 की टीम और एनएचएआई पेट्रोलिंग दल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। वहीं, घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। मृतक सभी उत्तर प्रदेश के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### मरीन ड्राइव पर मुठभेड़, शार्प शूटर को दौड़ाकर मारी गोली

**पटना (एजेंसी)।** पटना के मरीन ड्राइव पर अपराधी और पुलिस के बीच मुठभेड़ हुई है। जिसमें एक अपराधी के पैर में गोली लगी है। उसकी पहचान वैशाली के रहने वाले अमित कुमार के रूप में हुई है। अमित का लंबा चौड़ा आपराधिक इतिहास है। मौके पर टाउन डीएसपी, DIU, और एसटीएफ मौजूद हैं। आरोपी को गोली लगने के बाद नजदीक के पीएमसीएच में एडमिट कराया गया है। मौके से पिस्टल मिली है। पुलिस की ओर से घटनास्थल को बैरिकेड कर दिया गया है और एफएसएल की टीम बुलाई गई है। अमित शार्प शूटर है। दरअसल 27 जनवरी 2025 को पटना सिविल कोर्ट में पेशी के लिए आए सुबोध सिंह गैंग के रोशन ततीया की हत्या करने आया था। इसी दौरान पुलिस को इसकी भनक लग गई और हत्या से पहले पीयूष पकड़ा गया जबकि अमित फरार हो गया। 27 जनवरी 2026 की सुबह पटना सिविल कोर्ट में दो हथियारबंद अपराधियों ने घुसने का प्रयास किया जिसमें से पीयूष नाम का अपराधी गेट पर ही चेकिंग के दौरान पकड़ा गया। दूसरा आरोपी कोर्ट परिसर में घुस गया हालांकि पुलिस की ओर से सुरक्षा बढ़ा दी गई। इसके बाद अपराधी के मंसूबे पर पानी फिर गया और वह फरार हो गया। पीयूष से जब पूछताछ हुई तो उसने बताया कि वैशाली का रहने वाला अमीत पटना सिविल कोर्ट में उसे अपने साथ बाइक पर लाया था। किसी बड़ी वारदात को अंजाम देना था फिर उसके निशानदेही पर ही पुलिस अमित की तलाश कर रही थी, लेकिन वो फरार हो जा रहा था। आज तड़के सुबह पुलिस को जानकारी मिली कि अमित मरीन ड्राइव से होकर भाग रहा है इसी दौरान पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने फायरिंग कर दी इसके बाद जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई।

### ईरान-इजराइल में जंग का असर

**पटना (एजेंसी)।** परिजनों की नजर टीवी और इंटरनेट पर युद्ध शुरू होने से ईरान में रह रहे मुजफ्फरपुर के दर्जनों लोग फंस गए हैं। हमले बढ़ने के कारण ईरान से आने वाली फ्लाइट रद्द होने से उनके परिजन तनाव में हैं। ईरान में रोजी- रोजगार व पढ़ाई के लिए गए अपनों की सलामती के लिए लोग दुआएं कर रहे हैं। मोबाइल पर संपर्क नहीं होने से लोग अब टीवी चैनलों व इंटरनेट के सहारे हैं। वहां पल-पल की खबर पर लोगों की नजर है। फंसे लोगों में दर्जनों मुजफ्फरपुर के हैं। हमले बढ़ने के कारण ईरान से आने वाली फ्लाइट रद्द होने से उनके परिजन तनाव में हैं। ईरान में रोजी- रोजगार व पढ़ाई के लिए गए अपनों की सलामती के लिए लोग दुआएं कर रहे हैं। मोबाइल पर संपर्क नहीं होने से लोग अब टीवी चैनलों व इंटरनेट के सहारे हैं। वहां पल-पल की खबर पर लोगों की नजर है। बैरिया के कोल्हुआ पैगंबरपुर निवासी सैयद मुबारक अली काजमी अपने दोनों भाइयों की सलामती के लिए दुआ कर रहे हैं। उनके भाई सैयद रूहुल्ला काजिमी व सैयद वकार काजिमी ईरान के कुम शहर में रहते हैं। दोनों वहां अल मुस्तफा अंतरराष्ट्रीय विवि से पी-एचडी कर रहे हैं। दोनों रमजान में लौटने वाले थे, लेकिन अचानक अमेरिका-इजराइल हमले के बाद घर लौटने का प्लान रद्द करना पड़ा। अब दोनों ईद में आने की तैयारी कर रहे हैं। दोनों फिलहाल बाहर नहीं निकल रहे हैं। इस खबर को सुनकर सैयद मुबारक अली काजिमी व उनके परिजन बेहद तनाव में हैं। बता दें कि रोजगार की तलाश में बिहार से बड़ी संख्या में श्रमिक खाड़ी देशों में रह रहे है। नए इमीग्रेशन क्लीयरेंस के आधार पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, करीब 76 हजार से अधिक बिहारी कामगारों ने विदेश में नौकरी कर रहे है। सबसे अधिक कामगार संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब गए। ईरान के अली मदिनी में भी हैं मुजफ्फरपुर के लोग कमरा मोहल्ला के मौलाना नदीम ईरान में रह रहे अपने परिचितों को लेकर चिंतित हैं।

### बिहार में 1000 किमी नई रेललाइन बिछेगी

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में वर्ष 2031 तक करीब 1000 किमी नई रेललाइन बिछेगी। करीब 30 प्रोजेक्ट के कार्य होंगे, जिनमें 10 नई रेललाइन और 20 डबलिंग के हैं। इन प्रोजेक्ट को गति देने के लिए 2026-27 के रेल बजट में 10,379 करोड़ का आवंटन किया गया है। मुख्य प्रोजेक्ट में डीडीयू-पटना-झाझा के बीच तीसरी और चौथी लाइन का निर्माण, आरा-सासाराम रेललाइन का दोहरीकरण, फुलवारी-पाटलिपुत्र जंक्शन डबल लाइन हैं। रेलवे बोर्ड इन प्रोजेक्ट के लिए सर्वेक्षण के लिए पहले ही राशि दे चुका है। डीपीआर बनाने समेत आगे के अन्य काम के लिए अगले वित्तीय वर्ष में राशि देगा। अभी राज्य में 20 से अधिक दोहरीकरण की परियोजनाएं चल रही हैं। इनमें डीडीयू-पटना-झाझा तीसरी-चौथी लाइन, बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया, समस्तीपुर-दरभंगा, आरा-सासाराम, किऊल-गया और बरौनी-कटिहार खंड शामिल हैं। इन परियोजनाओं का उद्देश्य ट्रेनों की आवृत्ति बढ़ाना, लेटलतीफी कम करना और माल ढुलाई क्षमता मजबूत करना है।

### पटना नगर निगम के कर्मी अब यूनीफॉर्म में दिखेंगे

**पटना (एजेंसी)।** इसके प्रस्ताव को निगम प्रशासन की ओर से सशक्त स्थायी समिति की बैठक में पास कर दिया गया है। इसके अनुसार, निगम के विभिन्न अंचलों और मुख्यालय में कार्यरत कुल 4866 चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी इस योजना से लाभान्वित होंगे। पटना नगर निगम में 1025 स्थायी कर्मी और 3841 दैनिक कर्मी काम करते हैं। सभी कर्मचारियों को हर साल वर्दी उपलब्ध कराने का प्रावधान है। इसमें पुरुष कर्मचारियों को 2 सेट फुल पैंट-शर्ट और एक जोड़ी जूता दिया जाएगा, जबकि महिला कर्मचारियों को दो साड़ी, दो पेटीकोट, दो ब्लाउज और एक जोड़ी जूता उपलब्ध कराया जाएगा। मेयर सीता साहू ने कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा और अनुशासन के लिए सभी कर्मचारियों को वर्दी उपलब्ध कराई जाएगी। होली के बाद कायार्देश निकल जाएगा, जिसके 4 से 5 दिन के भीतर सभी के बीच वर्दी बांट दी जाएगी। साल 2024 में कुछ कर्मियों को वर्दी के स्थान पर नगद राशि का भुगतान किया गया था, लेकिन इस साल प्रत्यक्ष रूप से वर्दी उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है।

**होली वसंत ऋतु में मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण भारतीय त्योहार है। यह पर्व हिंदू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। रंगों का त्योहार कहा जाने वाला यह पर्व पारंपरिक रूप से दो दिन मनाया जाता**




**है। होली भारत का अत्यंत प्राचीन पर्व है जो होली, होलिका या होलाका नाम से मनाया जाता था। वसंत की ऋतु में हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने के कारण इसे वसंतोत्सव और काम-महोत्सव भी कहा गया है।**

# रंगों का महापर्व होली

रंग खेलते हुए अगर थोड़ी सी लापरवाही हो जाए तो आपकी आंखों और त्वचा को काफी नुकसान हो सकता है।





## राधा-श्याम गोप और गोपियो की होली

इतिहासकारों का मानना है कि आर्यों में भी इस पर्व का प्रचलन था लेकिन अधिकतर यह पूर्वी भारत में ही मनाया जाता था। इस पर्व का वर्णन अनेक पुरातन धार्मिक पुस्तकों में मिलता है। इनमें प्रमुख हैं, जैमिनी के पूर्व मीमांसा-सूत्र और कथा गार्ह्य-सूत्र। नारद पुराण और भविष्य पुराण जैसे पुराणों की प्राचीन हस्तलिपियों और ग्रंथों में भी इस पर्व का उल्लेख मिलता है। विंध्य क्षेत्र के रामगढ़ स्थान पर स्थित ईसा से 300 वर्ष पुराने एक अभिलेख में भी इसका उल्लेख किया गया है। संस्कृत साहित्य में वसन्त ऋतु और वसन्तोत्सव अनेक कवियों के प्रिय विषय रहे हैं।




## सार्वजनिक होली मिलन

**सारा समाज होली के रंग में रंगकर एक-सा बन जाता है। रंग खेलने के बाद देर दोपहर तक लोग नहाते हैं और शाम को नए वस्त्र पहनकर सबसे मिलने जाते हैं।**

होली से अगला दिन धूलिवंदन कहलाता है। इस दिन लोग रंगों से खेलते हैं। सुबह होते ही सब अपने मित्रों और रिश्तेदारों से मिलने निकल पड़ते हैं। गुलाल और रंगों से सबका स्वागत किया जाता है। लोग अपनी ईर्ष्या-द्वेष की भावना भुलाकर प्रेमपूर्वक गले मिलते हैं तथा एक-दूसरे को रंग लगाते हैं। इस दिन जगह-जगह टोलियाँ रंग-बिरंगे कपड़े पहने नाचती-गाती दिखाई पड़ती हैं। बच्चे पिचकारियों से रंग छोड़कर अपना मनोरंजन करते हैं। सारा समाज होली के रंग में रंगकर एक-सा बन जाता है। रंग खेलने के बाद देर दोपहर तक लोग नहाते हैं और शाम को नए वस्त्र पहनकर सबसे मिलने जाते हैं। प्रीति भोज तथा गाने-बजाने के कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं।होली के दिन घरों में खीर, पूरी और पूड़े आदि विभिन्न व्यंजन पकाए जाते हैं। इस अवसर पर अनेक मिठाइयाँ बनाई जाती हैं जिनमें गुझियों का स्थान अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। बेसन के सेव और दहीबड़े भी सामान्य रूप से उत्तर प्रदेश में रहने वाले हर परिवार में बनाए व खिलाए जाते हैं। कांजी, भांग और ठंडाई इस पर्व के विशेष पेय होते हैं। पर ये कुछ ही लोगों को भाते हैं। इस अवसर पर उत्तरी भारत के प्रायः सभी राज्यों के सरकारी कार्यालयों में अवकाश रहता है, पर दक्षिण भारत में उतना लोकप्रिय न होने की वज़ह से इस दिन सरकारी संस्थानों में अवकाश नहीं रहता ।

**गुलाल में ऐसे छोटे-छोटे कण मौजूद होते हैं, जो यदि आंखों में चले जाएं तो कॉर्निया को नुकसान पहुंचा सकते हैं। कॉर्नियल एब्रेशन ऐसी ही एक एमरजेंसी होती है, जहां आंखों से निरंतर पानी गिरता रहता है और दर्द भी बना रहता है। यदि ध्यान न दिया जाए तो आंखों में संक्रमण या अल्सर हो सकता है।**

# होली खेलें पर सावधानी से



अब रंगों के त्योहार होली का बड़ी ही उत्सुकता से इंतजार किया जा रहा है। होली से जुड़ा है रंग, गुलाल व अबीर। लेकिन रंग खेलते हुए अगर थोड़ी सी लापरवाही हो जाए तो आपकी आंखों और त्वचा को काफी नुकसान हो सकता है।

होली के समय में हमारी आंखों को सबसे अधिक नुकसान पहुंच सकता है, क्योंकि होली में इस्तेमाल किए जाने वाले रंग आंखों में जलन, संक्रमण पैदा कर सकते हैं या फिर आंखों को चोटिल कर सकते हैं। होली के बाद अस्पतालों में सामान्य तौर पर त्वचा व आंखों के मरीजों की आवाजाही बढ़ जाती है। इसलिए सावधानी जरूर बरतनी चाहिए।

### आंखों में जलन की समस्या

कुछ रंगों के आंखों के साथ संपर्क में आने से आंखों में जलन होने लगती है और आंखें लाल हो जाती हैं। अगर यह समस्या दो चार दिनों में ठीक न हो तो डॉक्टर से सलाह लेना जरूरी हो जाता है। आंखों में किसी प्रकार की समस्या होने पर यह देखना चाहिए कि आपकी दृष्टि की स्पष्टता में तो कोई कमी नहीं आई है? यदि हां तो तुरंत डॉक्टर से मिलें।

### ये सावधानियां हैं जरूरी

- अपनी आंखों को बचाकर रखें। कोई आप के पास रंग लगाने आए तो अपनी आंखों को बंद करके पहले बचाने का प्रयास करें।
- आंखों में चश्मा पहनें, जिससे खतरनाक रंगों के रसायन से आपकी आंखें बच सकें।
- बालों पर कोई बड़ी-सी टोपी या हैट लगाएं, जिससे आपके बालों का केमिकल डाई के दुष्प्रभाव से बचाव हो सके।
- नहाते समय और रंगों को निकालते समय आंखों को अच्छी तरह से बंद कर लें ताकि पानी के साथ बहता हुआ रंग आप की आंखों में प्रवेश न कर सके।
- घर पर खुद ही रंग बनाएं और उन्हीं का इस्तेमाल करें। बाहर के खरीदे हुए हानिकारक रंगों को इस्तेमाल न ही करें तो ही अच्छा है।
- बच्चों को गुब्बारों से खेलने के लिए उत्साहित न करें, क्योंकि गुब्बारे कभी भी किसी की आंखों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।
- अपने रंग लगे हाथों को आंखों के पास न ले जाएं। हाथ धोने के बाद ही आंखों को छुएं। आंखों को मसलने या रगड़ने की गलती भी न करें।
- ऐसे लोगों से बचने का प्रयास करें, जो हाथों से आपके चेहरे पर रंग लगाने आएं। यदि कोई रंग लगाने आए तो आप आंखों और होंठों को बंद कर लें ताकि रंग आपके मुंह या आंखों में न जा पाए।
- होली खेलने से पहले चेहरे पर कोल्ड क्रीम की एक मोटी परत लगाएं ताकि रंग लगने के बाद जब आप अपना चेहरा धोएं तो रंग आसानी से निकल जाए।
- यदि आंखों में कोई रंग चला जाए तो तुरंत पानी के छीटे मारें। यदि लक्षण कुछ भीषण प्रतीत हो रहा हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं।
- होली के बाद आपको आंखों में हल्की असहजता महसूस हो रही हो तो रुई के फाहे पर गुलाब जल छिड़क कर आंखों पर थोड़ी देर के लिए रखें। इससे आपकी थकी हुई आंखों को आराम मिलेगा।
- यदि आंखों में रंग चला जाए और आंखों में जलन, सूजन या दर्द हो तो साफ पानी से आंखें धोएं। थोड़ी देर देखें, अगर तब भी लक्षण ऐसे ही रहें तो डॉक्टर के पास जाएं।
- यदि आंख में गुब्बारे या रंग में मिले हुए किसी कण से चोट लग गई हो, रेटिना को नुकसान पहुंचा हो, रक्तस्त्रव हो, तो आंखों को पानी से धोने की गलती न करें। ऐसे में आंखें बंद करें और तुरंत अस्पताल जाएं।

### आंखों को चोट न लगे

गुलाल में ऐसे छोटे-छोटे कण मौजूद होते हैं, जो यदि आंखों में चले जाएं तो कॉर्निया को नुकसान पहुंचा सकते हैं। कॉर्नियल एब्रेशन ऐसी ही एक एमरजेंसी होती है, जहां आंखों से निरंतर पानी गिरता रहता है और दर्द भी बना रहता है। यदि ध्यान न दिया जाए तो आंखों में संक्रमण या अल्सर हो सकता है। होली पर गुब्बारों के इस्तेमाल से आंखों में अंदरूनी रक्तस्त्रव हो सकता है या किसी प्रकार की भी चोट लग सकती है।

होली रंगों का त्योहार है, हँसी-खुशी का त्योहार है, लेकिन होली के भी अनेक रूप देखने को मिलते है। प्राकृतिक रंगों के स्थान पर रासायनिक रंगों का प्रचलन, भांग-ठंडाई की जगह नशेबाजी और लोक संगीत की जगह फ़िल्मी गानों का प्रचलन इसके कुछ आधुनिक रूप हैं। लेकिन इससे होली पर गाए-बजाए जाने वाले ढोल, मंजीरों, फाग, धमार, चैती और ठुमरी की शान में कमी नहीं



आती। अनेक लोग ऐसे हैं जो पारंपरिक संगीत की समझ रखते हैं और पर्यावरण के प्रति सचेत हैं। इस प्रकार के लोग और संस्थाएँ चंदन, गुलाबजल, टेसू के फूलों से बना हुआ रंग तथा प्राकृतिक रंगों से होली खेलने की परंपरा को बनाए हुए हैं, साथ ही इसके विकास में महत्वपूर्ण योगदान भी दे रहे हैं। रासायनिक रंगों के कुप्रभावों की जानकारी होने के बाद बहुत से लोग स्वयं ही प्राकृतिक रंगों की ओर लौट रहे हैं। होली की लोकप्रियता का विकसित होता हुआ अंतर्राष्ट्रीय रूप भी आकार लेने लगा है। बाज़ार में इसकी उपयोगिता का अंदाज़ इस साल होली के अवसर पर एक अंतर्राष्ट्रीय प्रतिष्ठान केन्ज़ोआमूर द्वारा जारी किए गए नए इत्र होली है से लगाया जा सकता है।

## भगवान नृसिंह द्वारा हिरण्यकशिपु का वध

माना जाता है कि प्राचीन काल में हिरण्यकशिपु नाम का एक अत्यंत बलशाली असुर था। अपने बल के दर्प में वह स्वयं को ही ईश्वर मानने लगा था। उसने अपने राज्य में ईश्वर का नाम लेने पर ही पाबंदी लगा दी थी। हिरण्यकशिपु का पुत्र प्रह्लाद ईश्वर भक्त था। प्रह्लाद की ईश्वर भक्ति से क्रुद्ध होकर हिरण्यकशिपु ने उसे अनेक कठोर दंड दिए, परंतु उसने ईश्वर की भक्ति का मार्ग न छोड़ा। हिरण्यकशिपु की बहन होलिका को वरदान प्राप्त था कि वह आग में भस्म नहीं हो सकती। हिरण्यकशिपु ने आदेश दिया कि होलिका प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठे। आग में बैठने पर होलिका तो जल गई, पर प्रह्लाद बच गया। ईश्वर भक्त प्रह्लाद की याद में इस दिन होली जलाई जाती है। प्रतीक रूप से यह भी माना जता है कि प्रह्लाद का अर्थ आनन्द होता है।



वैर और उत्पीड़न की प्रतीक होलिका (जलाने की लकड़ी) जलती है और प्रेम तथा उल्लास का प्रतीक प्रह्लाद (आनंद) अक्षुण्ण रहता है। प्रह्लाद की कथा के अतिरिक्त यह पर्व राक्षसी ढुंढी, राधा कृष्ण के रास और कामदेव के पुनर्जन्म से भी जुड़ा हुआ है। कुछ लोगों का मानना है कि होली में रंग लगाकर, नाच-गाकर लोग शिव के गणों का वेश धारण करते हैं तथा शिव की बारात का दृश्य बनाते हैं। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि भगवान श्रीकृष्ण ने इस दिन पूतना नामक राक्षसी का वध किया था। इसी खुशी में गोपियों और ग्वालों ने रासलीला की और रंग खेला था।

# टी20 वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका का विजय रथ जारी, जिम्बाब्वे को 5 विकेट से हराकर सुपर 8 में अजेय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रविवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए सुपर एट के अपने आखिरी मैच में जिम्बाब्वे को पांच विकेट से हराकर दक्षिण अफ्रीका ने सुपर एट में अपनी अजेय बढ़त कायम की। 154 रनों के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए, प्रोटियाज टीम को पावरप्ले के अंदर ही शुरुआती तीन विकेट गंवाने के बाद मुश्किलों का सामना करना पड़ा। क्विंटन डी कॉक पहले ही ओवर में सिकंदर रजा के हाथों आउट हो गए। जिम्बाब्वे के कप्तान ने अगले ही ओवर में एडन मार्कराम को सिर्फ चार रन पर आउट करके फिर से झटका दिया। रायन रिकेल्टन ने कुछ बड़े शॉट खेले लेकिन छठे ओवर में आउट हो गए। उन्होंने 22 गेंदों में 31 रन बनाए।

डेविड मिलर क्रीज पर देवाल्ड ब्रेविस के साथ शामिल हुए और दोनों ने चौथे विकेट के लिए 50 रन जोड़े, लेकिन ब्लेसिंग मुजरबानी ने 10वें ओवर में उनकी साझेदारी तोड़ दी। मिलर ने 16 गेंदों में दो छक्के और दो चौकों की मदद से 22 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। ब्रेविस ने चार छक्के और दो चौके लगाकर मात्र 18 गेंदों में 42 रन बनाए, लेकिन रजा के हाथों आउट हो गए। ट्रिस्टन स्टब्स (24 गेंदों में 21 रन नाबाद) और जॉर्ज लिंडे (21 गेंदों में 30 रन नाबाद) ने दक्षिण अफ्रीका को 13 गेंद शेष रहते हुए आसानी से जीत दिला दी।

जिम्बाब्वे लीग चरण में अपराजित रही, लेकिन सुपर एट में लगातार तीन हार के साथ उसका अभियान समाप्त हो गया। इससे पहले, जिम्बाब्वे ने पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुना और प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने के लिए संघर्ष किया। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों, जिनमें क्वेना माफाका और एनरिच नॉर्त्जे शामिल थे, द्वारा शुरुआती विकेट लेकर जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया गया। कप्तान सिकंदर रजा ने 73 रनों की शानदार पारी खेलकर एकमात्र प्रतिरोध दिखाया।

जिम्बाब्वे ने पहली पारी के दूसरे ओवर में अपने सलामी बल्लेबाज तादिवानाशे मारुमानी का विकेट खो दिया। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज क्वेना माफाका ने जिम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाज को मात्र सात रन पर क्लीन बोल्ड कर दिया। पांचवें ओवर की तीसरी गेंद पर, दाएं हाथ के तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्त्जे ने ब्रायन बेनेट को 13 गेंदों में 15 रन पर आउट कर दिया, जिसमें दो चौके शामिल थे। पावर प्ले समाप्त होने के बाद, जिम्बाब्वे का स्कोर 45/2 था। नौवें ओवर में, जॉर्ज लिंडे ने डियोन मायर्स को 16 गेंदों में 11 रन पर आउट कर दिया, जिसमें एक चौका शामिल था। 10वें ओवर की समाप्ति के बाद जिम्बाब्वे ने 80/3 का स्कोर बनाकर अच्छी स्थिति हासिल कर ली।



## 'हालात हर घंटे डरावने होते जा रहे हैं', दुबई में फंसी पीवी सिंधु ने डरा देने वाली स्थिति का खुलासा किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली - दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के लिए बर्मिंघम जाते हुए दुबई हवाई अड्डे पर फंस गई हैं। सिंधू ने डरा देने वाली स्थिति का खुलासा किया है। सिंदू ने बताय कि कुछ घंटे पहले हवाई अड्डे पर जहां हम रुके हुए थे उसके पास एक धमाका हुआ था। हालांकि सिंधू और उनके इंडोनेशियाई कोच इरवांस्याह आदि प्रतामा सुरक्षित हैं। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण उड़ाने रद्द होने के बाद सिंधू और इरवांस्याह दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंस गए हैं। टूर्नामेंट मंगलवार से शुरू होना है।

ईरान के मिसाइल हमलों के बाद खाड़ी देशों के कुछ हिस्सों में धमाकों की खबरें आई हैं जिसमें संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबु धाबी और दुबई भी शामिल हैं। इसके बाद दुबई हवाई अड्डे पर सभी उड़ानों को निलंबित कर दिया गया है। सिंधू ने शनिवार रात सोशल मीडिया पर तनावपूर्ण पलों के बारे में विस्तार से बताया।

सिंधू ने 'एक्स' पर लिखा, 'मुश्किल बढ़ती जा रही है और हालात हर घंटे डरावने होते जा रहे हैं। कुछ घंटे पहले हवाई अड्डे पर जहां हम रुके हुए थे उसके पास एक धमाका हुआ।' सिंधू ने लिखा, 'मेरे कोच को जल्दी से उस जगह से भागना पड़ा क्योंकि वह धुएं और मलबे के सबसे करीब थे। यह हम सभी के लिए बहुत तनावपूर्ण और डरावना पल था।' भारत के अधिकतर खिलाड़ी पहले ही बर्मिंघम पहुंच चुके हैं। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी, पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन, युवा आयुष शेट्टी, गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी बर्मिंघम पहुंच चुके हैं। मालविका बंसोड़ भी पहुंच गई हैं लेकिन उन्नति हुड्डा अब भी भारत में हैं क्योंकि नई दिल्ली से बर्मिंघम के लिए उनकी सीधी उड़ान आखिरी समय में रद्द हो गई थी।

## हीली ने विदायी मैच में लगाया शतक, भारतीय टीम ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया



**होबार्ट (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान एलिसा हीली ने अपने करियर के अंतिम मैच में शतकीय पारी खेलकर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के इस मैच में हीली ने 79 गेंदों पर शतक लगाया। वहीं वहीं 98 गेंदों पर 158 रन का बनाकर वह पेवेलियन लौटी।अपनी पारी में हिली ने 27 चौके और दो छक्के लगाये। हीली के विदायी मैच में शतक को देखकर उनके पति मिचेल स्टार्क भी बेहद खुश नजर आये। हीली के शतक पूरा करते ही स्टार्क उत्साहित नजर आये।

भारतीय टीम ने इस तीसरे मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। भारतीय टीम जब मैदान पर उतरी तो उन्होंने दो लाइन में खड़े होकर हीली को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। भारतीय टीम के इस रवैये की प्रशंसा हो रही है।

हीली ने जनवरी में ही सभी प्रारुपों से संन्यास की घोषणा कर दी थी। एकदिवसीय के बाद हीली 6 मार्च को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले दिन-रात के एकमात्र टेस्ट के दौरान अंतिम बार मैदान पर उतरेंगी। गौरतल है कि हीली ने फरवरी 2010 में 19 साल की उम्र में ऑस्ट्रेलिया के लिए डेब्यू किया था और एकदिवसीय ढ्ढ में 3500 से ज्यादा रन बनाए हैं। टी20आई में उनके नाम 25.45 की औसत से 3054 रन दर्ज है, इस दौरान उनका सबसे अधिक स्कोर 148 नाबाद है, जो सदस्य टीमों में सबसे ज्यादा निजी स्कोर है। उन्होंने साल 2010, 2012, 2014, 2018, 2020 और 2023 में महिला टीम 20 विश्व कप और 2013 और 2022 में एकदिवसीय विश्वकप जीता था। हीली 2018 और 2019 में क्रिकेटर ऑफ़ द ईयर भी थीं।

# आईसीसी ने जनवरी के प्लेयर ऑफ द मंथ का किया ऐलान, डैरिल मिचेल और शोभना मोस्तारी को मिला सम्मान

**दुबई (एजेंसी)।** आईसीसी ने जनवरी महीने के लिए पुरुष और महिला वर्ग में प्लेयर ऑफ द मंथ का ऐलान कर दिया है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के लिए पुरुष वर्ग में न्यूजीलैंड के स्टार ऑलराउंडर डैरिल मिचेल का चयन किया गया, जबकि महिला वर्ग में बांग्लादेश की उभरती बल्लेबाज शोभना मोस्तारी को यह पुरस्कार मिला। दोनों खिलाड़ियों को महीने भर के शानदार और प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए आईसीसी ने सम्मानित किया।

डैरिल मिचेल ने भारत दौरे पर न्यूजीलैंड को वनडे सीरीज जिताने में अहम भूमिका निभाई। तीन मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे होने के बाद मिचेल ने लगातार दो शतकों की बदौलत मैच का रुख बदल दिया। दूसरे वनडे में उनके 131 (नाबाद) रन और तीसरे वनडे में 137 रन की पारी ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। उनकी बल्लेबाजी की बदौलत न्यूजीलैंड ने निर्णायक मुकाबले में 337/8 का बड़ा स्कोर खड़ा किया और सीरीज 2-1 से अपने नाम की। मिचेल ने पूरी सीरीज में कुल 352 रन बनाए और प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे। उनके शानदार फॉर्म का असर रैंकिंग पर भी दिखा और उन्होंने आईसीसी वनडे बल्लेबाजी सूची में फिर से नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया। टी20 सीरीज में भी मिचेल ने 5 मैचों में 186.56 की स्ट्राइक





रेट से 125 रन बनाए। इस पुरस्कार की दौड़ में उन्होंने भारत के सूर्यकुमार यादव और इंग्लैंड के जो रूट को पीछे छोड़ दिया। महिला वर्ग में शोभना मोस्तारी ने आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप ग्लोबल क्वालीफायर में धमाकेदार प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले छह मैचों में 229 रन बनाए, जिसमें 45.80 का औसत और 145.85 की स्ट्राइक रेट शामिल रही। उनकी निरंतरता और आक्रामक अंदाज पूरे टूर्नामेंट में बांग्लादेश के लिए बड़ी ताकत साबित हुए। उनके बेहतरीन प्रदर्शन ने उन्हें आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस और तारा नॉरिस जैसे खिलाड़ियों से आगे कर दिया। मोस्तारी की बल्लेबाजी की बदौलत बांग्लादेश टीम टूर्नामेंट में अजेय रही और सीधे वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई कर गई। आईसीसी के इस ऐलान ने दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धियों को वैश्विक स्तर पर मान्यता दी है। डैरिल मिचेल और शोभना मोस्तारी का यह सम्मान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट जगत में उनके बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।

## एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप के लिए भारत की 20 सदस्यीय टीम घोषित, लवलीना और निकहत संभालेंगी कमान

नई दिल्ली। भारत की दो शीर्ष महिला मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन और निकहत जरीन मंगोलिया में 28 मार्च से 11 अप्रैल तक होने वाली एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में देश की 20 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगी। भारतीय मुक्केबाजी संघ (बीएफआई) ने एक महीने की विस्तृत मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद टीम का चयन किया है। जनवरी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद संभावित खिलाड़ियों को पटियाला स्थित राष्ट्रीय शिविर में बुलाया गया था, जहां चयन नीति के तहत उनके प्रदर्शन का आकलन किया गया। इस चैंपियनशिप के परिणामों के आधार पर राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के लिए प्राथमिकता तय की जाएगी, इसलिए इस टूर्नामेंट का महत्व काफी बढ़ गया है। महिलाओं में मुख्य ज़िम्मेदारी लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) निभाएंगी, जिन्होंने हाल ही में स्पेन में बॉक्सम एलीट चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। उनके साथ स्वर्ण विजेता प्रीति (54 किग्रा), अरुंधति चौधरी (70 किग्रा), और प्रिया (60 किग्रा) को टीम में जगह मिली है। मौजूदा विश्व चैंपियन मीनाक्षी (48 किग्रा) और जैस्मीन (57 किग्रा) भी टीम का हिस्सा होंगी। महिला टीम में अन्य महत्वपूर्ण मुक्केबाजों में शामिल हैं अंकुशिता बोरो (65 किग्रा), पूजा रानी (80 किग्रा) और हेवीवेट वर्ग में अल्फिया तरन्नुम अकरम खान पठान (80 किग्रा से अधिक)। पुरुष टीम की अगुवाई करेंगे सचिन (60 किग्रा), जिन्होंने विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल और बॉक्सम चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता था।

## श्रीलंकाई कप्तान शनाका ने विश्वकप से बाहर होने पर प्रशंसकों से माफी मांगी

कोलंबो। श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के कप्तान दासुना शनाका ने टी20 विश्वकप से बाहर होने पर प्रशंसकों से माफी मांगी है। साथ ही कहा कि भाग्य के साथ नहीं देने के कारण वह अपनी धरती पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में असफल रहे। शनाका ने कहा कि वे पाकिस्तान के खिलाफ जीत सकते थे पर अंतिम क्षणों में विफल रहे। वह टीम के प्रदर्शन से भी निराश हैं, क्योंकि सात मैच इस टूर्नामेंट में श्रीलंका की टीम ने अपनी धरती पर खेले, जिनमें से वह केवल तीन ही जीत पायी। तीन मैच इसमें सुपर 8 के भी शामिल थे, जिसके कारण ही टीम सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पायी। शनाका ने मैच के बाद कहा, बिल्कुल यह बहुत करीबी मैच था। मैं इसे फिनिश कर सकता था पर ऐसा नहीं हो पाया। पाक गेंदबाज शाहीन अफरीदी ने अच्छी गेंदबाजी की। श्रीलंका की टीम के अभ्यान को लेकर कहा, यह हमारे लिए कठिन रहा है। हां, हमें कुछ चोटें आईं। हमने दर्शकों को निराश किया। मैं सभी प्रशंसकों से माफी मांगना चाहता हूं, क्योंकि, आप जानते हैं हम कई खिलाड़ियों के फिट नहीं होने से हारे। भविष्य में, अगर कोई चोट नहीं लगी, तो मुझे लगता है कि यह टीम बहुत अच्छा करेगी। हमें वानिंदू हसरंगा और पथिराना की कहा, उनकी कमी खली। विश्व कप के समय, आप जानते हैं, हमें अपने खिलाड़ियों की यहां जरूरत होती है और यह हमारी ताकत है। हमें उनकी शीघ्र वापसी की उम्मीद है। श्रीलंकाई क्रिकेट के लिए ये अच्छा है। वहीं आलोचकों के भड़कने पर शनाका ने कहा, कभी-कभी खिलाड़ी होने के नाते, हम भी दबाव महसूस करते हैं। ऐसे में यह मेरी गलती थी। मैं सभी प्रशंसकों को निराश करने के लिए माफी चाहता था। मैं वादा करूंगा कि मैं ऐसा दोबारा न करूं। उन्होंने पवन रथनायके के प्रदर्शन की भी प्रशंसा जिन्होंने सभी का ध्यान खींचा। कप्तान ने कहा, वह लगातार अच्छा कर रहा है और क्रीज का बहुत अच्छा इस्तेमाल कर रहा है। श्रीलंकाई क्रिकेट के लिए ये सकारात्मक संकेत है। इसके अलावा वेलालगे ने भी अच्छा खेला है। उम्मीद है, उनका भविष्य उज्ज्वल होगा।

# टैलोन ग्रीक्सपूर के हटने से दानिल मेदवेदेव ने दुबई खिताब जीता

**दुबई (एजेंसी)।** दानिल मेदवेदेव ने शनिवार को दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में खिताब जीता, जब टैलोन ग्रीक्सपूर बाएं हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण फाइनल से पहले हट गए। ग्रीक्सपूर को शुक्रवार को आंद्रेई रुब्लेव पर अपनी सेमीफाइनल जीत के दौरान चोट लगी थी।


डचमैन ने एक सर्व के बाद अजीब तरह से लैंड किया और, हालांकि उन्होंने सीधे सेटों में जीत हासिल की, वह चैंपियनशिप मैच के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाए, जिसके परिणामस्वरूप वॉकओवर हो गया। ट्रॉफी सेरेमनी के दौरान ग्रीक्सपूर ने कहा, 'मैं बेहतर हो गया हूं, यह पक्का है। बदकिस्मती से सेमीफाइनल के दौरान मुझे चोट लग गई। मैं आज सुबह हॉस्पिटल गया और कुछ स्कैन हुए, जिसमें कुछ सीरियस दिखा। इसकी वजह से मैं आज रात कोर्ट पर नहीं आ पाया और आने वाले हफ्तों में भी कोर्ट पर नहीं आ पाऊंगा।' यह टाइटल मेदवेदेव का 23वां टूर-लेवल क्राउन है और जनवरी में ब्रिस्बेन में जीतने के बाद 2026 सीजन का दूसरा क्राउन है। यह पहली बार भी है जब 30 साल के इस खिलाड़ी ने एक ही इवेंट दो बार जीता है, इससे पहले उन्होंने 2023 में दुबई में जीत हासिल की थी। एटीपी लाइव रैंकिंग में नंबर 11 पर मेदवेदेव नंबर 10 अलेक्जेंडर बुब्लिक से सिर्फ 45 पॉइंट पीछे हैं, जबकि वह पिछले साल जून के बाद पहली बार टॉप 10 में वापसी करने की कोशिश कर रहे हैं। पहली बार एक ही इवेंट दो बार जीतने के बारे में पूछे जाने पर मेदवेदेव ने कहा, 'यही इसकी क्रेजी बात है। मैंने दुनिया के किसी भी शहर में ऐसा कभी नहीं किया, और पहली बार जब मैंने ऐसा किया, तो यह वॉकओवर के जरिए हुआ... हम हफ्ते की शुरुआत से पहले ही जानते थे, जिस तरह से मैं प्रैक्टिस कर रहा था, मैं एक भी बॉल मिस नहीं कर सकता था। हम जानते थे कि यह एक शानदार हफ्ता होने वाला है। यह एक शानदार हफ्ता था और मैं आने वाले अगले टूर्नामेंट्स का इंतज़ार कर रहा हूं।' हार्ड कोर्ट पर अपनी 21वीं टूर-लेवल ट्रॉफी के साथ मेदवेदेव ने एक्टिव खिलाड़ियों में नोवाक जोकोविच (72) के बाद, इस सरफेस पर दूसरे सबसे ज़्यादा जीत के मामले में वर्ल्ड नंबर 2 जैनिक सिनर की बराबरी कर ली। ग्रीक्सपूर दुबई में अपने करियर का चौथा और सबसे बड़ा एटीपी टूर टाइटल जीतने की कोशिश कर रहे थे, जहां उन्होंने इस हफ्ते टॉप 20 प्लेयर्स बुब्लिक, जैकब मेंसिक और रुब्लेव पर जीत दर्ज की। डचमैन की मेदवेदेव के साथ एकमात्र पिछली भिड़ंत पिछले साल दुबई में हुई थी, जब उन्होंने सेमीफाइनल तक पहुंचने के रास्ते में यादगार चार मैच पॉइंट बचाए थे। मेदवेदेव अगली बार इंडियन वेल्स में एटीपी मास्टर्स 1000 में हिस्सा लेंगे, जहां वह दो बार के फाइनलिस्ट हैं।



# सलमान अली आगा की कप्तानी पर संकट गहराया

**- माइक हेसन रहे तो शादाब खान बनेंगे नए कप्तान: शाहिद अफरीदी**

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप में पाकिस्तान का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। सलमान अली आगा की कप्तानी में टीम बड़ी टीमों के खिलाफ जीत दर्ज नहीं कर सकी, और कप्तान का व्यक्तिगत प्रदर्शन भी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। लगातार आलोचनाओं के बीच पाकिस्तान की टीम प्रबंधन और कप्तानी को लेकर बड़े बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। इस बीच पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने दावा किया है कि अगर कोच माइक हेसन अपना पद बनाए रखते हैं तो शादाब खान पाकिस्तान टीम के अगले कप्तान होंगे। अफरीदी के इस बयान ने पाकिस्तान क्रिकेट में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है। उन्होंने एक टीवी चैनल से बातचीत में कहा कि शादाब खान और हेसन का जुड़ाव काफी पुराना है, जो पाकिस्तान सुपर लीग की टीम इस्लामाबाद यूनाइटेड के समय से रहा है। अफरीदी के अनुसार शादाब एक बुरे विकल्प नहीं हैं, लेकिन उनकी गेंदबाजी में प्रदर्शन में सुधार जरूरी है ताकि वह टीम को और मजबूती से नेतृत्व दे सकें। टी20 विश्व कप में पाकिस्तान की सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें धागे से लटकी हुई थीं, लेकिन इंग्लैंड की न्यूजीलैंड पर जीत ने पाकिस्तान की थोड़ी उम्मीद जगाई है। फिर भी पाकिस्तान के लिए रास्ता आसान नहीं है। टीम को अपने अंतिम सुपर-8 मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ 64 रनों के बड़े अंतर से जीत हासिल करनी होगी, या फिर लक्ष्य का पीछा करते हुए मैच 13.1 ओवर के भीतर समाप्त करना होगा। फिलहाल न्यूजीलैंड का रन रेट (+1.390) पाकिस्तान (-0.461) से काफी बेहतर है, इसलिए पाकिस्तान को बड़े अंतर वाली जीत ही सेमीफाइनल में पहुंचा सकती है। सलमान अली आगा की कप्तानी पिछले कुछ मैचों से विवादों में है। पाकिस्तान के खेल विश्लेषक और पूर्व खिलाड़ी लगातार उनके फैसलों और मैदान पर कमजोर रणनीतियों पर सवाल उठा रहे हैं। क्रिकेट फैंस भी सोशल मीडिया पर कप्तान और टीम दोनों पर नाराजगी जता रहे हैं। अगर टीम श्रीलंका के खिलाफ भी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाती तो सलमान अली अगा की कप्तानी लगभग समाप्त मानी जा रही है। पाकिस्तान के लिए अब सबकुछ उनके अंतिम मुकाबले पर निर्भर करता है। यदि बड़ी जीत मिलती है तो सेमीफाइनल का टिकट संभव है, लेकिन अगर ऐसा नहीं हुआ तो टीम और कप्तान दोनों को विश्व कप के बाद बड़े बदलावों का सामना करना पड़ सकता है।



## आकिब नबी बने टीम इंडिया की नई उम्मीद, रणजी सीजन में रचा बड़ा इतिहास

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट को जल्द ही एक धाकड़ तेज गेंदबाज मिलने जा रहा है। 29 वर्षीय पेसर आकिब नबी रेड बॉल क्रिकेट में लगातार कमाल करते हुए इंटरनेशनल क्रिकेट की दहलीज पर दस्तक दे रहे हैं। मौजूदा रणजी ट्रॉफी सीजन में उनकी घातक गेंदबाजी ने उन्हें सुर्खियों में ला दिया है। जम्मू-कश्मीर के इस तेज गेंदबाज ने पूरे सीजन बल्लेबाजों को जमकर परेशान किया और फाइनल मुकाबले में भी अपना दम साबित किया। कर्नाटक के खिलाफ केएससीए हुबली क्रिकेट ग्राउंड में खेले जा रहे खिताबी मुकाबले की पहली पारी में नबी ने शानदार 5 विकेट चटकाए। उनकी दमदार गेंदबाजी की बदौलत कर्नाटक की पारी 293 रन पर सिमट गई और जम्मू-कश्मीर ने 291 रन की बड़ी बढ़त हासिल कर इतिहास रचने की ओर कदम बढ़ा दिए।

# हॉकी इंडिया ने महिला विश्व कप क्वालीफायर के लिए टीम घोषित की, सविता निजी कारणों से हटीं

**हैदराबाद (एजेंसी)।** अनुभवी गोलकीपर और पूर्व कप्तान सविता पूनिया ने निजी कारणों से महिला विश्व कप क्वालीफायर से नाम वापस ले लिया है जबकि हॉकी इंडिया ने रविवार को मिडफील्डर सलीमा टेटे की कप्तानी में 20 सदस्यीय टीम घोषित की। एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर आठ से 14 मार्च तक हैदराबाद में होना है।

मेजबान भारत, इंग्लैंड, स्कॉटलैंड, कोरिया, इटली, उरुग्वे, वेल्स और ऑस्ट्रिया अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के तीन क्वालीफिकेशन स्थानों के लिए चुनौती पेश कर रहे हैं। टीम को दो पूल में बांटा गया है जिसमें इंग्लैंड, कोरिया, इटली और ऑस्ट्रिया पूल ए में हैं जबकि मेजबान भारत, स्कॉटलैंड, उरुग्वे और वेल्स को पूल बी में रखा गया है।

सूत्रों के मुताबिक सविता ने पारिवारिक कारणों से ब्रेक लिया है। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'सविता टूर्नामेंट से पहले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा नहीं थीं क्योंकि उन्होंने पारिवारिक वजहों से नाम वापस ले लिया था। इसलिए उनके नाम पर विचार करने का कोई कारण नहीं था।'

अनुभवी सलीमा टीम की अगुआई करती रहेंगी। बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी साझा करेंगी। सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता और इशिका चौधरी रक्षा पंक्ति में शामिल हैं जबकि कैप्टन सलीमा, नेहा, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल और दीपिका सोरेंग मिडफील्ड की जिम्मेदारी संभालेंगी।

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू को जगह मिली है। मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने कहा, 'हम एक साथ अपने पहले टूर्नामेंट को लेकर उत्सुक हैं। हम फिटनेस और रणनीति पर काम कर रहे हैं जिससे कि टीम में हर कोई अपने काम और भूमिका को समझ सके। हम आगे के मुकाबलों के लिए पूरी तरह से तैयार होने के लिए हैदराबाद में दो अभ्यास मैच खेलेंगे।' भारत अपने अभियान की शुरुआत आठ मार्च को उरुग्वे के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद नौ मार्च और 11 मार्च को क्रमशः स्कॉटलैंड और वेल्स के खिलाफ खेलेगी।

**टीम**

गोलकीपर : बंसरी सोलंकी, बीचू देवी खारीबम

डिफेंडर : सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, मनीषा चौहान, उदिता, इशिका चौधरी

मिडफील्डर : नेहा, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, साक्षी राणा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, रुतजा ददासो पिसल, दीपिका सोरेंग

फारवर्ड : नवनीत कौर, इशिका, लालरेमसियामी, ब्यूटी डुंगडुंग, बलजीत कौर और अन्नू



## जयसूर्या का इस्तीफा, बोर्ड ने नये कोच की तलाश शुरु की

कोलंबो। श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के मुख्य कोच . सनथ जयसूर्या ने पाकिस्तान के खिलाफ मिली हार के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। श्रीलंकाई टीम लीग स्तर में अपने अच्छे प्रदर्शन के बाद भी सुपर-8 के सभी मैच हार गयी है। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (एसएलसी) ने अब नये कोच की तलाश भी शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि जयसूर्या जुलाई 2024 में टीम के अंतरिम मुख्य कोच बने थे। इसके बाद अक्टूबर में उन्हें पूर्णकालिक कोच बनाद दिया गया था। उनका करार इसी साल जून 2026 तक था पर टीम के लचर प्रदर्शन को देखते हुए उन्होंने तत्काल पद छोड़ना ही सही समझा है। सुपर-8 में इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान से लगातार मिली हार के बाद श्रीलंकाई टीम बाहर हुई है। इससे टीम साल 2014 के बाद से ही पांचवीं बार टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में नहीं पहुंच पाई है। पाक के खिलाफ अंतिम मैच में दासुन शनाका के 31 गेंदों में नाबाद 76 रन की आक्रामक पारी से टीम जीत के करीब पहुंच गयी थी। वह 213 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए के पांच रन ही पीछे रह गयी। जयसूर्या के कोच रहते श्रीलंका ने सभी प्रारुपो को मिलाकर कुल 76 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलते हुए 34 जीते और कुल जीत प्रतिशत करीब 45 रहा। बोर्ड के एक अधिकारी के अनुसार उसने कोच पद के लिए कई उम्मीदवारों से बात की है।

## मोदी जी हैं तो हम सुरक्षित हैं, दुबई जाने वालों पर बीजेपी सांसद का विवादित तंज



नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत के बाद भी इजरायल और ईरान के बीच जंग थमती नहीं दिख रही है। सऊदी अरब से लेकर यूएई और कुवैत से लेकर बहरीन तक ईरान अमेरिकी सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहा है। ऐसे में बीजेपी के सांसद निशिकांत दुबे ने भारतीय पासपोर्ट छोड़कर मिडिल ईस्ट में बसने वाले भारतीयों पर तंज कसा है और मोदी सरकार की तारीफ की। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक निशिकांत दुबे ने कहा है कि अपना भारतीय पासपोर्ट छोड़कर दुबई जाने वाले लोगों के लिए सबक, मोदी जी हैं तो हम सुरक्षित हैं। लम्बे लम्बे सोशल मीडिया पर पोस्ट करना आसान है। दुबे का यह कमेंट ऐसे समय आया है, जब ईरान लगातार दुबई को भी अपनी मिसाइलों के जरिए निशाना बना रहा है। बता दें पिछले कुछ सालों में ऐसे कई मामले सामने आए जब भारतीय नागरिकों ने भारत की नागरिकता छोड़कर अमेरिका, ब्रिटेन या दुबई की नागरिकता हासिल कर ली है। बता दें दुबई अपना अंतरराष्ट्रीय लेवल और ऊंचा करने के लिए दुनियाभर से अमीर और फेमस लोगों को दुबई आकर बस जाने के लिए आमंत्रित करता है। ऐसे लोगों को दुबई अपने यहां की नागरिकता भी देता है। आकर्षक ऑफर्स को देखते अलग-अलग देशों से बड़ी तादाद में लोग अपनी नागरिकता छोड़कर दुबई की नागरिकता ले लेते हैं।

## अखिलेश यादव ने आई-पैक के साथ डील की फाइनल

**-बंगाल चुनाव के बाद यूपी में ग्राउंड पर उतरेगी टीम**

नई दिल्ली (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में एक साल बाकी है। समाजवादी पार्टी ने चुनावी तैयारियों की शुरुआत कर दी है। लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी में बढ़त के बाद सपा उत्साहित है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए अपने कैंपेन को संभालने के लिए पॉलिटिकल कंसल्टेंसी फर्म आई-पैक को हायर किया है। दोनों कैंप के सूत्रों ने कन्फर्म किया कि यह डील इस महीने की शुरुआत में दिल्ली में फाइनल हुई थी। आई-पैक को जन सुराज लीडर प्रशांत किशोर ने को-फाउंड किया था। आई-पैक पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में आने वाले चुनावों के बाद सपा के लिए काम शुरू करेगी।

**बंगाल के बाद शुरू होगा काम**

आई-पैक के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि हमारा ज्यादातर वर्कफोर्स अभी पश्चिम बंगाल में असेंबली इलेक्शन के लिए इकट्ठा है। हालांकि शुरुआती मीटिंग्स हो चुकी हैं, लेकिन ज्यादातर काम उत्तर प्रदेश में बंगाल इलेक्शन के बाद ही शुरू होगा। हमारे एक डायरेक्टर विनेश चंदेल वहां टीम को हेड करेंगे।

## आईईडी ब्लास्ट में असिस्टेंट कमांडेंट घायल

चाईबासा (एजेंसी)। पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान आईईडी विस्फोट में कोबरा बटालियन के सहायक कमांडेंट अजय मल्लिक घायल हो गए। घटना सारंडा के मरांगपोंगा इलाके में हुई, जहां सुरक्षा बलों की टीम जंगलों में सघन तलाशी अभियान चला रही थी। अभियान के दौरान पहले से बिछाए गए विस्फोटक में अचानक धमाका हो गया। विस्फोट इतना तेज था कि आसपास मौजूद जवान भी सतर्क हो गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, नक्सलियों ने सुरक्षाबलों की मूवमेंट को देखते हुए पहले से ही आईईडी प्लांट कर रखा था। धमाके में सहायक कमांडेंट मल्लिक को चोटें आईं, हालांकि उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। विस्फोट के तुरंत बाद मौके पर मौजूद जवानों ने घायल अधिकारी को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। जंगल के बीच चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से चलाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें रांची ले जाने की तैयारी की गई।

## टांडा के जंगल में हाथी से टकराई बाइक, दो भाईयों की मौत

हल्द्वानी (एजेंसी)। टांडा जंगल में हाथी से दोपहिया वाहन टकरा गया। इससे दोपहिया वाहन सवार सड़क पर गिर गए, जिसमें एक मौत हो गई। जबकि दूसरे को अस्पताल ले जाया जा रहा था लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से शाहजहांपुर कटरा और वर्तमान में बनभूलपुरा के गफूर बस्ती निवासी शकील (26) और जाफर (28) शनिवार की शाम हल्द्वानी से रुद्रपुर की ओर जा रहे थे। इस दौरान टांडा रोड स्थित हाथी कारिडोर में उनके वाहन के सामने अचानक हाथी आ गया, जिससे उनका वाहन अनियंत्रित हो गया और वाहन चल रहे शकील के सिर में चोट लग गई। साथ ही पीछे बैठे जाफर भी सड़क हादसे में घायल हो गया। सड़क हादसे के बाद रास्ते से गुजर रहे लोगों ने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को अस्पताल भेजा। जहां शकील को मृत घोषित कर दिया, जबकि जाफर को हायर सेंटर भेजा, जिसपर बरेली ले जाते वक्त रास्ते में जाफर ने भी दम तोड़ दिया। लोगों ने बताया की दोनों रिश्ते के भाई थे। जो हल्द्वानी में रहकर आर्टिफिशियल ज्वेलरी व कपड़ों की फेरी करते थे घटना के बाद परिवार में मातम छा गया।

## जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके, डोडा ज़िले में 4.2 तीव्रता से कांपी धरती

जम्मू (एजेंसी)। रविवार तड़के सुबह जम्मू-कश्मीर का डोडा ज़िला भूकंप के झटकों से दहल गया। रिक्टर स्केल पर 4.2 मैग्नीट्यूड की तीव्रता वाले इस भूकंप ने पहाड़ी इलाके के निवासियों में दहशत पैदा कर दी, हालांकि राहत की बात यह रही कि अब तक किसी जान-माल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। जैसे ही सुबह हुई, परेशान लोकल लोग हालात का अंदाज़ा लगाने के लिए अपने घरों से बाहर निकले, उन्हें हिमालय की ठंडी हवा के बीच अपने पहाड़ी गांवों को सही-सलामत पाकर राहत मिली।


# पश्चिम बंगाल में एसआईआर में कटे 61 लाख नाम, 8 फीसदी की गिरावट

**पहले मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ थी, जो अब घटकर 7.04 करोड़ रह गई**

**कोलकाता, (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल में पिछले चार महीनों से जारी एसआईआर की प्रक्रिया शनिवार को खत्म हो गई। चुनाव आयोग द्वारा जारी अंतिम मतदाता सूची में राज्य के चुनावी परिदृश्य की एक चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है। इस बार मतदाता सूची में 8 फीसदी यानी करीब 61 लाख की शुद्ध गिरावट दर्ज की गई है, जबकि अन्य 60 लाख मतदाताओं के नाम जांच के घेरे में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक बंगाल की नई मतदाता सूची में 7.04 करोड़ मतदाताओं के नाम हैं। अक्टूबर में जब प्रक्रिया शुरू हुई थी, तब मतदाताओं की संख्या 7.66 करोड़ थी, जो अब घटकर 7.04 करोड़ रह गई है।

चुनाव आयोग के मुताबिक सबसे ज्यादा पुरुष मतदाताओं की संख्या 3,60,22,642 है। इसके बाद महिला मतदाताओं की संख्या 3,44,35,260 है। वहीं बंगाल में थर्ड जेंडर वोटर की संख्या 1,382 है। अब तक 63,66,952 नाम हटाए गए हैं। ये या तो मृत हो गए हैं या फिर कहीं दूसरी जगह पर शिफ्ट हो चुके हैं।

इस संशोधन की सबसे बड़ी और विवादास्पद बात यह है कि 60,06,675 मतदाताओं के नाम अंतिम सूची में तो हैं, लेकिन उनके आगे विचाराधीन का मार्क लगा है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त 501 न्यायिक अधिकारी इन नामों की समीक्षा कर रहे हैं। सीईओ अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि जब तक इन अधिकारियों द्वारा नामों को हरी झंडी नहीं दी जाती और सप्लीमेंट्री सूची जारी नहीं होती, ये 60 लाख लोग आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान नहीं कर पाएंगे। अग्रवाल ने स्वीकार किया कि इस विशाल प्रक्रिया में कुछ त्रुटियां हुई हैं, लेकिन उन्होंने उन्हें नगण्य बताया।



पश्चिम बंगाल का यह चुनाव संशोधन कई मायनों में ऐतिहासिक और विवादित रहा है। माइक्रो-ऑब्जर्वर्स की तैनाती को लेकर विवाद हुआ। पहली बार चुनाव आयोग ने राज्य सरकार के अधिकारियों के काम की निगरानी के लिए हजारों केंद्रीय कर्मचारियों को माइक्रो-ऑब्जर्वर के रूप में तैनात किया। सीएम ममता बनर्जी द्वारा इस प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई, जिसके बाद अदालत ने न्यायिक अधिकारियों को पात्रता तय करने का जिम्मा सौंपा। चुनावों की आहट के बीच राज्य में सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई है। सीईओ ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की 240 कंपनियां पहले ही तैनात की जा चुकी हैं और 240 अन्य कंपनियां 10 मार्च से पहले बंगाल पहुंच जाएंगी। चुनाव की घोषणा होने तक कानून-व्यवस्था राज्य प्रशासन के अधीन रहेगी, जिसके बाद यह पूरी तरह चुनाव आयोग के नियंत्रण में आ जाएगी।

## एलओसी पार से पुंछ में घुसा पाकिस्तानी ड्रोन, भारतीय सेना ने फायरिंग कर खदेड़ दिया

जम्मू (एजेंसी)। एक बार फिर पाकिस्तान की ओर से नापाक हरकत की गई, जबकि जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास पाकिस्तानी ड्रोन भेजा गया। रविवार तड़के डिगवार इलाके में तैनात भारतीय सेना के जवानों ने उक्त संदिग्ध ड्रोन को देखते ही तुरंत जवाबी फायरिंग की। जानकारी अनुसार पाकिस्तानी ड्रोन रविवार सुबह करीब 6 बजकर 10 मिनट पर भारतीय क्षेत्र में दाखिल होता हुआ दिखाई दिया, जिसके बाद सेना ने दर्जनभर से अधिक राउंड फायर करके वापस लौटने पर मजबूर कर दिया। इस संबंध में सैन्य अधिकारियों ने मीडिया को बताया, कि भारतीय सीमा पर घुसा ड्रोन सेना की गोलीबारी से बच निकला। आसमान में मंडराने के बाद ड्रोन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) की ओर वापस चला गया। यह दूसरी बार हुआ जबकि तीन दिनों के भीतर सीमा पार से ड्रोन गतिविधि देखी गई है, जिसके चलते भारतीय सेना को कड़े कदम उठाने पड़े हैं। यहां बताते चलें कि 27 फरवरी को भी इसी क्षेत्र में पाकिस्तानी ड्रोन की घुसपैठ हुई थी, जिस पर सेना ने कार्रवाई की थी। ऐसे में मौजूदा घटनाक्रम सुरक्षा की दृष्टि से बेहद संवेदनशील माना जा रहा है क्योंकि ड्रोन का इस्तेमाल अक्सर हथियार या नशीले पदार्थ गिराने या फिर जासूसी करने के लिए किया जाता है। ड्रोन वाली घटना के बाद भारतीय सुरक्षा बलों ने संपूर्ण इलाके में सर्च अभियान शुरू कर दिया है। सर्च ऑपरेशन से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि उक्त ड्रोन ने कोई हथियार या प्रतिबंधित सामग्री तो भारतीय सीमा पर नहीं छोड़ी है। इसी के साथ ही पूरे पुंछ सेक्टर में चौकसी बढ़ा दी गई है और सीमा पर भी निगरानी कड़ी कर दी गई है। इस घटना को गंभीर इसलिए भी माना जा रहा है, क्योंकि एक तरफतो पाकिस्तान अफगानिस्तान पर हमले कर रहा और जंग के हालात पैदा किए हुए हैं, वहीं दूसरी ओर भारत में ड्रोन भेजकर एक नया मोर्चा खोलने का इरादा जता रहा है।

## यूएस-इजराइल हमले में मिडिल ईस्ट में फंसे भारतीय को बचाए सरकार

**-कांग्रेस ने की सरकार से इस युद्ध को खत्म करने में मदद की अपील**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान पर किए गए हमलों की कड़ी निंदा की है। कांग्रेस ने भारत सरकार से इस युद्ध को तुरंत खत्म करने और पश्चिम एशिया में सभी भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद की अपील की है। बता दें इस भयानक युद्ध के बीच कई भारतीय मिडिल ईस्ट में फंसे हुए हैं। हालांकि भारत सरकार की ओर से भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि हफ्तों तक राष्ट्रपति ट्रंप ईरान के साथ डिप्लोमेसी और बातचीत का दिखावा करते रहे हैं। इजराइली पीएम नेतन्याहू और अमेरिका में कट्टरपंथियों के उकसाने पर उन्होंने शासन बदलने के मकसद से एक सैन्य हमला शुरू किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस हमले की निंदा करती है और सरकार से इस वॉर को खत्म करने में मदद करने की अपील करती है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मिडिल ईस्ट संकट पर कहा कि अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ती दुश्मनी चिंताजनक है। पूरे मिडिल ईस्ट में हर भारतीय नागरिक की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस बीच कांग्रेस ने पीएम मोदी के इजराइल दौरे को शर्मनाक और गलत समय पर बताया और कहा कि इससे मिलिट्री बढ़ोतरी को राजनीतिक समर्थन मिलने का एहसास होता है। रमेश ने कहा कि मोदी के इजराइल दौरे का जश्न मनाने के दो दिन बाद, इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर मिलकर हमला शुरू कर दिया।

# बिहार की हार से सीख लेकर कांग्रेस और डीएमके में बनी सहमति, सीट बंटवारे का फॉर्मूला तैयार

**चैन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु की सियासत में विधानसभा चुनाव की आहट के साथ ही गठबंधन की तस्वीर अब साफ होने लगी है। राज्य में सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) और कांग्रेस के बीच लंबे समय से चला आ रहा सीटों का गतिरोध खत्म होता दिख रहा है। राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि कांग्रेस ने बिहार विधानसभा चुनाव के कड़वे अनुभवों से बड़ी सीख ली है। बिहार में महागठबंधन के बीच अंतिम समय तक सीट बंटवारा न हो पाने और कई सीटों पर फ्रेंडली फाइट के कारण मिली करारी हार को देखते हुए, इस बार तमिलनाडु में कांग्रेस ने व्यावहारिक रुख अपनाया है।

डीएमके प्रमुख और मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गठबंधन को एकजुट रखने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में डीएमके ने दो मुस्लिम दलों के साथ समझौता पक्का कर लिया है। पार्टी मुख्यालय में हुई घोषणा के अनुसार, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) और मनिधनेया मक्कल कत्ची (एमएमके) को दो-दो विधानसभा



सीटें आवंटित की गई हैं। आईयूएमएल अपने पारंपरिक 'सीढ़ी' चुनाव चिह्न पर चुनाव लड़ेगी, जबकि एमएमके के उम्मीदवार डीएमके के 'राइजिंग सन' सिंबल पर मैदान में उतरेंगे। यह कदम अल्पसंख्यक मतदाताओं को एक स्पष्ट संदेश देने की कोशिश माना जा रहा है। कांग्रेस के साथ भी बातचीत अब सकारात्मक मोड़ पर पहुंच गई है। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस शुरुआत में 35 सीटों की मांग कर रही थी, लेकिन अब 27 या 28 सीटों और राज्यसभा की एक अतिरिक्त सीट पर समझौता होने की प्रबल संभावना है। तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वपेरुन्थगई ने संकेत दिए हैं कि डीएमके के साथ बातचीत सौहार्द्रपूर्ण रही है और कांग्रेस का गठबंधन अटूट है। पार्टी ने उन अटकलों को भी खारिज कर दिया है जिनमें कहा जा रहा था कि कांग्रेस किसी अन्य दल (जैसे टीवीके) के संपर्क में है।

दूसरी तरफ, विपक्षी खेमे यानी एनडीए में फिलहाल अनिश्चितता का माहौल है। ओ. पन्नीरसेल्वम के डीएमके के पाले में जाने की चर्चाओं के बीच एनडीए में अभी तक सीट शेयरिंग को लेकर कोई ठोस फैसला नहीं हो पाया है, जिससे वे फिलहाल दोराहे पर खड़े नजर आ रहे हैं। डीएमके की योजना है कि 9 मार्च को तिरुचिरापल्ली में होने वाले पार्टी के राज्य स्तरीय सम्मेलन से पहले सभी सहयोगियों के साथ सीटों का बंटवारा अंतिम रूप ले ले। माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री स्टालिन सोमवार 2 मार्च 2026 को राज्यसभा सीटों और उम्मीदवारों की औपचारिक घोषणा कर सकते हैं। फिलहाल कांग्रेस के तमिलनाडु प्रभारी गिरीश चोडणकर दिल्ली रवाना हो चुके हैं, जहां हाईकमान की मुहर लगते ही इस समझौते का औपचारिक ऐलान कर दिया जाएगा। विदुथलाई चिरुथैगल कत्ची (वीसीके) जैसे अन्य छोटे दलों के साथ भी सोमवार को चर्चा होनी है। एमके स्टालिन की रणनीति साफ है-सहयोगी दलों को उनकी जमीनी ताकत के हिसाब से सीटें देकर गठबंधन को नियंत्रित रखना और चुनाव प्रचार में किसी भी प्रकार की देरी या असमंजस से बचना। अब देखना यह होगा कि बिहार की गलतियों से सबक लेकर बनाया गया यह मजबूत गठबंधन आगामी चुनाव में कितनी सफलता हासिल करता है।

# सोनी सब के कलाकारों ने होली की उमंग को यादों और खुशियों के साथ मनाया

**मुंबई (एजेंसी)।** होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं है, बल्कि यह आनंद, एकता और अपने प्रियजनों के साथ बिताए गए पलों का उत्सव है। रंगों की मस्ती, ठहाकों से गूँजता वातावरण, बचपन की यादें, परिवार के साथ मिलन, संगीत की धुनें और पकवानों से सजी थालियाँ- यह वह दिन है जब भिन्नताएँ मिट जाती हैं और अपनापन केंद्र में आ जाता है। इस वर्ष सोनी सब के कलाकार करुणा पांडे, दीक्षा जोशी, ऋषि सक्सेना और श्रेनु पारिख साझा कर रहे हैं कि उनके लिए होली का क्या अर्थ है दिल से जुड़ी यादों से लेकर उन चंचल परंपराओं तक, जो हर साल इस त्यौहार को खास बनाती हैं। करुणा पांडे, पुष्पा इम्पॉसिबल में करुणा पांडे का किरदार निभा रही हैं, बताती हैं मेरी सबसे मजेदार होली की याद स्कूल के दिनों की है, जब मेरे पिता शिलॉन्ग में पोस्टेड थे। माँ ने हमें केवल एक-दो घंटे खेलने को कहा था, लेकिन हम सुबह से शाम तक रंगों में डूबे रहे। जब माता-पिता हमें ढूँढने आए, तो पहचान ही नहीं पाए कि उनका बच्चा कौन है। हम काले और हरे रंग में पूरी तरह ढके हुए छोटे-छोटे भूत जैसे



लग रहे थे। आज भी वह याद मुझे मुस्कुराने पर मजबूर कर देती है। वही बेफिक्र खुशी मेरे लिए होली का असली मतलब है। ऋषि सक्सेना, इत्ती सी खुशी में संजय का किरदार निभा रहे हैं, साझा करते हैं, बचपन में होली वह दिन था, जब हमें खुलकर शरारत करने की आजादी मिलती थी और डाँट नहीं पड़ती थी। मुझे याद है कि हम पहले से तय करते थे कि किस दोस्त को निशाना बनाना है और फिर भागने का नाटक करते थे, लेकिन लौटते समय रंगों से भरी बाल्टी लेकर आते थे। दिन के अंत तक कोई पहचान में नहीं आता था और असली संघर्ष घर पर शुरू होता था, जब रंग कई दिनों तक नहीं उतरते थे। मुझे लगता है कि मैंने रंग लगाने से ज्यादा समय उन्हें छुड़ाने में बिताया है। उतनी ही गहरी याद है घर लौटकर ताजा गुजियों की खुशबू। उत्तर भारत में होली गुजियों के बिना अधूरी लगती है। आज भी जब होली याद आती है, तो वही बेफिक्र मस्ती आँखों के सामने आ जाती है। यह एक ऐसा त्यौहार है, जिसमें आप पूरी तरह बच्चे बन सकते हैं। दीक्षा जोशी, जो कि पुष्पा इम्पॉसिबल में दीप्ति का किरदार निभा रही हैं, बताती हैं पिछले कुछ वर्षों से मैं मुंबई में होली मना रही हूँ। हम अक्सर माध आइलैंड व रहेजा टाउनशिप जाते हैं, जहाँ करीबी दोस्त इकट्ठा होते हैं। वहाँ रंग, संगीत और हँसी का माहौल होता है। लेकिन, मुझे घर की बनी गुजिया और पुए की बहुत याद आती है, खासकर पहाड़ी परिवारों द्वारा होली और दिवाली पर बनाए गए पकवानों की। उन स्वादों में कुछ ऐसा है, जो तुरंत घर की याद दिला देता है। मुझे रंगों से खेलना अच्छा लगता है, लेकिन मैं हर्बल रंगों को प्राथमिकता देती हूँ और त्यौहार को आनंद और गरिमा के साथ मनाना पसंद करती हूँ।

## साइबर सेल की बड़ी कार्रवाई: 11 राज्यों में छापेमारी कर 27 जालसाज गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम जिला साइबर सेल ने डिजिटल ठगी करने वाले गिरोहों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी देशव्यापी कार्रवाई को अंजाम दिया है। पुलिस ने एक सप्ताह तक चले विशेष अभियान के तहत देश के 11 राज्यों में एक साथ छापेमारी की, जिसमें कुल 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई के माध्यम से पुलिस ने करीब 10 बड़े मामलों का खुलासा किया है, जिनमें मासूम लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की गई थी।





जांच में सामने आया है कि इन मामलों में सीधे तौर पर 1.50 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई है। हालांकि, जब पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के बैंक खातों और वित्तीय दस्तावेजों की गहराई से पड़ताल की, तो उसमें करीब 13.91 करोड़ रुपये के संदिग्ध लेन-देन का पता चला। पुलिस को अंदेशा है कि यह राशि देश के अलग-अलग हिस्सों में की गई अन्य साइबर ठगी से जुड़ी हो सकती है। जिला पुलिस उपायुक्त दरादे शरद भास्कर ने इस सफलता की जानकारी साझा करते हुए बताया कि साइबर सेल की टीम लंबे समय से ठगी की शिकायतों पर तकनीकी जांच कर रही थी। डेटा विश्लेषण और डिजिटल फुटप्रिंट्स के आधार पर आरोपियों की लोकेशन ट्रैक की गई। इसके बाद दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में एक साथ दबिश देकर इन जालसाजों को दबोचा गया।

पकड़े गए आरोपियों का जाल काफी फैला हुआ था। ये लोग मुख्य रूप से निवेश के नाम पर झांसा देने, मोबाइल में खतरनाक एपीके फाइल इंस्टॉल करवाकर डेटा चोरी करने, व्हाट्सएप और इंस्टाग्राम के जरिए फर्जी स्कीम चलाने और क्रेडिट कार्ड अपडेट करने के नाम पर ठगी करते थे। पुलिस ने इन अपराधियों के पास से अपराध में इस्तेमाल होने वाली भारी सामग्री भी बरामद की है। बरामद सामान में 25 मोबाइल फोन, 28 सिम कार्ड, 20 बैंकिंग कार्ड (डेबिट/क्रेडिट), एक पीओएस मशीन, एक बाइक और भारी मात्रा में बैंक दस्तावेज व चेकबुक किट शामिल हैं। फिलहाल पुलिस सभी आरोपियों से पूछताछ कर रही है ताकि इस सिंडिकेट से जुड़े अन्य नामों और ठगी गई रकम की बरामदगी की जा सके।

# गोकुल में छड़ीमार होली: गोपियों ने पुलिस ही नहीं विदेशी सैलानियों पर भी बरसाईं छड़ियां

**-दुल्हन की तरह सजी महिलाएं, श्रीकृष्ण-बलराम के बाल रूप पर खेला रंग**

**मथुरा (एजेंसी)।** ब्रज के गोकुल में रविवार को छड़ीमार होली की धूम रही, जिसमें महिलाएं दुल्हन की तरह सज-संवरकर भगवान श्रीकृष्ण और बलराम के बाल स्वरूप पर रंग और छड़ियों की वर्षा करती दिखाई दीं। इस बार गोपियों ने न केवल स्थानीय लोगों बल्कि बड़ी संख्या में आए विदेशी सैलानियों और पुलिसकर्मियों को भी दनादन छड़ियों की झड़ी से नवाज़ा।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बलदेव विधानसभा के बीजेपी विधायक पूरन प्रकाश ने इस मौके पर राधा-कृष्ण बने कलाकारों के साथ मंच पर डांस कर कार्यक्रम में भाग लिया। इससे पहले दोपहर 12:30 बजे नंदभवन से भगवान श्रीकृष्ण का डोला निकला, जिसमें कन्हैया और बलराम के बाल रूप सवार थे। लोग डोले के आगे-पीछे रंग-गुलाल उड़ाते हुए मस्ती में चलते दिखाई दिए। रास्ते में यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया, फूल, रंग और अबीर से डोले को सजाया गया। चौराहों पर बड़े स्टेज तैयार किए गए, जिन पर महिलाएं सज-धजकर डांस करती रहीं। गलियों में होली के गीत और 'जय राधे, जय कृष्णा' के भजन गूंजते रहे।

**छड़ीमार होली की परंपरा**

गोकुल में छड़ीमार होली का प्रचलन सदियों पुराना है। ऐसा माना जाता है कि भगवान श्रीकृष्ण और बलराम ने यहीं बाल लीलाएं की थीं। इस खेल में उपयोग की जाने वाली छड़ियों पर गोटेदार कपड़ा लपेटा जाता है, जिससे चोट नहीं लगती। बरसाना और नंदगांव की लट्ठमार होली की तरह गोकुल की इस परंपरा में भी महिलाएं प्रमुख भूमिका निभाती हैं। इस बार की होली में नंदगांव और बरसाना के आयोजनों की याद भी ताजा हो गई थी, जहां राधारानी की सखियों और श्रीकृष्ण के सखाओं के बीच रंगीन छड़ीमार का खेल हुआ।

गोकुल में छड़ीमार होली देखने आए लोगों ने इसे अत्यंत रोचक और जीवंत उत्सव बताया। स्थानीय प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाली, लेकिन उत्सव की अद्भुत झलक ने इसे और भी यादगार बना दिया।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह. 9334331934, 7903538992, 9570107019, RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902